■ वर्ष-22 ■ अंक-240
■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00

भोपाल

■ बुधवार ■ 2 अप्रैल 2025

चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्थी-पंचमी
विक्रम संवत्-2082

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

दैनिक
समय जगत

भोपाल, दिल्ली, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in

माँ कुष्मांडा

सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधानाहस्तपद्माभ्यां कुष्माण्डा शुभदास्तु में॥
श्री दुर्गाका चतुर्थ रूप श्री कुष्मांडा हैं। अपने उदर से अंड अर्थात् ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कुष्मांडा देवी के नाम से पुकारा जाता है। नवरात्रि के चतुर्थ दिन इनकी पूजा और आराधना की जाती है। श्री कूष्मांडा कीउपासना से भक्तों के समस्त रोग-शोक नष्ट हो जाते हैं। इनकी आराधनासे मनुष्य त्रिविध ताप से मुक्त होता है। माँ कुष्माण्डा सदैव अपने भक्तों पर कृपा दृष्टि रखती है। इनकी पूजा आराधना से हृदय को शांति एवं लक्ष्मी की प्राप्ति होती हैं।

माँ स्कंदमाता

सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥
श्री दुर्गा का पंचम रूप श्री स्कंदमाता हैं। श्री स्कंद (कुमार कार्तिकेय) की माता होने के कारण इन्हें स्कंदमाता कहा जाता है। नवरात्रि के पंचम दिन इनकी पूजा और आराधना की जाती है। इनकी आराधना से विशुद्ध चक्र के जाग्रत होने वाली सिद्धियां स्वत: प्राप्त हो जाती हैं। इनकी आराधनासे मनुष्य सुख-शांति की प्राप्ति करता है। सिह के आसन पर विराजमान तथा कमल के पुष्प से सुशोभित दो हाथो वाली यशस्विनी देवी स्कन्दमाता शुभदायिनी है।

अब महर्षि सांदीपनि के नाम से जाने जायेंगे प्रदेश के सीएम राइज स्कूल

'स्कूल चलें हम' अभियान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने की घोषणा

समय जगत, भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को 'स्कूल चलें हम' अभियान 2025 के तहत भोपाल के अरेरा कॉलोनी स्थित शासकीय नवीन उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय (ओल्ड कैंपियन) में राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आगाज किया। इस दौरान उन्होंने नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया। वहीं अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कई बड़े ऐलान किए। उन्होंने सीएम राइस स्कूलों के नाम को बदलकर अब सांदीपनी स्कूल के नाम करने की घोषणा की। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि मेरी शिक्षा दीक्षा सरकारी स्कूल से हुई है। सरकारी स्कूल में पढ़ने के बाद भी प्रतिभा में कोई फर्क नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा शिक्षा की महत्वता श्री कृष्ण ने समझाई, कंस को मारने के बाद शिक्षा ग्रहण की। स्कूल के उदाहरण जीवन में काम आते हैं,सुदामा की स्कूल की मित्रता कृष्ण ने निभाई। सीएम मोहन ने कहा कि अब्दुल कलाम, डॉ राजेंद्र प्रसाद, लाल बहादुर शास्त्री, नरेंद्र मोदी जैसे हजारों उदाहरण है, जिन्होंने सरकारी स्कूलों से पढ़ाई की।

धार्मिक शहरों से शराबबंदी का निर्णय

हमारे देश में भी ऐसे कई लोग हैं जो सरकारी स्कूलों में पढ़े और देश का नाम रोशन किया। इसलिए सरकारी स्कूल को कम नहीं समझना चाहिए। दुनिया आपका इंतजार कर रही है। आप देश प्रदेश का नाम बढ़ाए। शराबबंदी पर सीएम मोहन ने कहा कि हमने यह निर्णय लिया है कि धार्मिक शहरों से शराबबंदी हो। हमने धार्मिक शहरों की सीमा निर्धारित कर शराबबंदी की है, जो पुरानी शराबबंदी का संशोधित रूप है।

इंदौर में होगा
आईटी समिट का आयोजन

समय जगत, भोपाल। मध्यप्रदेश में डॉ मोहन यादव कैबिनेट की बैठक में सीएम राइज स्कूल का नाम बदलने पर मुहर लगी है। सीएम राइज स्कूल अब सांदीपनि विद्यालय कहलाएंगे। कैबिनेट में सीएम डॉ मोहन की घोषणाओं पर अमल हुआ है। कैबिनेट में लिए महत्वपूर्ण फैसले की जानकारी कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मीडिया को दी। कैबिनेट की बैठक में बताया कि औद्योगिक क्षेत्र की महिलाओं के हॉस्टल निर्माण के लिए 284 करोड़ की राशि केंद्र सरकार के सहयोग से मिली है। इंदौर में आईटी समिट होगी। आगामी 27 अप्रैल को आईटी समिट 200 से अधिक कंपनियां शिरकत करेगी। 5120 कामकाजी महिलाएं औद्योगिक क्षेत्र में है। ढ्रज सेक्टर की कॉन्क्लेव इंदौर में होगी 27 अप्रैल को देश और दुनिया से 200 से अधिक कंपनी पहुंचेगी। MSME के सभी उद्योगों को सब्सिडी दी है। बड़े उद्योगों की जितनी सब्सिडी थी सब दे दी है। मध्य प्रदेश की साख औद्योगिक क्षेत्र में काफी बढ़ी है। जल गंगा संवर्धन के तहत वाटर बॉडी को जिंदा करेंगे। प्रदेश के सभी विभाग इस दिशा में काम करेंगे। प्रभारी मंत्रियों को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि- उपार्जन की जगह पर जाकर वहां पर अवलोकन करें। स्कूल चलो अभियान 1 अप्रैल से 4 अप्रैल तक चलेगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए सभी मंत्री प्रभार जिले में जाएं, ज्यादा से ज्यादा बच्चे स्कूलों में प्रवेश ले बस्ती में जाकर जागरूक करें। अप्रैल माह तक सभी स्कूलों में सभी बच्चों के हाथ में किताब पहुंचेगी। 85 लाख विद्यार्थियों को समय सीमा के अंदर किताब दी जाएगी। बैठक में बताया कि दिग्विजय सरकार में राज्य परिवहन सेवा बंद कर दी थी, हमने महत्वकांक्षी परिवहन नीति बनाई है। सरकार अब बस नहीं खरीदेगी। होल्डिंग कंपनी बनाकर पीपीपी मॉडल बसों का संचालन होगा। आईटी का उपयोग कर बसों का संचालन होंगे। टिकिट के बिना अब बस में नहीं बैठ पाएंगे।

पीपीपी मॉडल से होगा बसों का होगा संचालन मोहन कैबिनेट की बैठक में हुए विविध निर्णय

सॉफ्टवेयर के जरिए टिकिट जारी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा नाम प्राइवेट ऑपरेटर से बस चलाएंगे। कार्गो सेवा भी शुरू की जाएगी। सलाहकार कमेटी बनाई जाएगी जो होल्डिंग कंपनी को सलाह देंगे। कहां पर से चलना चाहिए कहां नहीं चलनी चाहिए।

जस्टिस वर्मा ने सभी आरोप नकारे

कहा-कैश का सोर्स बताने का प्रश्न ही नहीं उठता

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर में कैश कांड का रहस्य बरकरार है। आरोपों से घिरे जस्टिस वर्मा ने सभी आरोपों को सिरे से नकार दिया है। हालांकि इस मामले की चल रही जांच के तहत सुप्रीम कोर्ट ने जज से सीधे तौर पर तीन सवालों के जवाब तलब किए। पहला सवाल था कि जस्टिस वर्मा के घर में स्थित कमरे में मौजूद धन/कैश की उपस्थिति का हिसाब वह कैसे देते हैं? दूसरा सवाल था कि उक्त कमरे में पाए गए कैश का सोर्स बताएं? तीसरा अहम सवाल था कि वह व्यक्ति कौन है, जिसने 15 मार्च 2025 की सुबह कमरे से जले हुए नोट निकाले थे? जस्टिस वर्मा ने भी सुप्रीम कोर्ट के इन इन तीनों सवालों के सीधे जवाब दिए। पहले सवाल के जवाब में जस्टिस वर्मा ने लिखित रूप से कहा कि मुझे कभी भी घर के स्टोर रूम में पड़े किसी पैसे या नगदी के बारे में पता नहीं था। न तो मुझे और न ही मेरे परिवार के किसी भी सदस्य को कैश यानी नकदी के बारे में कोई जानकारी थी। न ही इसका मुझसे या मेरे परिवार से कोई संबंध है। मेरे परिवार के सदस्यों या कर्मचारियों को जिस रात को आग लगी उस रात को ऐसी कोई मुद्रा या नकदी दिखाई नहीं गई। दूसरे सवाल का जवाब देते हुए जस्टिस वर्मा ने कहा कि पहले प्रश्न के जवाब से साफ तौर पर जाहिर है कि दूसरे प्रश्न का जवाब यानी कैश का सोर्स को स्पष्ट करने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। तीसरे प्रश्न का जवाब देते हुए जस्टिस वर्मा ने कहा कि मैं इस आरोप को पूरी तरह से नकारता हूं कि हमने स्टोर रूम से नोट निकाले हैं। जैसा कि मैंने ऊपर वाले सवाल में बताया है कि हमें जले हुए नोटों की बोरियां न तो दिखाई गई और न ही सौंपी गई। कमरे के अंदर आग से लगे जिस सीमित मलबे को बचाने की कोशिश की गई वह अभी भी आवास के एक हिस्से में मौजूद है। सवाल के जवाब में आगे लिखते हुए जस्टिस वर्मा ने कहा कि जैसा कि मैंने बताया कि मैं और मेरी पत्नी 15 मार्च 2025 की शाम को ही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 2303 से भोपाल से लौटे थे। इसलिए इसके कथित रूप से हटाए जाने का सवाल हमें ज्ञात नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने जज से सीधे तौर पर तीन सवालों के जवाब किए तलब

बीजापुर में 13 नक्सली हुए गिरफ्तार

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षा बलों को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों से एक लाख के इनामी समेत 13 सक्रिय माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना उसूर क्षेत्र में पुलिस पार्टी पर हुए आईईडी विस्फोट में शामिल सात नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई। इस कार्रवाई में थाना उसूर, कोबरा 201, 205, 206, 210 और सीआरपीएफ 196 बटालियन की संयुक्त टीम शामिल रही।

ट्रंप ने ईरान को दिया 60 दिनों का वक्त

तेहरान। अमेरिका अपने सैन्य संसाधनों को ईरान के करीब ला रहा है, जिसके बाद तेहरान ने वॉशिंगटन को चेतावनी दी है। ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद-बकर कालिबाफ ने अंतर्राष्ट्रीय कुद्स दिवस पर तेहरान यूनिवर्सिटी में भाषण देते हुए अमेरिका को चेतावनी दी। मोहम्मद-बकर क़ालिबाफ ने कहा कि अगर वे इस्लामी ईरान को धमकाते हैं, तो क्षेत्र में अमेरिका के सहयोगी और अमेरिकी ठिकाने बारूद के ढेर की तरह असुरक्षित हो जाएंगे। हाल की रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका ने कम से कम चार बी-2 बमवर्षक विमान भारतीय महासागर में डिएगो गार्सिया भेजे हैं। संसद अध्यक्ष मोहम्मद-बाकर कालिबाफ ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान को लिखे पत्र का भी उल्लेख किया।

म्यांमार में भूकंप से दो हजार से ज्यादा मौतें, स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह बर्बाद

अस्पतालों में संसाधनों की कमी के चलते इलाज में आ रही दिक्कतें

नयपीताव। म्यांमार में 7.7 तीव्रता के भीषण भूकंप के बाद स्वास्थ्य प्रणाली पूरी तरह चरमरा गई है। सोमवार को मृतकों की संख्या बढ़कर 2,056 हो गई, जबकि करीब 3,900 लोग घायल हुए हैं जबकि 270 लोग लापता बताए जा रहे हैं। बता दें कि देश के दो प्रमुख शहरी क्षेत्र मंडाले और नयपीताव भूकंप के घायलों के बढ़ते दबाव से जूझ रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि अस्पताल पहले ही मरीजों से भरे हैं, लेकिन अब हालात और भी खराब हो गए हैं। जगह और संसाधनों की भारी कमी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले चार सालों से जारी सैन्य शासन ने म्यांमार की स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है।

भूकंप के पहले से ही बिगड़ी थी अस्पतालों की व्यवस्था

भूकंप से पहले भी कई अस्पतालों की स्थिति खराब थी, लेकिन अब हालात और बिगड़ गए हैं। मंडाले में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं, क्योंकि यहां के 80 फीसदी से ज्यादा मेडिकल स्टाफ सैन्य शासन के खिलाफ सिविल नाफरमानी आंदोलन में शामिल हो हैं। पिछले एक माह में सात निजी अस्पतालों के लाइसेंस रद्द कर दिए गए, क्योंकि उन्होंने सरकारी अस्पतालों के पूर्व कर्मचारियों को नौकरी पर रखा था। भूकंप से पहले ही मंडाले के कई निजी अस्पताल बंद हो चुके थे, क्योंकि सैन्य सरकार ने उन्हें काम करने से रोक दिया था। अब भूकंप में बचे अस्पताल भी बर्बाद हो गए, जिससे इलाज ठप हो गया है। मंडाले जनरल अस्पताल, जो सेना द्वारा संचालित किया जाता है, वहां का दृश्य भूकंप के बाद बहुत भयावह है। मीडिया रिपोर्ट में एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि अस्पताल में दाखिल होते ही चारों तरफ खून से लथपथ मरीज बिखरे पड़े थे। बेड नहीं होने से मरीज जमीन पर पड़े थे। डॉक्टरों की संख्या कम होने से लोग बस बैठे इंतजार कर रहे थे, असहाय और हताश। म्यांमार के मौसम विज्ञान और जल विज्ञान विभाग के मुताबिक अब तक 36 आफ्टरशॉक्स दर्ज किए गए हैं, जिनकी तीव्रता 2.8 से 7.5 के बीच थी। शुक्रवार को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप के कुछ मिनट बाद 6.4 तीव्रता का आफ्टरशॉक भी आया, जिससे देश में तबाही मच गई।

हादसा | **मरने वालों में अधिकांश एमपी के, आठ हरदा तो छह देवास के मजदूर**

पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग से 20 श्रमिकों की मौत

भोपाल। गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग हादसे में 20 श्रमिकों की मौत हो गई है। हादसे में मृतक श्रमिकों में सभी मध्य प्रदेश के मजदूर बताए जा रहे है। इसमें हरदा जिले के हंडिया के रहने वाले आठ और छह देवास के मजदूरों की पहचान हुई है। मृतकों में बाकी छह लोगों की अभी पहचान होना बाकी है। हरदा जिला प्रशासन ने एडीएम के नेतृत्व में एक टीम गठित की है। इसके लिए प्रशासन और पुलिस की एक टीम को हरदा से बनासकांठा रवाना कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से मध्यप्रदेश निवासी श्रमिकों के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार का गुजरात सरकार से घटना के संबंध में लगातार संपर्क बना हुआ है। श्रमिकों की सहायता और परिवारों की मदद के लिए सभी आवश्यक प्रयास होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से असमय दिवंगत श्रमिकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

भंडारण की थी अनुमति

फैक्ट्री में अचानक आग लगने से सिलसिलेवार विस्फोट होने से फैक्ट्री के कुछ हिस्से ढह जाने से अंदर कुछ श्रमिक फंस गए। इस हादसे में 20 मजदूरो की मौत की जानकारी है। वहीं, जानकारी के अनुसार हादसे वाली जगह सिर्फ भंडारण की अनुमति थी, लेकिन उसकी आड़ में गोदाम की जगह पटाखा फैक्ट्री चलाई जा रही थी।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने जताया दु:ख

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने गुजरात के बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट को दुखद बताते हुए गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस घटना में मध्य प्रदेश के कई मजदूर शामिल थे, जो दो दिन पहले ही रोजगार की तलाश में वहां पहुंचे थे और पटाखे बनाने का काम कर रहे थे। उमंग सिंघार ने सरकार से सवाल करते हुए कहा कि रोज रोजगार का दावा करने वाली सरकार इतनी अक्षम हो चुकी है कि मजदूरों को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ रहा है, जहां उन्हें अपनी जान तक गंवानी पड़ती है। उन्होंने इस घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की और लापरवाही के दोषियों को सजा दिलाने की आवश्यकता जताई। सिंघार ने पीड़ित परिवारों को मध्य प्रदेश सरकार से समुचित मुआवजा देने की मांग की और घायलों के शीघ्र इलाज की अपील की। अंत में उन्होंने ईश्वर से मृतकों की आत्मा को शांति और उनके परिवारों को इस गहरे आघात को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की, साथ ही घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

अमीर भारतीय विदेश में बसने की बना रहे योजना

नई दिल्ली। हर पांच में से एक अमीर भारतीय स्थायी रूप से विदेश में बसने की योजना बना रहा है। इसके लिए वे विदेशी संपत्तियों में निवेश कर रहे हैं और वहां घर खरीद रहे हैं। इस बदलाव के पीछे प्रमुख कारण निवेश के बेहतर अवसर, टैक्स में छूट, वैश्विक कनेक्टिविटी और जीवनशैली की गुणवत्ता मानी जा रही है। कोटक महिंद्रा बैंक के प्राइवेट बैंकिंग डिवीजन ने भारत के 12 प्रमुख शहरों में रहने वाले 150 अमीरों का इंटरव्यू लिया। यह सर्वे 2024-25 के शुरुआती दो तिमाहियों यानी 1 अप्रैल 2024 से 30 सितंबर 2024 के बीच किया गया। खासतौर पर 300 करोड़ रुपये से अधिक नेटवर्थ वाले व्यक्तियों को इस अध्ययन में शामिल किया गया।

रिपोर्ट के अनुसार, अमीर भारतीयों का रुझान अब केवल घरेलू निवेश तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपने निवेश को फैला रहे हैं। कई लोग विदेश में घर खरीदने को प्राथमिकता दे रहे हैं, जबकि कुछ अपने बच्चों की उच्च शिक्षा और बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए वहां संपत्तियां खरीद रहे हैं। सर्वे के आंकड़ों के मुताबिक, एक तिहाई से अधिक अमीर भारतीयों ने पहले ही विदेशों में संपत्तियों में निवेश किया है।

शिक्षकों का स्नेह सम्मेलन संपन्न

मंडला। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा मंडला के तत्वावधान में जिला मुख्यालय स्थित झंकार भवन में शिक्षकों का स्नेह सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें अन्य जिले के शिक्षकों की भी सहभागिता रही । कार्यक्रम का शुभारंभ महेश नामदेव द्वारा प्रस्तुत मधुर गीतों के साथ और अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और भारत माता के पूजन से हुआ। श्रीमती इंद्रा सिंगरौरे द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के पश्चात अपने स्वागत उद्बोधन में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के ऊर्जावान, कर्मठ, जिला अध्यक्ष विवेक शुक्ला ने उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षक , शिक्षिकाओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से शिक्षक समुदाय में एक नया उत्साह उत्पन्न होता है और इसका सीधा लाभ विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों को मिलता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक ,शिक्षा और छात्र हित में उनके प्रयास सदैव जारी रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रान्तीय महामंत्री राकेश गुप्ता ने स्नेह सम्मेलन के उद्देश्यों , महत्व को बताते हुए संगठन की आवश्यकता पर बल दिया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष डॉ क्षत्रवीर सिंह राठौर ने मंडला जिले के द्वारा आयोजित स्नेह सम्मेलन को समस्त शिक्षकों के लिए एक आवश्यक और अनिवार्य मंच बताते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से शिक्षकों को एक दूसरे से मिलने का अवसर मिलता है और वे अपनी उपलब्धियां व समस्याओं को एक उचित मंच के माध्यम से सबके सामने प्रस्तुत कर पाते हैं। स्नेह सम्मेलन में असीम गौतम प्रांत प्रमुख, डी.के. सिंगौर प्रांतीय अध्यक्ष ट्राईबल वेलफेयर टीचर एसोसिएशन,डॉक्टर विजय तिवारी जिला संगठन मंत्री जबलपुर ,आशीष तिवारी जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जबलपुर, दिनेश मिश्रा जिला सचिव जबलपुर, सत्य प्रकाश त्यागी सहसंयोजक नरसिंहपुर, प्रवीण पाराशर नगर सचिव जबलपुर, कालीचरण राय उपाध्यक्ष जबलपुर ,मेघराज नागपुरेजिला संगठन मंत्री बालाघाट, दामेंद्र मन्दरेले तहसील अध्यक्ष खैरलांजी बालाघाट विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहते हुए। अपने विचार रखे। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के द्वारा आयोजित स्नेह सम्मेलन में जिले के विभिन्न विकास खण्डो, तहसीलों से शिक्षक, शिक्षिकाओं की भारी मात्रा में उपस्थिति रही । इस अवसर पर बीजाडांडी से रतन मरकाम, मागनलाल यादव, बिछिया से सुमेर सिंह धुर्वे, निवास से विमल धर द्विवेदी, घुघरी के अंकुर दास सोनवानी, कमलेश द्विवेदी, नारायणगंज के राजीव वर्मा , मंडला से शैल दुबे, राजकुमार सिंगौर,अखिलेश चंद्रौल, मनोज चंदेल, मांगन यादव,नैनपुर से श्री सोनी आदि ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर अपने विचार रखे। भविष्य में भी इसी तरीके के कार्यक्रमों की पुनरावृत्ति के संकल्प के साथ अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करने के उपरांत राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। स्नेह सम्मेलन के सफल संचालन में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा मंडल के विभिन्न पदाधिकारियों, सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा। जिनकी लगनशीलता और अच्छी टीम भावना से इस कार्यक्रम को चार चांद लगे। आभार प्रदर्शन दिनेश दुबे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रियदर्शन पटेल ने किया।

बकौरी के नक्खी माता के दरबार में हर मन्नत होती है पूरी

समय जगत, मंडला। जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर बकौरी गांव में स्थित मां नक्खी माता का दरबार श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है। फूलसागर निवास मार्ग पर स्थित इस मंदिर में दूर-दूर से भक्तों का तांता लगा रहता है। मान्यता है कि यहां जो भी भक्त अपनी मन्नत लेकर आते हैं, नक्खी माता उनकी हर इच्छा पूरी करती हैं। विशेषकर नवरात्रि के दौरान, जब भक्तों की संख्या अधिक होती है, यहां का माहौल भक्तिमय रहता है। मंदिर समिति के सदस्यों के अनुसार, नक्खी माता का इतिहास भी बेहद रोचक और पवित्र है। बताया जाता है कि कई सौ साल पहले जब लुटेरे गांव को लूटने के लिए आए थे, तब एक कन्या ने पहाड़ी से आवाज दी थी और सभी गांव वालों को सतर्क किया था। जिस पर लुटेरे ने कन्या को मारने के लिए दौड़े, लेकिन जब वह कन्या पत्थर में परिवर्तित हो गई, तो लुटेरों ने गुस्से में आकर उसकी नाक और एक हाथ को काट दिया। तभी से इस देवी को नक्खी माता के नाम से जाना जाने लगा। आजकल नक्खी माता का मंदिर पहाड़ी पर स्थित है और यह एक आकर्षण का केंद्र बन चुका है। पहले यह एक छोटा सा मंदिर था, लेकिन अब यह बड़ा हो गया है और यहां दर्शन करने के लिए लोग विभिन्न राज्यों से आते हैं। भक्तों की श्रद्धा का प्रतीक बने इस मंदिर में हर वर्ष नवरात्रि के दौरान भक्तों द्वारा कलश और जवारे बोए जाते हैं। इस वर्ष माता के मंदिर में 643 कलश, 101 टोकनी, 35 खप्पर और 2 छत्र की स्थापना की गयी है। नक्खी माता के दरबार में श्रद्धालु अपनी मन्नत पूरी होने पर जवारे बोते हैं, दीपक जलाते हैं और माता को आभूषण चढ़ाते हैं। यह स्थान भक्तों के विश्वास और आस्था का प्रतीक बन चुका है।

सार-समाचार

पीएम श्री शासकीय कन्या हाई स्कूल बोड़ा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रवेश उत्सव

समय जगत, बोड़ा। पीएम श्री शासकीय कन्या हाई स्कूल, बोड़ा में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस अवसर पर विद्यालय में नवप्रवेशी छात्राओं का पारंपरिक रूप से तिलक कर एवं पुष्पमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को पेन और पाठ्यपुस्तकें भी वितरित की गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष सरजन सिंह राजपूत, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद जायसवाल, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी एवं पत्रकार ओमप्रकाश राठौर, विद्यालय प्राचार्य सुनील कुमार आर्य, वरिष्ठ शिक्षक पीतांबर गुदेनिया, धर्मेंद्र पवार, ओपी परिहार, आर.सी. यादव, कलीम खान, कौशल्या मेवाड़े, रेखा श्रीवास्तव, आनंद कुंवर सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस आयोजन से छात्राओं में उत्साह और शिक्षा के प्रति रुचि देखने को मिली।

स्कूल के हम अभियान पीएम श्री शासकीय कन्या उमावि बाकानेर में मनाया गया प्रवेशोत्सव

समय जगत, मनावर। स्कूल चले अभियान अंतर्गत 1 अप्रैल 2025 को पीएम श्री शासकीय कन्या उमावि बाकानेर में ग्राम पंचायत बाकानेर की सरपंच श्रीमती अनीता दद्दू सिंह चौहान, उपसरपंच श्रीमती दीदी ममता दीदी जायसवाल, संस्था प्राचार्य श्रीमती किरण संजय वास्केल, वरिष्ठ शिक्षक सुरेश पाटीदार,विकासखंड अकादमीक समन्वयक श्री देवेंद्र सिंह सोलंकी, स्पोर्ट्स शिक्षक श्रीरावत,बसंता अलावा, वंदना मुवेल,ज्योति पाटीदार, रामपाल सिसोदिया,प्रकाश बोर्डिया समस्त स्टाफ एवं बच्चों की उपस्थिति में बड़े धूमधाम से मनाया गया । स्कूल चले अभियान कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बच्चों एवं समस्त स्टाफ को दिखाया गया । नि :शुल्क पाठय पुस्तक का वितरण द्वारा किया गया। पश्चात विशेष भोज एवं बाल सभा का आयोजन किया गया । उक्त जानकारी प्रकाश बोर्डिया द्वारा दी गई।

धूमधाम से मनाया उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेशोत्सव

समय जगत, सारंगपुर । शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर में मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग के स्कूल चले अभियान के तहत धूमधाम से प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा जनप्रतिनिधि निर्मल जैन, अध्यक्षता पंकज - ललित पालीवाल अध्यक्ष नगर पालिका सारंगपुर, विशेष अतिथि मंडल अध्यक्ष सारंगपुर महेश पुष्पद, निलेश वर्मा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पालिका सारंगपुर बाबूलाल अहिरवार पार्षद आदि रहे इस अवसर पर उपस्थित 6 से 12 तक के बच्चों के ललाट पर तिलक लगाकर माला पहनकर स्वागत सत्कार किया गया एवं पेन एवं पुस्तक भेंट करके आज के आयोजन को शासन की मंशा अनुरूप मनाया गया मंच पर आसीन अतिथि निर्मल जैन ने कहा कि बच्चों के बेहतर परीक्षा परिणाम पर शिक्षकों की मेहनत की प्रशंसा की और आगे भी शासन के निर्देशों का पालन होता रहे सभी को प्रेरित किया से श्री पंकज - ललित पालीवाल ने कहा कि शासकीय स्कूल अब अशासकीय विद्यालय से कमतर नहीं रहेंगे। यह भी अपनी मेहनत और परिश्रम से सभी दृष्टिकोण से प्रतिस्पर्धा में लगे हुए हैं। सर्वप्रथम स्कूल के प्राचार्य सुरेश विरमाल ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं परीक्षा परिणाम को बेहतर करने के लिए विद्यालय परिवार पुरजोर संकल्पित है। वरिष्ठ शिक्षक रामेश्वर दांगी, दुर्गेश भारती, सुनील सेन, रोशन जहां पूजा विजयवर्गीय, चेतना जाटव, गालिब हुसैन काजी, संगीता सोनी , वैजयंती चौरसिया ,मंजू भिलाला, पिंकी यादव, रेखा चौहान, नेहा वात्र, संतोष मालवीय राहुल मालवीय लखन नगर मोहनलाल लववंशी विक्रम अहिरवार तृप्ति पंचोली आरजू खान मनीष श्रीवास्तव ओम प्रकाश सोलंकी लेखापाल गुलाब गुनावदिया सत्यनारायण साहू देवीसिंह भिलाला कुंजन मालवीय सुधा शर्मा आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता नरसिंह शर्मा ने किया आभार पूजा विजयवर्गीय माना।

6 अप्रैल को धूमधाम से मनेगा श्रीराम जन्मोत्सव



समय जगत, भोपाल। रघुवंशी समाज के वरिष्ठ सदस्य शिवकुमार रघुवंशी एवं मुकेश रघुवंशी ने बताया कि 6 अप्रैल को अयोध्या नगर स्थित श्री राम जानकी सिद्ध हनुमान मंदिर भोपाल में भगवान श्रीराम जी का जन्मोत्सव सादगी, उमंग, उल्लास के साथ मनेगा। श्री राम जानकी सिद्ध हनुमान मंदिर पर प्रातः 9 बजे संगीत मय श्री सुन्दर काण्ड पाठ होगा। दोपहर 12 बजे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी की आरती, उसके बाद प्रसादी वितरण। श्रद्धालुओं से अनुरोध किया गया है कि आप सभी भविष्य की पीढ़ी अर्थात बच्चों को साथ लेकर जरूर आएं ताकि उन्हें भगवान श्रीराम जी के संबंध में जानकारी प्राप्त हो। भगवान श्रीराम जी मर्यादा पुरुषोत्तम हैं तो केवल हमें भारतीय रीति रिवाज अनुसार परिधान पहन कर सच्चे मन वचन कर्म से प्रार्थना आराधना पूजन अर्चन करना है। अभी अयोध्या नगर श्रीराम मन्दिर पर ब्रह्मलीन पूज्य संत काशीदास महाराज की पुण्य तिथि पर भव्य श्री राम कथा का आयोजन दोपहर 3 से 6 बजे तक चल रहा है। श्रद्धालुगण सपरिवार इस श्रीराम कथा में भी सादर आमंत्रित हैं। कथा का विश्राम 6 अप्रैल को होगा एवं 7 अप्रैल को पूर्णाहुति भंडारा एवं प्रसादी का वितरण होगा।

पूर्व विधायक और नपा अध्यक्ष ने जनता की मांग को लिया गंभीरता से

आवागमन सुगम बनाने तीन जगह पर कराया डामरीकरण

समय जगत, गंजबासौदा। नगर पालिका परिषद द्वारा जनता की समस्याओं को किस तरह से गंभीरता के साथ लिया जाता है, इसका जीता जागता उदाहरण गत दिवस देखने को मिला है। कुछ दिन पूर्व विधायक हरि सिंह रघुवंशी एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव से नागरिकों ने लोहा मिल रोड से मां कर्मा देवी चौराहे तक गए सीसी के ऊपर डामरीकरण कराए जाने की बात कही थी। इसके अलावा नगर के वार्ड क्रमांक 12 कक्का वाली गली में भी डामरीकरण का मुद्दा जनता द्वारा उठाया गया था। दोनों ही मांगों को गंभीरता से लेते हुए जन प्रतिनिधि ने तुरंत मौके पर मौजूद इंजीनियर एवं नगर पालिका सीएमओ जयंत वर्मा को जल्द से जल्द डामरीकरण कराए जाने के निर्देश दिए थे। नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने बताया कि दोनों ही जगह पर गुणवत्तापूर्ण डामरीकरण नपा के अधिकारी कर्मचारी की देखरेख में कराया गया। अब दोनों ही जगह पर आवागमन सुगम और सरल बन गया है। इसी तरह रेलवे स्टेशन से बेहलोट की पुलिया सहित इसके दोनों ओर ठेकेदार द्वारा काम छोड़ दिया गया था इसके बाद यह मामला भी सामने आया था और पुलिया के दोनों ओर के अलावा बीच में डामरीकरण करवाकर मजबूती प्रदान कर दी गई।

इनका कहना है-

जो भी समस्याएं सामने आती हैं उनके जल्द से जल्द निराकरण कराया जाता है। डामरीकरण कार्य से वाहन चालकों को आवागमन में काफी सुविधा होगी।

श्रीमती शशि अनिल यादव
अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गंजबासौदा

वन विभाग द्वारा दो टाइगरों का सफल रेस्क्यू

समय जगत, औबेदुल्लागंज । भोजपुर से लगे हुए वनक्षेत्र बीट भोजपुर के कक्ष क्रमांक पी.एफ. 819 में भोजपुर ईमलिया मार्ग पर दो बाघों का लगातार विचरण विगत एक माह से बना हुआ था।

टाइगरों द्वारा 5 मवेशियों का शिकार भी किया जा चुका था। टाइगरों के विचरण के कारण ग्रामीणों में आतंक का माहौल था। है। बाघ दिन प्रतिदिन खेतों में विचरण कर रहे थे। बाघों के विचरण के कारण ग्रामीण फसले नही काट पा रहे थे। खेतों एवं वनक्षेत्र के मध्य से रास्ता निकलता है जो ग्रामीणों का मुख्य मार्ग है। जिससे ग्रामीणों का भोजपुर, मंडीदीप, बंगरसिया आना-जाना लगा रहता है। एवं कुछ ग्रामीण मंडीदीप फैक्ट्रियों में नौकरी करते है। जिनका देर रात आना जाना रहता है। मौके पर उपस्थित वन स्टॉफ से ग्रामवासी लगातार बाघों के रेस्कूय करने की मांग कर रहे थे। ग्रामीण लगातार सी. एम. हेल्पलाईन पोर्टल पर बाघ का रेस्क्यू करने की शिकायत कर रहे थे। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दोनों टाइगर के रेस्क्यू का निर्णय लिया गया जिसके परिपालन में मुख्य वन संरक्षक भोपाल के मार्गदर्शन एवं वनमंडल अधिकारी औबेदुल्लागंज के नेतृत्व में परिक्षेत्र चिकलोद के स्टाफ द्वारा दिनांक 31.03.2025 को टाइगर को पकड़ने हेतु पिंजरे लगाए गए। दिनांक 01.04.2025 को वनविहार भोपाल एवं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू टीम, पशुचिकित्सको एवं स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस के सहयोग से दोनों टाइगरों का सफल रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू के उपरांत दोनों टाइगरों का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित ढंग से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व भेजा गया।

'पोषण भी- पढ़ाई भी' योजना के तहत आंगन वाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

समय जगत, ब्यावरा। महिला बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इसका उद्देश्य बच्चों के पोषण के साथ पढ़ाई पर ध्यान देना है । प्रशिक्षण पोषण भी पढ़ाई भी योजना के तहत दिया गया । कोर्स डायरेक्टर वीरेंद्र वर्मा परियोजना अधिकारी सुठालिया मास्टर ट्रेनर सीता लागडें मास्टर ट्रेनर चंद्रकला सोंधिया द्वारा यह प्रशिक्षण दिया जा गया। इसके तहत अलग अलग कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है। प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को कक्षा में बच्चों के विकास और निगरानी के तरीके सिखाए गए। खिलौने और ड्राइंग के माध्यम से शिक्षा देने की विधियां भी बताई गई, वहीं गर्भवती और धात्री माताओं के पोषण के फायदे एक्टिविटी के जरिए समझाए गए। बच्चों के शारीरिक, मानसिक संज्ञानात्मक, संवेगात्मक और सामाजिक विकास से जुड़े पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। 0 से 3 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक प्रोत्साहन नव चेतन पाठ्यक्रम लागू किया गया तीन से 06 वर्ष के बच्चों के लिए अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन के तहत आधारशिला पाठ्यक्रम अपनाया गया। इन पाठ्यक्रमों से बच्चों के भाषा रचनात्मक शारीरिक और सामाजिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया, केस स्टडीज और नवीनतम शैक्षिक तकनीक की जानकारी दी गई । उन्हें बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नई शिक्षा और पोषण नीतियों से अवगत कराया। अब आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण के साथ पढ़ाई को भी प्राथमिकता दी जाएगी वहीं शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी उक्त प्रशिक्षण में दी गई।

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बोड़ा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रवेशोत्सव

समय जगत, बोड़ा। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, बोड़ा में प्रवेश उत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का पारंपरिक रूप से तिलक कर एवं पुष्पमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को पेन और पाठ्यपुस्तकें भी वितरित की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश राठौर एवं राकेश गुदेनिया ने फीता काटकर किया। इस दौरान विद्यालय में सामूहिक रूप से मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई एवं शिक्षिका द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार गुदेनिया सहित वरिष्ठ शिक्षक श्याम सुंदर विश्वकर्मा, प्रेम सिंह मकवाना, पुरुषोत्तम वैष्णव काका, प्रेम सिंह परमार, मोहित कुमार गुदेनिया, पुरुषोत्तम भंडारी, प्रीतम वैष्णव खेल शिक्षक, योगेंद्र सिंह सिकरवार, भगवान सिंह राठौर, योगेंद्र बड़ोदिया, भूरेलाल पाल, मनीष राठौर, कृष्ण कुमार द्वेदी, सत्येंद्र सिंह सोलंकी, नरेंद्र सिंह हाड़ा, ममता नामदेव, पुष्पांजलि शर्मा, किरण वैष्णव, दीप्ति गुप्ता, अखिलेश राजपूत, सोना गुदेनिया, प्रीति नाथ, देवीलाल धनगर सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति अखिलेश राजपूत ने दी। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ शिक्षक श्याम सुंदर विश्वकर्मा ने किया, जबकि आभार प्रेम सिंह मकवाना ने व्यक्त किया। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों में नए शैक्षणिक सत्र के प्रति उत्साह देखने को मिला।

विद्यालय में मनाया गया प्रवेशोत्सव

समय जगत, तलेन। पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तलेन में 01 अप्रैल को जनप्रतिनिधियों, प्राचार्य एवं शिक्षकों के द्वारा छात्र-छात्राओं को तिलक मिठाई एवं माला पहना पुस्तकों का वितरण कर प्रवेश उत्सव आयोजित कर नवीन सत्र की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह यादव ,उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद यादव, मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष चंदरसिंह यादव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष एवं पार्षद, लक्ष्मी नारायण यादव, नगर भाजपा अध्यक्ष एवं पार्षद कैलाश यादव, पार्षद महेश यादव ,पार्षद पप्पू अहिरवार मानसिंह यादव फौजी सरकार प्राचार्य अशोक कुमार पाटीदार समस्त स्टॉफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम के उपरांत जल संवर्धन एवं जल संरक्षण की शपथ प्राचार्य महोदय अशोक कुमार पाटीदार के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधि स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को दिलवाई गई । अंत में महेश पवार के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव का हुआ आयोजन

गुढ़ (नि.प्र)। पी एम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़ में प्रवेशोत्सव गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक माननीय नागेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया।उक्त अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि गुढ़ एड अनंत कुमार गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी डॉ.प्रतिभा सरभाई,कन्या हाईस्कूल के प्राचार्य राघवेंद्र सोहगौरा रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता डॉ.ओम प्रकाश मिश्रा ने की।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण,दीप प्रज्वलन उपरांत की गई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण स्वागत गीत से किया गया।कार्यक्रम की समस्त जानकारी,पी एम श्री के संबंध में प्रस्तुतीकरण संस्था के प्राचार्य डॉ विनय कुमार मिश्र द्वारा मुख्य अतिथि के समक्ष विस्तृत रूप से राखी गई।कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व प्रभारी

प्राचार्य डॉ राजेश कुमार मिश्रा ने किया।मुख्य अतिथि विधायक नागेंद्र सिंह के द्वारा विभिन्न क्लासों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का पुष्प वर्षा और तिलक लगाकर किया गया साथ ही पाठ्य पुस्तकों का निःशुल्क वितरण किया गया। और उनके नवीन सत्र पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु अग्रिम बधाई दी।विद्यालय परिवार के शिक्षकों को उनके द्वारा प्रशिक्षण में अच्छे प्रदर्शन करने पर प्रमाण पत्रों का वितरण कर सम्मानित किया गया।कन्या हाईस्कूल गुढ़ के कई छात्राओं को प्रवेश भी विधायक जी के हाथों से कराया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अतिथियों के अलावा मंडल मंत्री अनिल सिंह गहरवार, बीआरसी अशोक तिवारी, अवधेश प्रसाद तिवारी, सरपंच रामभजन साकेत,पूर्व सरपंच सुखेन्द्र पटेल, अखिलेश मिश्रा, मीडियो सह प्रभारी एक्टर राज बहोर कुशवाहा, संतोष सिंह,सत्यम शुक्ला, जगन्नाथ दुबे, रोहित पाठक, प्रवीण गुप्ता, महेंद्र तिवारी, श्रीमती किरण द्विवेदी, साधना पाण्डेय रामबहोर रावत,बाबूलाल सोंधिया,बृजेश नामदेव,नीरज पाण्डेय, प्रदीप कुमार दुबे,विनोद तिवारी,जगतनारायण, इस्तहाक खान,शिवकुमार रावत,रविशंकर शुक्ला,मुकेश पटेल,श्रीमती विमला सिंह,श्रीमती पूनम दुबे,श्रीमती संगीता पटेल,श्रीमती नीलम पाण्डेय,श्रीमती ललिता सिंह,श्रीमती भारती मिश्रा,अंजली कूजूर,श्रीमती गायत्री सिंह सूर्यवंशी,पंडित अरुण शास्त्री ,श्रीमती शशिप्रभा,श्रीमती अर्चना सिंह पटेल,विवेक पांडे,सुश्री आराधना सिंह,श्रीमती पूनम शुक्ला,श्रीमती दीपमाला पाण्डेय,श्रीमती दुर्गा सिंह,विनय त्रिपाठी,श्यामलाल बंसल,त्रिलोकचंद तिवारी,सूर्यकांत तिवारी, रामायण साकेत,नान दादू भैया,प्रदीप द्विवेदी,रोहित पाठक, विजय विश्वकर्मा सहित पांच सौ की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

डॉ कुमार ने किसानों को दी नरवाई न जलाने की सलाह

समय जगत, रीवा। पौध सरंक्षण वैज्ञानिक डॉक्टर अखिलेश कुमार कृषि विज्ञान केंद्र रीवा द्वारा कृषको को समसामयिक सुझाव एवं सलाह में किसान खेत में नरवाई न जलाए क्योंकि भूमि की जलधारण क्षमता कम होने के साथ वातावरण का तापमान भी बढ़ जाता है। मृदा में पाये जाने वाले लाभदायक जीव या सूक्ष्मजीव के नष्ट होने के साथ.साथ पर्यावरण भी दूषित होता है और भूमि कठोर हो जाती है। खेत में पड़ा कचरा भूसा, डंढल सड़ने के बाद भूमि को प्राकृतिक रूप से उपजाऊ बनाते हे। खेती का देष की आर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान है। अगर नरवाई न जलाकर स्ट्रा रीपर का प्रयोग करके भूसा बनाकर पशुओ को खिला सकते है और जमीन मे मिट्टी पलटने वाले हल से पलटकर खेत में मिलाना चाहिए। उर्द एवं मूंग की फसल में पीला रोग लगने पर इमीदाक्लोप्रि 17.8 एसल की 8 मिली मात्रा प्रति टंकी या थायोमेथोसाम एवं इमीदाक्लोप्रि की मिश्रित दवा की 10 मिली मात्रा प्रति टंकी या 15 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करना चाहिए। इस समय रीवा में प्याज में झुलसा रोग का प्रकोप देखा जा रहा है जिसमें पौधों की पत्तियां ऊपर से पीली पड़कर सूखने लगती है इसके नियंत्रण हेतु कैप्टान . हेक्साकोनोजोल की मिश्रित दवा की 30 ग्राम मात्रा प्रति टंकी

या प्रोपिकोनाजोल 13.9:डायफेनोकोनाजोल 13.9: ईसी की मिश्रित दवा की 20 एम एल मात्रा प्रति टंकी या टेबुकोनाजोल 25.9: ईसी की 25 एम एल प्रति टंकी की दर से प्रकोपित फसल पर छिड़काव करना चाहिए। उर्द, बरबटी एवं मूंग की फसल में पत्ती काटने वाले कीट का प्रकोप देखा जा रहा है इसके नियंत्रण के लिए थायमेथाक्साम 12.6: लेम्ब्डासायहैलोथ्रिन 9.5: जेडसी मिश्रित दवा की 10 मिली मात्रा प्रति टंकी (15 लीटर पानी) की दर से छिड़काव करना चाहिए। कद्दूवर्गीय फसलो में फ्रूट मक्खी कीट का प्रकोप दिखाई देने पर फिप्रोनिल 5 एस सी की 15 मिली के साथ 200 ग्राम गुड़ प्रति टंकी की दर से प्रकोपित फसल पर छिड़काव करना चाहिए।

सार-समाचार

श्री हनुमान जी मंदिर अनंतपुर में श्रीमद् भागवत महापुराण एवं श्री वाल्मीकि राम कथा का आयोजन

समय जगत, रीवा। विगत 25 वर्षों से लगातार श्री हनुमान जी मंदिर अनंतपुर में श्रीमद् भागवत महापुराण एवं श्री वाल्मीकि राम कथा का आयोजन देवी भागवत श्री हनुमंत कथा जैसे आयोजन प्रति वर्ष किए जाते हैं इसी कड़ी में इस वर्ष भी नवरात्रि के शुभ अवसर पर श्री हनुमान जी मंदिर अनंतपुर बावलिया नाथ में श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का बृहद सत्संग आयोजन किया जा रहा है कथा व्यास अजीत कृष्णा पाराशर श्री धाम वृंदावन के मुखारविंद से कथा श्रवण कराई जा रही है कथा के प्रथम दिवस में कलश यात्रा के साथ कथा व्यास के द्वारा भक्ति ज्ञान की महिमा का वर्णन किया गया कलश यात्रा में पंडित अमन शास्त्री के द्वारा पूजा पाठ कराया गया कलश यात्रा में मुख्य रूप से शकुंतला मिश्रा उषा मिश्रा, अनीता गर्ग, किरण मिश्रा, सोनू सिंह, बबीता सिंह, सावित्री विश्वकर्मा, वीणा शुक्ला छाया मिश्रा आरती मिश्रा साधना मिश्रा स्वाति तिवारी, नीलू मिश्रा, मीनू मिश्रा सरस्वती पटेल अनीता मिश्रा उर्मिला सिंह आदि बहनों ने अपनी सहभागिता निभाई मंदिर की पुजारी श्री बुद्ध सेन मिश्रा मृत्युंजय मिश्रा कथा की व्यवस्था कराई गई मारुति सेवा सत्संग मंडल के अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला मिश्रा मैं निवेदन करते हुए आप सभी भक्तजन से आशा करती हूं कि आप सभी तन मन धन से कथा में सहयोग करेंगे और अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर श्री हनुमान जी के चरणों में आप सभी आकर अपने जीवन का अपने परिवार सुख समृद्धि की कामना करें अपना सहयोग प्रदान करें जय श्री राम जय माता रानी।

ग्राम करह में शराब ठेकेदार की अवैध दुकान हटाये जाने की मांग

समय जगत, रीवा। मिली जानकारी के अनुसार गांव के ही लोगों जिसमें नरेन्द्र प्रताप सिंह .धीरेन्द्र सिंह कृष्ण कुमार , अजय कुमार दुबे, मुन्ने सिंह, छोटू द्विवेदी, राजपाल सिंह, पप्पू सिंह, अतुल सिंह एवं छोटे दुबे ने संभागायुक्त एवं आबकारी आयुक्त ग्वालियर तथा सहायक आबकारी आयुक्त रीवा को पत्र के माध्यम से मांग की है कि शराब ठेकेदार पिन्टू साकेत की पत्नी के नाम से शराब की दुकान पहाडी ग्राम पंचायत के नाम से ठेका आवंटित है, जबकि संबंधित ठेकेदार द्वारा करह ग्राम पंचायत में अवैध रूप से दुकान संचालित की जा रही है, दुकान संचालित जगह में हम सब लोगो का निवास स्थान है, जिससे आये दिन शराबियो द्वारा शराब पीकर गाली गलौच की जाती है, आये दिन वहा पर विवाद की स्थिति बनी रहती है, यदि उक्त स्थान पर कोई अप्रिय घटना घटती है तो संपूर्ण जबावदेही प्रशासन की होगी। कई बार आपको एवं आबकारी विभाग के अधिकारियो को पत्राचार करने के बाद भी संबंधित ठेकेदार की दुकान नही हटाई गई न ही कोई वैधानिक कार्यवाही की गई है। ठेकेदार की शराब दुकान हटाने की कृपा प्रदान करें। ताकि हम लोक शांति पूर्वक निवास कर सकें। अन्यथा किसी दिन बड़ी घटना हो सकती है। जिसकी जबावदारी शासन-प्रशासन की होगी।

जनपद पंचायत के सहयोग से युवाओं को सुरक्षा एजेंसी दे रही है रोजगार

रीवा। युवाओं को रोजगार का अवसर देने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सभी जनपद पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। दो अप्रैल को नईगढ़ी में 03 अप्रैल को मऊगंज जनपद परिसर तथा 04 अप्रैल को रीवा जनपद पंचायत परिसर में भर्ती शिविर लगाये जायेंगे। इन शिविरों में सिंगरौली की एसआईएस सुरक्षा एजेंसी द्वारा युवाओं का सुरक्षा कार्यों के लिए चयन किया जा रहा है। युवाओं की शारीरिक एवं लिखित परीक्षा के उपरांत उनका चयन किया जा रहा है। चयनित युवाओं को रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। इसके बाद सभी चयनित उम्मीदवारों को एस. आई. एस. ट्रेनिंग एकेडमी सिंगरौली एक माह का प्रशिक्षण दिया जायेगा। ट्रेनिंग सेंटर में ही युवाओं के शैक्षणिक तथा अन्य दस्तावेजों का सत्यापन किया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान पी0 टी0, डी्ल, ड्रिल थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा, विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, आग बुझाने, कम्प्यूटर , बैंक सिक्यूरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के बाद विभिन्न निजी और शासकीय संस्थानों में सुरक्षा कार्य में तैनाती का अवसर मिलेगा। भर्ती के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग्य उम्मीदवार ,मैट्रिक पास, आयु 19 वर्ष से 40 वर्ष तक ही होनी चाहिए।

प्रदेश की मूल गौवंशीय नस्ल एवं भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों को मिलेगा पुरस्कार

रीवा। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा प्रदेश की मूल गोवंशीय नस्ल एवं भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ राजेश मिश्रा ने बताया कि जिन पशुपालकों के पास भारतीय नस्ल की गिरि, साहीवाल, थारपारकर एवं हरियाणा आदि नस्ल की गाय हों तथा उनका दुग्ध उत्पादन प्रति दिवस 6 लीटर से अधिक हो वह अपने पशु का पंजीयन दो अप्रैल से चार अप्रैल तक विकासखण्ड स्तर अथवा निकटतम पशु चिकित्सालय में करा सकते हैं। अधिकतम दुग्ध उत्पादन वाले प्रथम 10 गौवंशों का सुबह-शाम एवं दूसरे दिन कुल तीन समय दुग्ध क्षमता का आकलन विभाग के अधिकारियों द्वारा पशु मालिक के घर जाकर सूचीबद्ध किया जाएगा। इस प्रकार जिले के प्रत्येक विकासखण्ड से प्राप्त सूची में से अधिकतम दूध उत्पादन वाले प्रथम तीन गौवंश के पशुपालकों के नाम राज्य स्तर पर प्रेषित किए जाएंगे। राज्य स्तर पर 13 अप्रैल को विभागीय मंत्री द्वारा अधिकतम दुग्ध उत्पादन वाले तीन पशुपालकों को पुरस्कृत किया जाएगा। उप संचालक ने जिले के पशुपालकों से निर्धारित समयावधि में मापदण्ड वाले गौवंशीय पशुओं का पंजीयन कराने की अपेक्षा की है।

जल स्त्रोतों की साफ-सफाई पर निगमायुक्त ने दिए निर्देश

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर निगम ने बनाई कार्ययोजना

रीवा। मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश भर में 30 मार्च से 30 जून 2025 तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में शहर में जल संरक्षण एवं हरित विकास विस्तार को बढ़ावा देने के लिये निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे द्वारा महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के विस्तार एवं वर्षा जल संचयन तथा जल स्त्रोतों की साफसफाई को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा निगम आयुक्त द्वारा इन योजनाओं के क्रियांन्वयन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने कहा कि इस अभियान को अवसर के रूप में मनाया जाय। अभियान के तहत् शहर के सभी हैण्डपम्पो के पास सोकपिट बनाकर ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज एवं अन्य वाटर रिचार्ज स्थलों का चिन्हांकन कर एक्यूफ्र मैनेजमेंट प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। शहर के सभी शासकीय भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने के निर्देश दिए साथ ही प्रत्येक वार्ड में रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित करने की योजना बनाई जाय। शहर के अव्यवस्थित व बिगड़े स्वरूप वाले पार्को को चिन्हित कर पुर्नविकसित करने के

साथ नये पार्क विकसित करने की योजना बनाये जाने के निर्देश दिए और आगामी पर्यावरण दिवस पर शहर में 1 लाख पौधरोपण करने का लक्ष्य रखते हुये कार्ययोजना बनाये जाने के निर्देश दिए। ऐतिहासिक अजब कुवरी की वावड़ी की बाउड्रीबाल बनाकर सुरक्षित कर एवं पार्क विकसित कर सौन्दर्यीकरण की योजना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही शहर के विभिन्न पार्कों में लगे ओपन जिम के उपकरणों को दुरूस्त कराने एवं उचित रखरखाव के निर्देश दिए। शहर में स्थित तालाब जो अपने अस्तित्व को खो रहे है उनकी साफसफाई कर नहर से जोड़कर वाटर चार्ज कर नया स्वरूप देने की बात कही। टीम गठित कर शहर में मौजूद कुओं, जलस्त्रोतों को सुरक्षा उपकरण के साथ कुओं की सफाई एवं सौन्दर्यीकरण करने के निर्देश दिए। गर्मी के मौसम में पानी की समस्या पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु जनभागीदारी से सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ, वाटर एटीएम लगाये जाने की बात कही एवं जल प्रदाय टीम को निर्देशित किया कि नागरिकों के पेयजल की समस्या के त्वरित समाधान हेतु सभी व्यवस्थायें दुरूस्त की जाय एवं आवश्यक स्थलों पर टैन्कर द्वारा पानी उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए। वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुये शहर में संभावित जलभरॉव वाले क्षेत्रों में जल निकासी हेतु जो नालियॉ मंजूर की गई है उनका कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाय एवं जो बाकी है उन्हें तत्काल चिन्हित कर उचित व्यवस्था बनाया जाय जिससे जलभरॉव की समस्या उत्पन्न न हो। शहर के नालों के शोधन हेतु एसटीपी का सीघ्र संचालन सुनिश्चित किया जाय साथ ही शहर में ओवर फ्लो और सार्वजनिक स्थानों पर पानी के अपव्यय को रोकने के लिये आवश्यक उपाय जिनमें नलों के लीकेज को सुधारने, टूटे हुये नलों को बदलने एवं पाइप लाइनों के लीकेज को सुधारने तथा चोक नालियों के सफाई सुनिश्चित की जाय। निगम आयुक्त ने इन सभी योजनाओं को जल्द से जल्द क्रियांन्वयन करने के निर्देश दिए जिससे जल संरक्षण एवं हरित क्षेत्रों का विस्तार को बढ़ावा मिले एवं पेयजल एवं वर्षाकाल में जल भरॉव समस्या पर प्रभावी कार्यवाही की जा सके।

कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का हुआ आयोजन

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जनसुनवाई में 67 आवेदकों की शिकायतें सुनीं। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में राजस्व, पेंशन, ग्रामीण विकास, खाद्य, पीएचई आदि विभागों से संबंधित शिकायतों को कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समाधानकारक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान ग्राम टंगहा भोथी (त्योंथर) के निवासियों ने आवाद व्यक्तियों को आवासीय पट्टा दिलाये जाने का आवेदन दिया। कलेक्टर ने एसडीएम त्योंथर को मौके पर परीक्षण कर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। पलिया मनगवां के नावालिग ओम पाण्डेय संरक्षक महेश प्रसाद पाण्डेय के नावालिक के सम्पत्ति का वारसाना किये जाने के अपर आयुक्त के आदेश का पटवारी द्वारा पालन नहीं किये जाने के आवेदन पर कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्टर को परीक्षण के निर्देश देते हुए कहा कि पटवारी हल्का चोरगड़ी द्वारा हीलाहवाली किया जाना पाया जाय जो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करें। उन्होंने मुक्दर बेग

घोघर निवासी के मकान से अवैध कब्जा हटाने, रामबहोर पटेल मटीमा सिरमौर को शासकीय हैण्डपंप को अतिक्रमण से मुक्त कराने, तीरथ प्रसाद चर्मकार कल्याणपुर के सार्वजनिक कूप को निजी उपयोग से मुक्त कराने तथा जगन्नाथ साकेत उमरी निवासी के खसरा सुधार के आवेदन पर कार्यवाही न होने पर संबंधित एसडीएम को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने महेबा निवासी लाल बहादुर कुशवाहा के आराजी खसरा परिवर्तन करने, जवा के रामराज मल्लाह के अतिक्रमण हटाने तथा महुली निवासी कमला पाण्डेय के पति की मृत्यु के उपरांत गलत वारसाना किये जाने के आवेदनों को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया। उन्होंने संतोष कोरी दुआरी के आवासीय पट्टा दिये जाने के आवेदन को एसएलआर, बरा निवासी राजवर्धन सिंह के अवैध अतिक्रमण पर रोक लगाने के आवेदन को तहसीलदार हुजूर तथा तेदुन निवासी धर्मेन्द्र गुप्ता के जमीन से अतिक्रमण हटाने के आवेदन को तहसीलदार सिरमौर को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने रीवा नगर के मुख्य नगर वासियों के आवासीय क्षेत्र से अवैध मोबाइल टावर हटाने के आवेदन को परीक्षण हेतु एसडीएम हुजूर को प्रेषित किया गया। इसी प्रकार बुद्धसेन प्रजापति रायपुर कर्चुलियान के पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने के आवेदन पर सीईओ रायपुपर कर्चुलियान को, धर्मेन्द्र शर्मा द्वारा अनुकंपा नियुक्ति दिलाने के आवेदन को सिंचाई विभाग को तथा बहुरीबांध निवासियों के शासकीय हैण्डपंप को अतिक्रमण से मुक्त कराने के आवेदन को पीएचई कार्यपालन यंत्री को समाधान कार्यवाही किये जाने हेतु कलेक्टर द्वारा प्रेषित किया गया।

मानस भवन में चार और पांच अप्रैल को लगेगा पुस्तक मेला

खरीददारों और वेंडर्स के लिए करें उचित व्यवस्था : कलेक्टर

रीवा। विद्यार्थियों को रियायती दर पर किताबें और स्कूल ड्रेस उपलब्ध कराने के लिए रीवा में मानस भवन में दो दिवसीय पुस्तक मेला लगाया जा रहा है। पुस्तक मेला चार और पाँच अप्रैल को सबुह 10 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित होगा। कलेक्ट्रेट के बाणसागार सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मेले के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि मेला स्थल पर उचित स्टाल लगाकर वेंडर्स की व्यवस्था करें। पुस्तक और ड्रेस बेचने वाले सभी दुकानदारों को मेले में शामिल करें। प्रत्येक दुकानदार का पंजीयन करके उसे स्टाल संख्या आवंटित करें। मेले में खरीददारों और वेंडर्स के लिए समुचित व्यवस्थाएं करें। पुस्तक मेले में 10 प्रतिशत छूट पर किताबें मिलेंगी। इसलिए मेले में बड़ी संख्या में लोग आएंगे। पुलिस अधिकारी वाहनों की पार्किंग तथा भीड़ प्रबंधन के लिए उचित प्रबंध करें। आयुक्त नगर निगम मेला स्थल में पेयजल और साफ-सफाई की व्यवस्थाएं कराएं। कलेक्टर ने कहा कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेला स्थल का निरीक्षण करके सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। मेले में किताबों और स्कूल ड्रेस के सभी विक्रेता अपना स्टाल लगाएं, इसे सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा अधिकारी मेले के प्रत्येक काउंटर पर कर्मचारी तैनात करें। मेले में सभी कक्षाओं की पूरी किताबों की बिक्री सुनिश्चित करें जिससे अभिभावक को किताबों के लिए पुनः दुकान न जाना पड़े। मेला स्थल में हेल्पडेस्क भी स्थापित करें। इसमें प्राप्त सूचनाओं तथा उन पर की गई कार्यवाही से प्रतिदिन सीईओ जिला पंचायत को अवगत कराएं। प्रमुख निजी स्कूलों की फीस तथा प्रवेश के संबंध में तीन दिवस में निरीक्षण कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। फीस बढ़ाने के संबंध में यदि कोई स्कूल संचालक शासन के निर्देशों का उल्लंघन करता पाया जाएगा तो उस पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने पुस्तक मेले के लिए किए जा रहे प्रबंधों की जानकारी दी। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी, नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

रामामय के साथ भगवामय हुआ मनगवां, शोभायात्रा में सम्मिलित हुए मनगवां विधायक

हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर मनगवां में निकाली गई विशाल शोभायात्रा

रीवा। हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर मनगवां नगर मे राम दरबार के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा की शुरुआत मां जगदम्बे भवानी को चुनरी चढ़ाई गई तत्पश्चात राम दरबार की भव्य आरती के साथ मनगवां विधायक नारेंद्र प्रजापति ने किया शोभायात्रा मां दुर्गा मंदिर मनगवां से सैकड़ों बाईक के साथ बस्ती मोड़ बायपास चौराहा होते हुए मलकपुर तालाब स्थित मां मुंबा देवी मंदिर पहुंची माता को चुनरी और प्रसाद

अर्पण कर शोभायात्रा मनगवां बस्ती बिफई बाजार भ्रमण करते हुए हनुमान चौक रावणा चौराहा होते हुए बायपास पहुंची प्रयागराज तिराहा मनगवां बाजार गुढ़ तिराहा निर्मल पेट्रोल पंप होते हुए मां दुर्गा मंदिर पहुंची जहां भव्य राम दरबार आरती के साथ प्रसाद वितरण के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ भगवा शोभायात्रा में डीजे के धुन में श्रद्धालु और रामभक्त थिरकते नजर आये हर घर भगवा अभियान चलाकर विश्व हिंदू परिषद ने हर घर भगवा ध्वज प्रदान कर भगवा अपने अपने घरों में लगाने का आग्रह किया। जय जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान हुआ मनगवां शोभायात्रा यात्रा का नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।शोभायात्रा में मनगवां विधायक नारेंद्र प्रजापति,विधायक प्रतिनिधि जगजीवन लाल तिवारी, विष्णु देव कुशवाहा, लवकुश गुप्ता,सुनील तिवारी, बालेंद्र मिश्रा, शिवशंकर शुक्ला,लकी शुक्ला,आकाश शुक्ला,अशोक गुप्ता (अर्पित) विकास गुप्ता, बृजेश हिंदू, निखिल पटेल,सूर्या सोनी,सूरज नामदेव,प्रभात गुप्ता,राहुल गुप्ता, शंकर राघव तिवारी, सुदर्शन जायसवाल, संतोष पटेल, श्रीनिवास साहू, रेखा मिश्रा,अजय गुप्ता, विकास ताम्रकार,शिवम मिश्रा रोहित तिवारी, जितेन्द्र मिश्रा, अश्वनी गुप्ता आयूष गुप्ता,हरिओम गुप्ता,सचिन गुप्ता यादवेंद्र गोस्वामी, सुशील गुप्ता, सुनील गुप्ता, सुदामा गुप्ता, अंशु गुप्ता, शिखर जायसवाल, सुधांशु गुप्ता,राज गुप्ता,अमित गुप्ता,अमर गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, दिलीप गुप्ता, अंकित गुप्ता, रितिक गुप्ता, अंकुश गुप्ता इत्यादि सैंकडों युवा सनातनी हिंदू सम्मिलित रहे।

शोभायात्रा में मनगवां विधायक हुए सम्मिलितः हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर मनगवां विधायक नारेंद्र प्रजापति भव्य शोभायात्रा की शुरुआत राम दरबार आरती के साथ की और पूर्ण शोभायात्रा में सम्मिलित रहे।

कार्यालय नगर पालिक निगमरीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)

//निविदा सूचना //

क्र.548/ई-टेण्डर/न.पा.नि. /2025 रीवा दिनांक 28.03.25

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक एवं जारी एवं एनआईटी क्र. /दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं एवं लागत	निविदा की अंतिम तिथि EMD
1	2	3	4	5	6
1.	2025-यूएडी-403571-1 28, 03.2025	REQUEST FOR PROPOSAL FOR SELECTION OF TRANSACTION ADVISOR FOR DEVELOPMENT OF MULTILEVEL PARKING CUM COMMERCIAL COMPLEX PROJECT ON PPP MODE.	36 माह 35.45 लाख	10000.00 200000.00	29.04.2025 18 बजे तक।

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

संपादकीय

भारतीय संस्कृति की है वैश्विक प्रतिष्ठा

भारतीय संस्कृति की प्रतिष्ठा वैश्विक स्तर की है। यहां के संस्कारों, सरोकारों और परपराओं ने मानवीय मूल्यों को मजबूत बनाने के साथ चेतना जगाने और आध्यात्मिकता का आलोक वैश्विक स्तर पर फैलाने का कार्य किया है। देश हज़ारों वर्षों से संस्कृति, साहित्य, कला और संगीत के विविध रंगों और आध्यात्मिक शक्ति से भरपूर एक अणखुट खज़ाने का धनी रहा है जिसे विश्व के हर देश ने बड़ी जिज्ञासा के साथ महसूस किया है और यह जानने की कोशिश की है कि आखिर कोई देश इस अलौकिक सृष्टि में इतना कुदरती खज़ाने से भरपूर कैसे हो सकता है। भारतीय संस्कृति के हर रंग को जो मानवीय हस्तकला से संजोयित हैं, उन्हें इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से संरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि सदियों तक हमारी अगली पीढ़ी भी इसके महत्व का मूल्यांकन कर सके और जब तक यह सृष्टि रहे तब तक हमारी भारतीय संस्कृति, कला, साहित्य, संगीत सुरक्षित रहे जो हमारा अनमोल खज़ाना और धरोहर है उसे हम यूं विलुप्त होने नहीं देंगे यह सोच आज हर भारतीय नागरिक के हृदय में समाना अत्यंत ज़रूरी है, खास करके हमारे युवा साथियों को इस परंपरा को आगे संरक्षित करना है क्योंकि आज भारत की 65 फ़ीसदी जनसंख्या युवा है। मैक्सिको में खादी को बढ़ावा देने की बात हो या फिर ब्राज़ील में भारतीय परम्पराओं को लोकप्रिय बनाने का प्रयास, मन की बात में हम इन विषयों पर पहले चर्चा कर चुके हैं। आज हस्तिनापुर फाउंडेशन के 40 हजार से अधिक सदस्य हैं और अर्जेंटीना एवं अन्य लैटिन अमेरिकी देशों में इसकी करीब 30 शाखाएं हैं। हस्तिनापुर फाउंडेशन ने स्पेनिश भाषा में 100 से अधिक वैदिक और दार्शनिक ग्रन्थ भी प्रकाशित किये हैं। इनका आश्रम भी बहुत मनमोहक है। आश्रम में 12 मंदिरों का निर्माण कराया गया है, जिनमें अनके देवी-देवताओं की मूर्तियाँ हैं। इन सबके केंद्र में एक ऐसा मंदिर भी है जो अद्वैतवादी ध्यान के लिए बनाया गया है। ऐसे ही सैकड़ों उदाहरण यह बताते हैं, हमारी संस्कृति, हमारे लिए ही नहीं, बल्कि, पूरी दुनिया के लिए एक अनमोल धरोहर है। दुनिया भर के लोग उसे जानना चाहते हैं, समझना चाहते हैं, जीना चाहते हैं। हमें भी पूरी जिम्मेदारी के साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत को खुद अपने जीवन का हिस्सा बनाते हुए सब लोगों तक पहुँचाने का प्रयास करना चाहिए। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारतीय संस्कृति महान है। वैश्विक स्तरपर भारतीय संस्कृति के विभिन्न रंगों और आध्यात्मिक शक्ति ने सारे विश्व को आकर्षित किया है तथा भारतीय संस्कृति, कला, साहित्य, संगीत ने संपूर्ण विश्व में अपनी एक अलग पहचान, प्रतिष्ठा बनाई है जिस पर हमें गर्व है। देश की गौरवशाली एवं प्रतिष्ठित संस्कृति व समावेशी- सद्भाववादी सरोकारों को सुदृढ़ बनाने में सभी को अपनी सक्रिय भूमिका निभाना चाहिये।

स्वयंसेवक की भावांजलि

डॉ. भूपेन्द्र कुमार

प्रधानमंत्री मोदी जी की यात्रा में बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन शामिल था। उन्होंने माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर के विस्तार की आधारशिला रखी, जो डॉ. गोलवलकर की स्मृति में 2014 में स्थापित एक सुपर-स्पेशियलिटी नेत्र देखभाल सुविधा है। यह पहल सहयोगी प्रयासों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा की पहुँच बढ़ाने पर सरकार के फोकस को रेखांकित करती है। इसके अलावा, मोदी ने सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड में 1,250 मीटर लंबी हवाई पट्टी का उद्घाटन किया, जिससे मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) के परीक्षण और भारत की रक्षा क्षमताओं को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। नागपुर में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधी जैसी हस्तियों द्वारा दिखाए गए परिवर्तनकारी नेतृत्व के लोकाचार को दर्शाते हैं। सामाजिक परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में स्वैच्छिक कार्रवाई पर गांधी का जोर समकालीन पहलों में प्रतिध्वनित होता है जो सामाजिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करना चाहते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की 136वीं जयंती पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागपुर के रेशिमबाग स्थित स्मृति मंदिर का दौरा किया, जो देश भर के स्वयंसेवकों के लिए अत्यंत पूजनीय स्थान है, तथा उन्होंने आरएसएस के संस्थापक डॉ. हेडगेवार और श्री एमएस गोलवलकर, जिन्हें प्यार से श्री01 गुरुजी के नाम से याद किया जाता है, को श्रद्धांजलि अर्पित की। जो लोग संघ और उसके स्वयंसेवकों को नहीं जानते, उनके लिए यह एक राजनीतिक यात्रा हो सकती है, लेकिन जो लोग जानते हैं, उनके लिए यह महज एक प्रतीकात्मक संकेत नहीं था, यह साझा वैचारिक और भावनात्मक जड़ों की पुनः पुष्टि थी, जो प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण और नेतृत्व को आकार देती रही है।

रेशिमबाग स्थित आरएसएस परिसर, जिसमें स्मृति मंदिर है, जहां डॉ. हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक एमएस जिसमें गोलवलकर (जिन्हें लोकप्रिय रूप से श्री गुरुजी के नाम से जाना जाता है) का अंतिम संस्कार किया गया था, स्वयंसेवकों के लिए एक पवित्र स्थल है। हर साल, आरएसएस के तृतीया वर्ष प्रशिक्षण शिविर के दौरान सैकड़ों स्वयंसेवक वहां आते हैं और लगभग एक महीने तक वहां रहते हैं ताकि देशभक्ति की अपनी भावना को मजबूत कर सकें और अपने भीतर मातृभूमि के लिए निस्वार्थ सेवा की भावना जागृत कर सकें। एक स्वयंसेवक के लिए स्मृति मंदिर की यात्रा सिर्फ़ स्मरण का कार्य नहीं है, यह एक व्यक्तिगत यात्रा है, लगभग तीर्थयात्रा। यह एक ऐसा स्थान है जो गहन चिंतन को प्रेरित करता है, भावनाओं को जगाता है, और देशभक्ति और निस्वार्थ सेवा के मूल्यों को पुष्ट करता है। इस भूमि को पवित्र माना जाता है, जहां अनगिनत समर्पित स्वयंसेवकों के पदचिह्न पड़े हैं, जिन्होंने एक मजबूत और एकजुट हिंदू समाज और एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के विचार के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब संघ 1925 में अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर रहा है। युवाओं में राष्ट्रीय चेतना जागृत करने और संगठित करने की एक मामूली पहल के रूप में शुरू हुआ यह संगठन आज विश्व के सबसे बड़े सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों में से एक बन गया है। शाखाओं और संबद्ध संस्थाओं के अपने नेटवर्क के माध्यम से, आरएसएस ने चरित्र निर्माण, सामाजिक सेवा और सांस्कृतिक गौरव पर ध्यान केंद्रित किया है, जो संकट और सामाजिक आवश्यकता के समय में पर्दे के पीछे चुपचाप काम करता है। डॉ. हेडगेवार ने एक बार कहा था, राष्ट्र की असली ताकत उसके लोगों में निहित है, न कि केवल संख्या में, बल्कि एकता और चरित्र में। यह दर्शन संघ के एक सदी से चले आ रहे काम का आधार रहा है, जिसका लक्ष्य अल्पकालिक राजनीतिक लाभ नहीं, बल्कि दीर्घकालिक राष्ट्रीय परिवर्तन है। इसने खुद को एक लक्ष्य के लिए समर्पित कर दिया है - चरित्रवान लोगों का निर्माण करना जो भारत और दुनिया के वर्तमान और भविष्य को आकार देंगे। श्री गुरुजी के शब्दों में, हमारा अंतिम लक्ष्य सत्ता नहीं, बल्कि एक मजबूत और सामंजस्यपूर्ण समाज है जहां प्रत्येक व्यक्ति सम्मान और राष्ट्र के प्रति समर्पण के साथ रहता है। इस दृष्टिकोण ने संघ को राजनीतिक शक्ति या प्रभाव पर निर्भर हुए बिना, शिक्षा और ग्रामीण विकास से लेकर आपदा राहत और सामाजिक सद्भाव तक भारतीय जीवन के विविध पहलुओं को प्रभावित करने की अनुमति दी है। प्रधानमंत्री मोदी की स्मृति मंदिर यात्रा संघ के आधारभूत मूल्यों के साथ निरंतर संरेखण को दर्शाती है। एक साधारण स्वयंसेवक से लेकर देश के सर्वोच्च पद तक की उनकी राजनीतिक यात्रा, संघ के माध्यम से उनमें स्थापित अनुशासन, राष्ट्रवाद और लोकाचार से प्रेरित रही है।

शक्ति की आराधना का पर्व है नवरात्रि

नजरिया

नवरात्रि का त्यौहार असत्य पर सत्य की जीत को दर्शाता है। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि साल में दो बार मनाया जाता है। हिंदी महीनो के मुताबिक पहला नवरात्रि चैत्र महीने में मनाया जाता है और दूसरी बार अश्विन महीने में मनाया जाता है। नवरात्रि नौ दिनों तक निरंतर चलता है जिसमे देवी माँ के अलग अलग स्वरूपों की लोग भक्ति और निष्ठा के साथ पूजा करते है। भारत में नवरात्रि अलग अलग राज्यों में विभिन्न तरीको और विधियों के संग मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन्हीं नौ दिनों में मां दुर्गा धरती पर आती है। उनके आने की खुशी में इन दिनों को दुर्गा उत्सव के तौर पर देशभर में धूमधाम से मनाया जाता हैं। नवरात्रि पर्व के नौ दिनों के दौरान आदिशक्ति जगदम्बा के नौ विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। ये नौ दिन वर्ष के सर्वाधिक पवित्र दिवस माने गए हैं। इन नो दिनों का भारतीय धर्म एवं दर्शन में ऐतिहासिक महत्व है और इन्हीं दिनों में बहुत सी दिव्य घटनाओं के घटने की जानकारी हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों में मिलती है। माता के इन नौ रूपों को नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है जो इस प्रकार हैं -शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघन्टा, कूष्माण्डा, स्कन्द माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री।

रमेश सर्राफ धमोरा

नवरात्रि देवी दुर्गा के नौ अवतारों या स्वरूपों की पूजा करने का प्रसिद्ध त्योहार है। जिसे शक्ति या देवी के रूप में भी जाना जाता है। यह त्योहार एक बार वसंत ऋतु के दौरान चैत्र नवरात्रि और शरद ऋतु के दौरान शरद नवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। शरद नवरात्रि अश्विन के महीने के दौरान मनाई जाती है जो आमतौर पर सितंबर या अक्टूबर में आती है। वहीं चैत्र नवरात्रि हिन्दू कैलेंडर के चैत्र महीने के दौरान मनाई जाती है। चैत्र नवरात्रि आमतोर पर मार्च या अप्रैल महीने में मनाई जाती है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति- देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। नवरात्रि वर्ष में चार बार आता है। चैत्र, आषाढ़, अश्विन, पौष प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों महालक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरुपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। दुर्गा का मतलब जीवन के दुख को हटानेवाली होता है। नवरात्रि एक महत्वपूर्ण प्रमुख त्योहार है जिसे पूरे भारत में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। नवरात्रि का त्यौहार असत्य पर सत्य की जीत को दर्शाता है। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि साल में दो बार मनाया जाता है। हिंदी महीनो के मुताबिक पहला नवरात्रि चैत्र महीने में मनाया जाता है और दूसरी बार अश्विन महीने में मनाया जाता है। नवरात्रि नौ दिनों तक निरंतर चलता है जिसमे देवी माँ के अलग अलग स्वरूपों की लोग भक्ति और निष्ठा के साथ पूजा करते है। भारत में नवरात्रि अलग अलग राज्यों में विभिन्न तरीको और विधियों के संग मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन्हीं नौ दिनों में मां दुर्गा धरती पर आती है। उनके आने की खुशी में इन दिनों को दुर्गा उत्सव के तौर पर देशभर में धूमधाम से मनाया जाता हैं। नवरात्रि पर्व के नौ दिनों के दौरान आदिशक्ति जगदम्बा के नौ विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। ये नौ दिन वर्ष के सर्वाधिक पवित्र दिवस माने गए हैं। इन नो दिनों का भारतीय धर्म एवं दर्शन में ऐतिहासिक महत्व है और इन्हीं दिनों में बहुत सी दिव्य घटनाओं के घटने की जानकारी हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों में मिलती है। माता के इन नौ रूपों को नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है जो इस प्रकार हैं -शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघन्टा, कूष्माण्डा, स्कन्द माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री। नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती हैं। यह हमें बताती है की इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्ती और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है। भारतीय जन-जीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। यह भारत की गंगा-जमुना तहजीब का ही नतीजा है कि सब धर्मों को मानने वाले लोग अपने-अपने धर्म को मानते हुए इस देश में भाईचारे की भावना के साथ सदियों से एक साथ रहते चले आ रहे हैं। यही कारण है की पूरे विश्व में भारत की धर्म व संस्कृति सर्वोतम मानी गयी है। विभिन्न धर्मों के साथ जुड़े कई पर्व भी है जिसे भारत के कोने कोने में श्रध्दा, भक्ति और धूमधाम से मनाया जाता है। उन्ही में से एक है नवरात्रि। नवरात्रि के पहले दिन बालिकाओं की पूजा की जाती है। दूसरे दिन युवती की पूजा की जाती है। तीसरे दिन जो महिला परिपक्वता के चरण में पहुंच गयी है, उसकि पूजा की जाती है। नवरात्रि के चैथे, पांचवें और छठे दिन लक्ष्मी- समृद्धि और शांति की देवी की पूजा करने के लिए समर्पित है। आठवे दिन पर एक यज्ञ किया जाता है। नौवा दिन नवरात्रि समारोह का अंतिम दिन है। यह महानवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन उन नौ जवान लड़कियों की पूजा होती है जो अभी तक यौवन की अवस्था तक नहीं पहुंची है। इन नौ लड़कियों को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है। लड़कियों का सम्मान तथा स्वागत करने के लिए उनके पैर धोए जाते हैं। पूजा के अंत में लड़कियों को उपहार के रूप में नए कपड़े, वस्तुयें, फल प्रदान किए जाते हैं। शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र प्रतिपदा से नवमी तक निश्चित नौ तिथि, नौ नक्षत्र, नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ सनातन काल से मनाया जा रहा है। आदिशक्ति के हर रूप की नवरात्र के नौ दिनों में क्रमशरू अलग-अलग पूजा की जाती है। मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली हैं। इनका वाहन सिंह है और कमल पुष्प पर ही आसीन होती हैं। नवरात्रि के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस पर्व से जुड़ी एक कथा अनुसार देवी दुर्गा ने एक भैंस रूपी असुर अर्थात महिषासुर का वध किया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार महिषासुर के एकाग्र ध्यान से बाध्य होकर देवताओं ने उसे अजय होने का वरदान दे दिया। उसको वरदान देने के बाद देवताओं को चिंता हुई कि वह अब अपनी शक्ति का गलत प्रयोग करेगा। महिषासुर ने अपने साम्राज्य का विस्तार स्वर्ग के द्वार तक कर दिया और उसके इस कृत्य को देख देवता विस्मय की स्थिति में आ गए। महिषासुर ने सूर्य, इन्द्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, यम, वरुण और अन्य देवताओं के सभी अधिकार छीन लिए और स्वयं स्वर्गलोक का मालिक बन बैठा। देवताओं को महिषासुर के प्रकोप से पृथ्वी पर विचरण करना पड़ रहा था तब महिषासुर के इस दुस्साहस से क्रोधित होकर देवताओं ने देवी दुर्गा की रचना की।

ऐसा माना जाता है कि देवी दुर्गा के निर्माण में सारे देवताओं का एक समान बल लगाया गया था। महिषासुर का नाश करने के लिए सभी देवताओं ने अपने अपने अस्त्र देवी दुर्गा को दिए थे और कहा जाता है कि इन देवताओं के सम्मिलित प्रयास से देवी दुर्गा और बलवान हो गई थी। इन नौ दिन देवी-महिषासुर संग्राम हुआ और अन्ततरू महिषासुर-वध कर महिषासुर मर्दिनी कहलायीं। नवदुर्गा और दस महाविद्याओं में काली ही प्रथम प्रमुख हैं। भगवान शिव की शक्तियों में उग्र और सौम्य, दो रूपों में अनेक रूप धारण करने वाली दशमहाविद्या अनंत सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। दसवें स्थान पर कमला वैष्णवी शक्ति हैं, जो प्राकृतिक संपत्तियों की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी हैं। देवता, मानव, दानव सभी इनकी कृपा के बिना पंगु हैं, इसलिए आगम-निगम दोनों में इनकी उपासना समान रूप से वर्णित है। सभी देवता, राक्षस, मनुष्य, गंधर्व इनकी कृपा-प्रसाद के लिए लालायित रहते हैं। वसन्त की शुरुआत और शरद ऋतु की शुरुआत, जलवायु और सूरज के प्रभावों का महत्वपूर्ण संगम माना जाता है। इन दो समय मां दुर्गा की पूजा के लिए पवित्र अवसर माने जाते है। त्योहार की तिथियां चन्द्र कैलेंडर के अनुसार निर्धारित होती हैं। यह पूजा वैदिक युग से पहले प्रागैतिहासिक काल से है। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा करने के लिए समर्पित किए गए हैं। यह पूजा उनकी ऊर्जा और शक्ति की की जाती है। प्रत्येक दिन दुर्गा के एक अलग रूप को समर्पित है। नवरात्रि के दौरान उपवास करने से शरीर से विषाक्त पदार्थ निकल जाते हैं, जिससे शरीर स्वस्थ और निरोगी रहता है। नवरात्रि के दौरान ध्यान, योग और भक्ति करने से मन को शांति मिलती है, जिससे तनाव और चिंता कम होती है। नवरात्रि व्रत का मूल उद्देश्य है इंद्रियों का संयम और आध्यात्मिक शक्ति का संचय। वस्तुतः नवरात्र अंतः शुद्धि का महापर्व है। आज वातावरण में चारों तरफ विचारों का प्रदूषण है। ऐसी स्थिति में नवरात्र का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है।

बागमती नदी पर बराज बनाने का किसानों का विरोध

कुमार कृष्णन

बागमती नदी नेपाल के तराई क्षेत्र से निकलकर दक्षिण-मध्य नेपाल और उत्तरी बिहार राज्य, पूर्वोत्तर भारत में बहती है। सीतामढ़ी जिले में बागमती नदी पर दो नए बराज बनाए जाएंगे। ये बराज ढेंग और कटौंझा के पास बनाए जाएंगे। इन बराजों के निर्माण के लिए 25.37 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। सरकार का दावा है कि बराज बागमती नदी के जलस्तर को नियंत्रित करेंगे और बाढ़ के प्रकोप को कम करेंगे। हाल में सीतामढ़ी में हुए किसान कन्वेशन में इस योजना का विरोध किया गया। वर्ष 2012 से ही बागमती में तटबंध बनाये जाने का विरोध109 गांवों के किसा नकर रहे हैं पर सरकार तटबंध बनाने की पुरजोर कोशिश कर रही है। किसानों का मनाना है कि तटबंध के बन जाने से वे उस उपजाऊ मिट्टी से वंचित रह जायेंगे जो हर साल बागमती अपने साथ लाती है। बागमती पर जहां तटबंध बने हैं, वहां के खेतों की उर्वरकता घटी है। वर्ष 2018 में जब लोगों के विरोध के बावजूद यहां तटबंध निर्माण शुरू हो गया था तो हजारों किसानों ने हाईवे जाम कर दिया। इस विरोध के बाद सरकार ने काम रोक दिया और इसकी समीक्षा के लिए तीन सदस्यीय कमिटी का गठन किया था। उस कमिटी के एक महत्वपूर्ण सदस्य अनिल प्रकाश कहते हैं कि कमेटी को काम भी नहीं करने दिया गया और उसकी रिपोर्ट भी तैयार नहीं हुई। इस कमिटी में अनिल प्रकाश के अलावा प्रसिद्ध नदी विशेषज्ञ दिनेश कुमार मिश्र और आईआईटी, कानपुर से जुड़े प्रोफेसर राजीव सिन्हा शामिल हैं। अनिल प्रकाश कहते हैं कि अब तक उस कमिटी की एक ही बैठक हुई है। हां, समय-समय पर उसका समय बढ़ाया जाता रहा है। ताजा सूचना के अनुसार उसका समय 31 दिसंबर, 2020 तक कर दिया गया था। उसके बाद की सूचना उपलब्ध नहीं है। तटबंध बने या न बने, इस पर कमेटी की कोई रिपोर्ट आयी नहीं कि फिर अब बराज निर्माण की तैयारी की जा रही है। बागमती के सवाल पर सीतामढ़ी में हुए किसान कन्वेशन में बागमती में बराज निर्माण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गयी और इसका एकजुट होकर विरोध करने का फैसला लिया गया। साथ ही तटबंधों पर जहां गांव नही हो वहां लचका बनाकर या स्लूईश गेट के माध्यम से उपजाऊ पानी खेतों को दिलाने, सुप्पी तथा मेजरगंज के कटाव प्रभावित गांवों की सुरक्षा के साथ विस्थापित परिवारों को मुआबजा भुगतान कराने, पूर्व से विस्थापित परिवारों को भूमि पर कब्जा दिलाने, 2024के बाढ, कटाव तथा तटबंध टूटने से प्रभावितों को उचित अनुदान तथा गृह क्षति मुआबजा भुगतान, जलवायु परिवर्तन के कुप्रभाव से नदियों को बचाने, अल्पवर्षा, कटाव रोकने, गाद सुरक्षा हेतू नेपाल से भारत तक सघन वृक्षारोपण के लिए ठोस पहल करने की मांग की गयी। कन्वेशन में पारित दस सूत्री प्रस्ताव को सरकार को भेजा जाएगा। बागमती नदी पर तटबंध तथा बराज निर्माण के नाम पर1970 के दशक से ही बडा सपना दिखाया जा रहा है। सरकार अब पुनर्बराज का सपना दिखा रही है। वहां के लोगों का कहना है कि सरकार सपना दिखाने के वजाए बागमती को बचाने तथा उसका उपजाऊ पानी खेतों को सुलभ कराने पर काम करे।लोगों ने साफ तौर कहा कि तटबंध-बराज नहीं बागमती का पानी चाहिए। नेपाल सीमा से सटे मेजरगंज प्रखंड के बसबीट्टा बाजार पर पंचायत भवन के सभागार में किसान नेता तथा स्थानीय मुखिया राघवेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जलवायु परिवर्तन-नदी विमर्श मंच के तत्वावधान मेंआयोजित किसान-कन्वेंशन में प्रस्ताव पारित कर सरकार से 10 सूत्रीय मांगों पर अमल की मांग की गई।

राघवेन्द्र कुमार सिंह ने तटबंध के भीतर के गांवों तथा मेजरगंज तथा सुप्पी में बागमती की समस्या पर प्रकाश डाला। कन्वेंशन में पर्यावरणविद तथा नदी जल विशेषज्ञ रामशरण अग्रवाल ने कहा प्रथम सिंचाई मंत्री ने तटबंध का विरोध किया था।गाद निकालना समस्या है परन्तु गाद नही आने पर चिंतन नही किया जा रहा है।नेपाल के पहाड से समतल तक वृक्षारोपण से गाद रूकेगी।बिहार सरकार स्वेत पत्र जारी करे तथा बागमती पर कितनी राशि खर्च हुई उसकी मांग उठनी चाहिए। बडी नदियों के जीवन के लिए छोटी नदियों को भी बचाना होगा।योजना बनाते समय विस्तृत जानकारी संबंधित क्षेत्रों को दिया जाना जरूरी है।उन्होने पर्यावरण तथा जलवायु संकट पर विस्तार से प्रकाश डाला। गांधीवादी तथा नदी जल विशेषज्ञ प्रो आनन्द किशोर ने कहा कि फरक्का बराज से गंगा गाद से भरकर दर्जनो जिलों में तबाही मचा रही है।मुख्यमंत्री तथा जल संसाधन मंत्री फरक्का बराज तोडने की बात कह चुके है वहीं कोशी का बीरपुर बराज फेल है फिर बागमती में ढेंग तथा कटौझा में 45 किमी के बीच दो बराज तथा नेपाल से कटौझा 85कि मी में तीन बराज का कोई औचित्य नही है। यहां गाद भरने तथा जल जमाव से हजारों एकड खेत बर्बाद होंगे दर्जनो गांवो का विस्थापन होगा। मेजरगंज,सुप्पी तथा बैरगनिया में कभी भी तटबंध टूटेगा तो कोशी के कुसहा जैसी त्रासदी हो सकती है। वैसे नेपाल के करमहिया में पहले हीं बराज बन जाने से खेती के समय ढेंग बराज को पानी नही मिलेगा। हमें बराज नही तटबंधों पर जहां गांव नही है वहां जगह-जगह लचका तथा स्लूईश गेट बनाकर खेतों को बागमती का उपजाऊ पानी देना चाहिए। प्रो किशोर ने कहा जहां देश-दुनिया में तटबंध अप्रासंगिक तथा बर्बादी का कारण बना हुआ है यूरोप तथा चीन में तटबंधों को तोड़ा जा रहा है वहीं बिहार में जन विरोध के बावजूद तटबंध बनाने पर सरकार आमादा है।बागमती कटाव तथा तटबंध टूटने से बर्बाद परिवार मुआबजे के लिए भटक रहे है उन्हे अनुदान के साथ वहां कटाव रोकने में तेजी लानी चाहिए। संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष जलंधर यदुबंशी ने कहा कि बागमती परियोजना के नाम पर सरकार आमजन की तबाही बढा रही है। नदियों को बंचाने की जगह तटबंधो के कारण नदियां गाद से भरकर मृतप्राय हो रही है। सरकार तटबंध-बराज के नाम पर लूट का खेल खेल रही है। यह गंभीर मसला है इसके लिए आमजन को आगे आना होगा। पूर्व प्राचार्य शालिग्राम सिंह ने क्षेत्रीय समस्याओं तथा बागमती की तबाही पर प्रकाश डाला। समाजसेवी रामबाबू प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत तथा मंच संचालन किया। कन्वेंशन में स्थानीय किसान नागेन्द्र सिंह,बीरेन्द्र कुमार सिंह,जगदीश नारायण सिंह,छोटे लाल पटेल सरपंच,लक्ष्मी सहनी,सुशील कुमार सिंह,रामबाबू राम,राम एकबाल महतो,पप्पूसिंह,मदन साह,सुशीला देवी,मधुरेन्द्र पासवान,अंजू देवी,अंजना देवी,गीता देवी सहित अन्य ने अपना विचार रखे। किसान इसलिए विरोध कर रहे हैं कि इससे बाढ़ की तीव्रता बढ़ेगी और खेतों में गाद जमा होगी। बराज के कारण नदी के जल प्रवाह में बदलाव आएगा, जिससे खेतों में उपजाऊ मिट्टी जमा नहीं हो पाएगी, जिससे खेती प्रभावित होगी।

कृषि क्षेत्र में करवट बदलता भारत

प्रहलाद सबनानी

भारत में लगभग 60 प्रतिशत आबादी आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और अपनी आजीविका के लिए कृषि क्षेत्र पर निर्भर है। जबकि, कृषि क्षेत्र का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान केवल 18 प्रतिशत के आस पास बना हुआ है। इस प्रकार, भारत में यदि गरीबी को जड़ मूल से नष्ट करना है तो कृषि के क्षेत्र में आर्थिक सुधार कार्यक्रमों को लागू करना ही होगा। भारत ने हालांकि आर्थिक क्षेत्र में पर्याप्त सफलताएं अर्जित की हैं और भारत आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है तथा शीघ्र ही अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही, भारत आज विश्व में सबसे अधिक तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था भी बन गया है। परंतु, इसके आगे की राह अब कठिन है, क्योंकि केवल सेवा क्षेत्र एवं उद्योग क्षेत्र के बल पर और अधिक तेज गति से आगे नहीं बढ़ा जा सकता है और कृषि क्षेत्र में आर्थिक विकास की दर को बढ़ाना होगा। भारत में हालांकि कृषि क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रम लागू किए गए हैं और भारत आज कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन गया है। परंतु, अभी भी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। किसानों के पास पूंजी का अभाव रहता था और वे बहुत ऊंची ब्याज दरों पर महाजनों से ऋण लेते थे और उनके जाल में जीवन भर के लिए फंस जाते थे, परंतु, आज इस समस्या को बहुत बड़ी हद तक हल किया जा सका है और किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसान को आसान नियमों के अंतर्गत बैंकों से पर्याप्त ऋण की सुविधा उपलब्ध है और इस सुविधा का लाभ आज देश के करोड़ों किसान उठा रहे हैं। दूसरे, इसी संदर्भ में किसान सम्मान निधि योजना भी किसानों के लिए बहुत लाभकारी सिद्ध हो रही है और इस योजना का लाभ भी करोड़ों किसानों को मिल रहा है। इससे किसानों की कृषि सम्बंधी बुनियादी समस्याओं को दूर करने के सफलता मिली है। भारतीय कृषि आज भी मानसून पर निर्भर है। देश के ग्रामीण इलाकों में सिंचाई सुविधाओं का अभाव है। इस समस्या को हल करने के उद्देश्य से भारत सरकार प्रति बूंद अधिक फसल की रणनीति पर काम कर रही है एवं सूक्ष्म सिंचाई पर बल दिया जा रहा है ताकि कृषि के क्षेत्र में पानी के उपयोग को कम किया जा सके तथा जल संरक्षण के साथ सिंचाई की लागत भी कम हो सके। देश में कृषि जोत हेतु पर्याप्त भूमि का अभाव है और देश में सीमांत एवं छोटे किसानों की संख्या करोड़ों की संख्या में हो गई है। जिससे यह किसान किसी तरह अपना और परिवार का भरण पोषण कर पा रहे हैं इनके लिए कृषि लाभ का माध्यम नहीं रह गया है। इन तरह की समस्याओं के हल हेतु अब केंद्र सरकार विभिन्न उत्पादों के लिए प्रतिवर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य में, मुद्रा स्फीति को ध्यान में रखकर, वृद्धि करती रहती है, इससे किसानों को अत्यधिक लाभ हो रहा है। भंडारण सुविधाओं (गोदामों एवं कोल्ड स्टोरेज का निर्माण) में पर्याप्त वृद्धि दर्ज हुई है एवं साथ ही परिवहन सुविधाओं में सुधार के चलते किसान कृषि उत्पादों को लाभ की दर पर बेचने में सफल हो रहे है अन्यथा इन सुविधाओं में कमी के चलते किसान अपने कृषि उत्पादों को बाजार में बहुत सस्ते दामों पर बेचने पर मजबूर हुआ करता था। खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना भारी मात्रा में की जा रही है इससे कृषि क्षेत्र में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिल रहा है एवं कृषि उत्पादों की बर्बादी को रोकने में सफलता मिल रही है। आज भारत में उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उपयोग पर ध्यान दिया जा रहा है ताकि उर्वरकों के उपयोग की आवश्यकता कम हो एवं कृषि उत्पादकता बढ़े। इस संदर्भ में मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना भी किसानों की मदद कर रही है इससे किसान कृषि भूमि पर मिट्टी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर कृषि उत्पाद कर रहे हैं। राष्ट्रीय कृषि बाजार को स्थापित किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि किसान सीधे ही उपभोक्ता को उचित दामों पर अपनी फसल को बेच सके। साथ ही, कृषि फसल बीमा के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि देश में सूखे, अधिक वर्षा, चक्रवात, अतिवृष्टि, अग्नि आदि जैसी प्रकृतिक आपदाओं के चलते प्रभावित हुई फसल के नुक्सान से किसानों को बचाया जा सके। आज करोड़ों की संख्या में किसान फसल बीमा योजना का लाभ उठा रहे हैं।

मनाया प्रवेशोत्सव

औबेदुल्लागंज, समय जगत । शासकीय सी एम राइज विद्यालय में विधायक की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव मनाया। नए सत्र 2025 -26 का शुभारंभ 1 अप्रैल 2025 को विधायक महोदय माननीय सुरेंद्र पटवा जी की उपस्थिति में मनाया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम शासकीय शालाओं में नए सत्र का शुभारंभ हुआ माननीय विधायक महोदय श्री सुरेंद्र पटवा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विधायक महोदय द्वारा छात्र एवं छात्राओं को तिलक लगाकर एवं पुस्तक वितरण के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा प्राचार्य मैडम श्रीमती चंद्रावती अतुलकर द्वारा प्रवेश उत्सव में 1 से 4 अप्रैल तक के कार्यक्रम की रूपरेखा बताई गई। एसडीएम श्री चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यार्थियों का जीवन शिक्षकों से ही संवारता है। जिला महामंत्री श्री रविंद्र विजयवर्गीय द्वारा बताया गया की आजादी के बाद सरकारी विद्यालयों में सी एम राइज विद्यालय ही हैं, जहां सरकारी विद्यालय में इतनी सुविधा छात्रों को प्रदान हो रही हैं। द्व श्री हेमराज मीणा एवं नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे द्वारा भी छात्रों को प्रवेश के लिए प्रोत्साहन दिया गया।

जाहिर सूचना

जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक MP47MD7024 जो कि स्व.गौरीशंकर करोड़े के नाम से पंजिकृत है। अतः उक्त वाहन को उनकी पत्नी अर्चना करोड़े पति स्व.गौरीशंकर करोड़े के नाम स्वामित्व अंतरण करने हेतु जिला परिवहन कार्यालय हरदा में आवेदन प्रस्तुत किया है। अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के सूचना प्रकाशन से सात दिवस के अंदर आरटीओ कार्यालय हरदा में आपत्ति दर्ज करा सकते है।

अर्चना करोड़े पति स्व. गौरीशंकर करोड़े निवासी न्यू एलआईजी कालोनी, शंकर मंदिर के पास हरदा, तह.जिला हरदा, (म.प्र.)

जाहिर सूचना

जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि स्वराज ट्रेक्टर क्रमांक MP05AG9584 जो कि स्व.टीकाराम किर के नाम से पंजिकृत है। अतः उक्त ट्रेक्टर को उनकी पत्नी रमाबाई किर पति स्व.टीकाराम किर के नाम स्वामित्व अंतरण करने हेतु जिला परिवहन कार्यालय नर्मदापुरम में आवेदन प्रस्तुत किया है। अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के सूचना प्रकाशन से सात दिवस के अंदर आरटीओ कार्यालय नर्मदापुरम में आपत्ति दर्ज करा सकते है।

रमाबाई किर पति स्व.टीकाराम किर, म.नं.23, तहसील सिवनी मालवा, पोस्ट पगढ़ाल रानीपुर, जिला नर्मदापुरम

कार्यालय वन मण्डल अधिकारी वन मण्डल धार माण्डव रोड, धार (म.प्र.) - 454001.

Email- dfotdhar@mp.gov.in

जाहिर सूचना

सर्व श्री को सूचित किया जाता है कि, आरामशीन संचालक श्री सलीम हुसैन पिता मुश्फिक हुसैन आरामशीन स्थान- मानखिडकी लकडीपीठा धार, जिला धार की मृत्यु दिनांक 14.02.2024 की हो जाने से उनके पुत्र श्री कासिम पिता सलीम हुसैन कुरैशी, मानखिडकी लकडीपीठा धार के नाम किये जाने हेतु काष्ट आधारित उद्योगों हेतु गठित राज्य स्तरीय समिति भोपाल में नामांतरण हेतु प्रकरण प्रेषित किया जाना है।

श्री कासिम पिता सलीम हुसैन कुरैशी मनखिडकी लकडीपीठा खिडकी लकडीपीठा धार द्वारा आवेदन दिनांक 18.03.2024 एवं शपथ पत्र दिनांक 13.03.2024 को कर आरामशीन नामांतरण की कार्यवाही किये जाने का अनुरोध किया गया है।

आरामील/ फर्म में हित रखने वाले किसी भी व्यक्ति या अन्य कोई वयक्ति को आरामिल अनुज्ञप्ति को नामांतरण करने में आपत्ति हो तो जाहिर सूचना के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेजो के कार्यालय, वन मण्डल अधिकारी, वन मण्डल धार को दर्ज करावें। अन्यथा आरामिल अनुज्ञप्ति नामांतरण श्री कासिम पिता सलीम हुसैन कुरैशी, मानखिडकी लकडीपीठा, जिला धार म0प्र0 के नाम कर दी जावेंगी। बाद कोई गुजरे मियाद किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

अनुज्ञापन अधिकारी एवं वन मण्डल अधिकारी (क्षै.) वन मण्डल धार

जाहिर सूचना

जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक MP47ZA1131 जो कि स्व.सूरज बुंदेला के नाम से पंजिकृत है। अतः उक्त वाहन को उनके पिताजी श्री संतोष बुंदेला के नाम स्वामित्व अंतरण करने हेतु जिला परिवहन कार्यालय हरदा में आवेदन प्रस्तुत किया है। अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के सूचना प्रकाशन से सात दिवस के अंदर आरटीओ कार्यालय हरदा में आपत्ति दर्ज करा सकते है।

स्व.सूरज बुंदेला पिता श्री संतोष बुंदेला, निवासी खामापड़वा, पोस्ट सुखरास, तह.जिला हरदा, (म.प्र.)

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

क्रमांक 9045/ राजस्व / भोविप्रा / 25
भोपाल दिनांक 21/02/2025

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, की प्राधिकरण कि इन्द्रपुरी योजना स्थित भूखण्ड क्र0 40 सेक्टर-सी, आवंटी श्री इन्द्रजीत राय आत्मज श्री गंगामन राय के नाम पर आवंटित है आवंटी द्वारा डॉ. अकील मोहम्मद खान आत्मज श्री आदिल मोहम्मद खान को अपना मुख्तारआम नियुक्त कर मुख्तारनामा दि0 18.09.1992 को पंजीकृत कराया गया मुख्तारआम द्वारा मेसर्स अपेक्स बिल्डर्स द्वारा पार्टनर श्री शकील मोहम्मद खान आ0 श्री आदिल मो0 खान ने भूखण्ड पर बहुमंजिला भवन का निर्माण कर भूखण्ड पर निर्मित सम्पत्ति पृथक-पृथक व्यक्तियों को विक्रय की गई जिसमें से दुकान क्र0-02, भूतल स्थित जिसका क्षेत्रफल 130 वर्गफुट का विक्रय श्री कृपा शंकर मिश्रा आ0 श्री राम प्रताप मिश्रा को कर विक्रय पत्र दि0 28.10.1994 को पंजीकृत कराया गया श्री कृपा शंकर मिश्रा द्वारा उक्त दुकान का नामान्तरण अपने नाम पर नहीं कराया गया एवं दुकान का विक्रय श्रीमती भारती गोपाल एवं श्री गोपाल दिगम्बर साली को कर विक्रय पत्र दि0 06.05.2005 को पंजीकृत कराया गया श्रीमती भारती गोपाल एवं श्री गोपाल दिगम्बर साली द्वारा दुकान का नामान्तरण अपने नाम पर नहीं कराया गया एवं दुकान का विक्रय श्री दीपक सोनी आ0 श्री प्रभुदयाल सोनी को कर विक्रय पत्र दि0 16.12.2011 को पंजीकृत कराया गया। श्री दीपक सोनी द्वारा उक्त दुकान का नामान्तरण अपने नाम पर नहीं कराया गया एवं उक्त दुकान का विक्रय श्री राजेश विश्वकर्मा आ0 श्री श्रीकिशन विश्वकर्मा को कर विक्रय पत्र दि0 24. 12.2024 को पंजीकृत कराया गया। पंजीकृत विक्रय पत्रों के आधार पर श्री राजेश विश्वकर्मा द्वारा उक्त दुकान का नामान्तरण / नाम सम्मिलित अपने नाम पर करने का निवेदन किया है।

यदि उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य / दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा / आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल

चने के भूसे से भरे ट्रक ड्राइवर ने काली सिंध नदी में पुल के ऊपर से लगाई छलांग

समय जगत, सारंगपुर । राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 52 फोरलेन बाईपास पर काली सिंध नदी पर बने पुल से सोमवार रात्रि लगभग 10 बजे एक ट्रक ड्राइवर ने नदी में छलांग लगा दी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक यु पी 75 बी टी 6050 में चने का भूसा भर कर भिंड से इंदौर की ओर जा रहा था। ट्रक ड्राइवर सुखबीर सिंह पिता बालकिशन कठेरिया उम्र 50 साल निवासी इटावा उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 52 फोरलेन बाईपास पर काली सिंध नदी पर बने पुल पर अचानक ट्रक रोका तथा अतिरिक्त ड्राइवर मोनू कुशवाह से कहा कि उसे नदी में प्रसाद और 10 रुपए का सिक्का विसर्जित करना है। इसके बाद वह नीचे उतरा और नदी में कूद गया। थानाप्रभारी शकुंतला बामनिया के अनुसार, घटना के बाद पुल पर भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से रात्रि में ही ड्राइवर की तलाश की।

IV Civil Judge, Junior Division Presiding Officer : सुश्री काजल सिंह पटेल

आदेश नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु।
(RCSA00000-46/2023
सरोज बाई...... वादी
Vs
चिंताबाई ......प्रतिवादी
प्रो.न./273/25
Process Id-/2025
पेशी दिनांक : - 05/05/2025

प्रेषिति -
(1) दीपक पिता बलराम, पता- निवासी ग्राम खुदिया तहसील सिराली जिला हरदा

यह कि प्रार्थी सरोजबाई ने आपके विरूद्ध व्यवहारवाद के लिए बाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर(अधिवक्ता)द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 27 March 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(काजल सिंह पटेल)
न्यायाधीश
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड हरदा, जिला-हरदा (म.प्र.)

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, श्रीमती रिया चंदानी पत्नि श्री मुकेश कुमार चंदानी, निवासी -बी2-601, विष्णु हाईटेक सिटी, बावडिया कलां, भोपाल (म.प्र.) एतद्वारा घोषित करती हूं कि शादी के पूर्व मेरा नाम कु. अन्तु वाधवानी पुत्री श्री चंद्र लाल वाधवानी के नाम से जानी व पहचानी जाती थी, श्री मुकेश कुमार चंदानी से शादी के पश्चात मेरा नाम "रिया चंदानी" रखा गया था और वर्तमान में मैं "श्रीमती रिया चंदानी" पत्नी श्री मुकेश कुमार चंदानी के नाम से ही जानी व पहचानी जाती हूं तथा भवष्य सभी सरकारी एवं गैर सरकारी दस्तावेजों मुझे श्रीमती रिया चंदानी पत्नी श्री मुकेश कुमार चंदानी के नाम से पढ़ा व लिखा जावे।

पुराना नामः (अन्तु वाधवानी)
नया नामः (श्रीमती रिया चन्दानी)

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति कुम्भराज, जिला - गुना (म0प्र0)

ईमेल आई डी.-awmkumgunmp@nic.in — टेलीफोन नं - 07548-243237
क्रमांक / मंडी/स्टोर/ 2024-25/935- — कुम्भराज, दिनांक 27/03/25

"कोटेशन विज्ञप्ति सूचना"

एतद् द्वारा सर्व साधारण छपाई कार्य करने वाले छपाई कारखानों / संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि, मंडी समिति कुम्भराज जिला गुना, म0प्र0 में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुये 37 (1) अनुबंध बुकें, भुगतान पत्रक, नीलामी पंजी, प्रवेश शुल्क बुकें, नोट शीट, तौल पत्रक, पाक्षिक विवरणी प्रारूप 10 अनुज्ञा, मंडी शुल्क बुकें एवं ट्रक प्रवेश शुल्क, कृषक भोजन कूपन इत्यादि छपाई कार्य कराया जाना हैं। जिसके लिए दिनांक 11/04/2025 तक कोटेशन आमंत्रित किये जाते हैं। जो मंडी कार्यालय में प्रत्येक कार्य दिवस मे समय दोपहर 3:00 बजे तक बंद लिफाफे में प्रस्तुत किये जा सकते हैं। कोटेशन दिनांक 11/04/2025 को ही सायं 04:00 बजे उपस्थित कोटेशनकर्ताओं के समक्ष खोले जावेंगे।

शर्ते निम्नानुसार हैं :-

1. कोटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार मंडी समिति के पास सुरक्षित रहेगा, जिसे न्यायालय में चुनौतीं नहीं दी जा सकेगी।
2. सामग्री प्राप्ति के उपरांत ही भुगतान किया जावेगा।
3. अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालयीन स्टोर शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति, कुम्भराज
जिला गुना (म.प्र.)

कार्यालयय नगरपालिक निगम कटनी (म.प्र.)

क्रमांक.557/रा.वि.ना.शा./2025 — कटनी दिनांक 24/03/2025

नामांतरण सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत निम्नलिखित भवनों पर नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुये है भवन के नाम परिवर्तन पर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में मात्र कर वसूली हेतु कर पंजी में नाम परिवर्तन की कार्यवाही की जावेगी।

क्र.	नाम हस्तांतरक	नाम हस्तांतरिती	नामांतरण का आधार	भवन क्रमांक एवं वार्ड का नाम
1	श्री गोपालदास, श्री केशव प्रसाद, श्री नारायण प्रसाद/ श्री मदनमोहन, मोहनी सत्या, संतोष, रूकमणी मु.श्रीमति शशी बेवा श्री किशोर मोहित ना.बा.व. किशोर बली माँ शशी बाई	श्रीमति अर्चना अग्रवाल/श्री नीलेश अग्रवाल	रजिस्ट्री	385 का अंश भाग आचार्य विनोवाभावे वार्ड
2	श्री गोपालदास, श्री केशव प्रसाद, श्री नारायण प्रसाद/ श्री मदनमोहन, मोहनी सत्या, संतोष, रूकमणी मु.श्रीमति शशी बेवाश्री किशोर मोहित ना.बा.व. किशोर बली माँ शशी बाई	श्रीमति अर्चना अग्रवाल/श्री नीलेश अग्रवाल	रजिस्ट्री	385 का अंश भाग आचार्य विनोवाभावे वार्ड
3	श्री दीपक खम्परिया/श्री तुलसीदास खम्परिया	श्री श्रीराम तिवारी/श्री रामनरेश तिवारी	रजिस्ट्री	708 का अंश भाग गुरूनानक वार्ड
4	श्रीमति सरस्वती दाहिया पिता श्री देवेन्द्र कुमार दाहिया	श्रीमति कैथरीन लाल पिता श्री मेरल एस.बी.लाल	रजिस्ट्री	2522 रामजानकी हनुमान वार्ड
5	श्रीमति हीरा बाई नाउन खरीददार श्री श्यामलाल गुप्ता	श्री बाबूलाल/स्व. श्यामलाल गुप्ता एवं श्रीमति अर्चना/स्व. दिनेश कुमार गुप्ता	रजिस्ट्री मृत्युप्रमाणपत्र शपथपत्र	611 गुरूनानक वार्ड
6	श्री किशोर कुमार /श्री चान्दूमल	श्री सतीश कुमार आहूजा/श्री विशनदास आहूजा	रजिस्ट्री	777 बी.डी. अग्रवाल वार्ड
7	मेसर्स द्वारका इन्फ्रावेन्चर्स प्रा.लि. द्वारा डायरेक्ट श्री हेमनदास मोटवानी/श्री दयालदास मोटवानी	श्रीमति अनामिका गौतम/श्री जीतेश गौतम एवं श्री जीतेश गौतम/श्री सुरेश गौतम	रजिस्ट्री	143 का अंश भाग बाबू वंशस्वरूप वार्ड
8	मेसर्स द्वारका इन्फ्रावेन्चर्स प्रा.लि. द्वारा डायरेक्ट श्री हेमनदास मोटवानी/श्री दयालदास मोटवानी	श्री मयूर पुरूषवानी/श्री मुरलीधर पुरूषवानी	रजिस्ट्री रजि. हकत्यागपत्र	143 का अंश भाग बाबू वंशस्वरूप वार्ड
9	धारक श्री रज्जूलाल/श्री मंगा श्रीवास	श्री मोहनलाल श्रीवास, श्री गोपाल प्रसाद दानो के पिता स्व.रज्जूलाल	मृत्युप्रमाणपत्र शपथपत्र	266 महाराणा प्रताप वार्ड
10	मेसर्स शुभ बिल्डर्स कटनी द्वारा पार्टनर श्री हीराचंद/श्री किशनचंद एवं श्री विकास गुप्ता /श्री गोपालचारी गुप्ता, श्री हीरालाल/ श्री लालचंद गुप्ता, श्री श्यामलाल/श्री गोपाल वाधवानी	श्री नितिन टहलानी/श्री विजय कुमार टहलानी एवं श्रीमति पूनम टहलानी/श्री विजय कुमार टहलानी	रजिस्ट्री	421 का अंश भाग रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड

राजस्व अधिकारी
नगरपालिक निगम, कटनी

न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोलार जिला भोपाल

प्रकरण क्रमांक 7276/अ-6/2024/25

:: उद्घोषणा पत्र ::

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुराग वर्धन सिंह हजारी आ. पुष्पेन्द्र सिंह हजारी निवासी भोपाल म.प्र. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय एमपी059702024ए11038216 दिनांक 02/09/24 ग्राम बावडियाकलां प.ह.नं. स्थित भूमि खसरा नंबर 442, 443/3/3, 442, 443/4/1, 442, 443/4/2 के अंशभाग में भूखण्ड हे. एम.-125 जिसका क्षेत्रफल 142.19 वर्गमीटर हे. भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किए जाने का अनुरोध किया है।

2- उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था कोई आपत्ति हो तो वह 16.04.2025 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 1/04/2025 को जारी किया गया।

नायब तहसीलदार तहसील कोलार, भोपाल

न्यायालय नजूल अधिकारी, तहसील कोलार, भोपाल

क्रमांक /क्यू/ रीडर / 2025
भोपाल दिनांक 24/03/2025
प्रकरण क्रमांक /अ-6/2024-25

इश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्री जयकुमार गहोदिया आ. स्व. श्री परमानन्द गहोदिया एवं श्रीमती ममता गहोदिया पत्नी स्व. श्री मनोज गहोदिया निवासीगण 242, सेक्टर-2, शक्ति नगर, भोपाल द्वारा अरेरा कालोनी ग्राम शाहपुरा, तहसील कोलार स्थित लीज भूमि क्रमांक ई- 2/151 क्षेत्रफल 2314 वर्गफीट के नामांतरण हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जो, विचाराधीन है।

आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त नजूल भूमि के नामांतरण के व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी तहसील कोलार, भोपाल

न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोलार जिला भोपाल

प्रकरण क्रमांक 5628/अ-6/2024/25

:: उद्घोषणा पत्र ::

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती भागवती चौहान पत्नी स्व. श्री विरेन्द्र चौहैन निवासी बरेली रायसेन म.प्र. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय क्र. एमपी0597020 2ए1859497 दिनांक 04/7/24 ग्राम बावडियाकलां प.ह.नं. स्थित भूमि खसरा नंबर मकान क्रं. ई-1/54 टाईप लोटर शालीमार सेवेन गार्डन रकबा 98.51 वर्गमी भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किए जाने का अनुरोध किया है।

2- उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था कोई आपत्ति हो तो वह 11.04.2025 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 28/3/2025 को जारी किया गया।

नायब तहसीलदार तहसील कोलार, भोपाल

न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोलार जिला भोपाल

प्रकरण क्रमांक 5629/अ-6/2024/25

:: उद्घोषणा पत्र ::

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष चौहान आ. स्व. श्री बाबूलाल चौहान निवासी बरेली रायसेन म.प्र. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय क्र. 3548(2) दिनांक 18/3/14 ग्राम बावडियाकलां प.ह.नं. स्थित भूमि खसरा नंबर 395, 396/1, 396/2, 409/1, 409/2, 411/1, 411/12 रकबा 42.45 वर्गमीटर भूखण्ड डी-3/522 भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किए जाने का अनुरोध किया है।

2- उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था कोई आपत्ति हो तो वह 11.04.2025 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 28/3/2025 को जारी किया गया।

नायब तहसीलदार तहसील कोलार, भोपाल

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

आम सूचना

अयोध्या नगर फेस -5 पार्ट-2 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू. एस. 172 मण्डल द्वारा श्रीमती रजनी गुप्ता पत्नी श्री प्रकाश चन्द्र गुप्ता के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 24/09/2015 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती संजू लोधी पत्नी श्री बलवीर सिंह के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विकय विलेख दिनांक 07/03/2025 को केता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती संजू लोधी पत्नी श्री बलवीर सिंह के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल
(पुराना जिला पंचायत भवन कोहेफिजा जिला भोपाल)

रा.प्र.क्रं.0173/अ-12/24-25

सार्वजनिक नोटिस

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में सीमांकन की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 7/4/25 को 03.00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन सीमांकन के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

अनुसूची

ग्राम का नाम पीपलनेर, खसरा नंबर 207/10/2 क्षेत्रफल 0.202 हेक्टर, उस व्यक्ति विवरण जिनके पक्ष में सीमांकन विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) जगतार कौर चावला/आर.एस. चावला नि. शहर भोपाल

आज दिनांक 1/4/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

दिनांक :- 1/4/25

तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल
(पुराना जिला पंचायत भवन कोहेफिजा जिला भोपाल)

रा.प्र.क्रं.0175/अ-12/24-25

सार्वजनिक नोटिस

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में सीमांकन की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 7/4/25 को 03.00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन सीमांकन के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

अनुसूची

ग्राम का नाम पीपलनेर, खसरा नंबर 207/10/1/4 क्षेत्रफल 0.093 हेक्टर, उस व्यक्तिा विवरण जिनके पक्ष में सीमांकन विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) सत्येन्द्र शुक्ला विष्णु कुमार नि. शहर भोपाल

आज दिनांक 1/4/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

दिनांक :- 1/4/25

तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

न्यायालय नायब तहसीलदार संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

रा.प्र.क्रं. 1613/अ-3/24-25

सार्वजनिक नोटिस

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 01/04/2025 को 03.00 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

अनुसूची

ग्राम का नाम निशातपुरा, खसरा नंबर 106-107,108 व 111/2, क्षेत्रफल 600 वर्गफिट, उस व्यक्तिा विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) नौशाद खान/ जीशाद खान।

आज दिनांक 01/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल
(पुराना जिला पंचायत भवन कोहेफिजा जिला भोपाल)

रा.प्र.क्रं.0167/अ-12/24-25

सार्वजनिक नोटिस

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में सीमांकन की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 7/4/25 को 03.00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन सीमांकन के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

अनुसूची

ग्राम का नाम पीपलनेर, खसरा नंबर 210/2, 209/1/2, 209/2/2 क्षेत्रफल 0.303 हेक्टर, उस व्यक्ति विवरण जिनके पक्ष में सीमांकन विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) साशा गुप्ता/डी.पी. गुप्ता नि. शहर भोपाल

आज दिनांक 1/4/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

दिनांक :- 1/4/25

तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल
(पुराना जिला पंचायत भवन कोहेफिजा जिला भोपाल)

रा.प्र.क्रं.0174/अ-12/24-25

सार्वजनिक नोटिस

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में सीमांकन की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 7/4/25 को 03.00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन सीमांकन के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

अनुसूची

ग्राम का नाम पीपलनेर, खसरा नंबर 207/10/5 क्षेत्रफल 0.817 हेक्टर, उस व्यक्ति विवरण जिनके पक्ष में सीमांकन विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) सुनील कुमार गुप्ता/जी.सी. शाह नि. शहर भोपाल

आज दिनांक 1/4/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

दिनांक :- 1/4/25

तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल
(पुराना जिला पंचायत भवन कोहेफिजा जिला भोपाल)

रा.प्र.क्रं.0216/अ-12/24-25

सार्वजनिक नोटिस

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में सीमांकन की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 7/4/25 को 03.00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन सीमांकन के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

अनुसूची

ग्राम का नाम पीपलनेर, खसरा नंबर 207/10/1/2 क्षेत्रफल 0.0105 हेक्टेयर, उस व्यक्तिा विवरण जिनके पक्ष में सीमांकन विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) श्रीकांत भोला सरिया/वी.के. भोला सरिया नि. शहर

आज दिनांक 1/4/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

दिनांक :- 1/4/25

तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल
(पुराना जिला पंचायत भवन कोहेफिजा जिला भोपाल)

रा.प्र.क्रं.0168/अ-12/24-25

सार्वजनिक नोटिस

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में सीमांकन की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 7/4/25 को 03.00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन सीमांकन के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

अनुसूची

ग्राम का नाम पीपलनेर, खसरा नंबर 210/6, 207/10/4 क्षेत्रफल 0.415 हेक्टेयर, उस व्यक्तिा विवरण जिनके पक्ष में सीमांकन विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) सत्येन्द्र शुक्ला/विष्णु कुमार शुक्ला नि. शहर

आज दिनांक 1/4/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

दिनांक :- 1/4/25

तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल
(पुराना जिला पंचायत भवन कोहेफिजा जिला भोपाल)

रा.प्र.क्रं.0218/अ-12/24-25

सार्वजनिक नोटिस

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में सीमांकन की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 7/4/25 को 03.00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन सीमांकन के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

अनुसूची

ग्राम का नाम पीपलनेर, खसरा नंबर 207/10/1/3 क्षेत्रफल 0.930 हेक्टेयर, उस व्यक्तिा विवरण जिनके पक्ष में सीमांकन विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) वीणा घाणेकर/श्रीकांत घाणेकर

आज दिनांक 1/4/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

दिनांक :- 1/4/25

तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल
(पुराना जिला पंचायत भवन कोहेफिजा जिला भोपाल)

रा.प्र.क्रं.0165/अ-12/24-25

सार्वजनिक नोटिस

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में सीमांकन की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 7/4/25 को 03.00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन सीमांकन के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

अनुसूची

ग्राम का नाम पीपलनेर, खसरा नंबर 278/1/5/1/2 क्षेत्रफल 386 वर्गमीटर, उस व्यक्तिा विवरण जिनके पक्ष में सीमांकन विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) अमोल घाणेकर/श्रीकांत घाणेकर नि. शहर भोपाल

आज दिनांक 1/4/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

दिनांक :- 1/4/25

तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल
(पुराना जिला पंचायत भवन कोहेफिजा जिला भोपाल)

रा.प्र.क्रं.0217/अ-12/24-25

सार्वजनिक नोटिस

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में सीमांकन की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 7/4/25 को 03.00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन सीमांकन के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

अनुसूची

ग्राम का नाम पीपलनेर, खसरा नंबर 210/5 क्षेत्रफल 0.417 हेक्टर, उस व्यक्तिा विवरण जिनके पक्ष में सीमांकन विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) राजीव व अन्य/हरीशचन्द्र नि. शहर भोपाल

आज दिनांक 1/4/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

दिनांक :- 1/4/25

तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल
(पुराना जिला पंचायत भवन कोहेफिजा जिला भोपाल)

रा.प्र.क्रं.0219/अ-12/24-25

सार्वजनिक नोटिस

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में सीमांकन की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 7/4/25 को 03.00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन सीमांकन के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

अनुसूची

ग्राम का नाम पीपलनेर, खसरा नंबर 211/2/2 क्षेत्रफल 0.198 हेक्टर, उस व्यक्ति विवरण जिनके पक्ष में सीमांकन विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता)मिलन महेश्वरी/एम.के. महेश्वरी नि. शहर भोपाल

आज दिनांक 1/4/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

दिनांक :- 1/4/25

तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

अतिथि से पहले गुरुजनों का सम्मान है नर्मदांचल की अच्छी परंपरा : डॉ.श्रीराम परिहार

समय जगत,हरद। किसी शिक्षक की विदाई के उत्सव में जब शिक्षक खुद कृतज्ञता का भाव ज्ञापित करने के लिए अपने उन गुरूजनों के सम्मान की नई परंपरा शुरू करता है,जिन्हें वह इस मुकाम तक पहुंचाने का सही हकदार मानता है,तब ऐसा आयोजन महोत्सव में बन जाता है। यह बात ललित निबंधकार डॉ.श्रीराम परिहार ने कही।वे साहित्यकार एवं 38 साल शिक्षकीय सेवा में रहने के बाद साधना हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य पद से रिटायर हो रहे ज्ञानेश चौबे के अनुभूति-संवाद कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रुप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने चौबे की सादगी,आत्मीय व्यवहार, सहयोगात्मक रवैए और सृजनात्मक नजरिए का जिक्र करते हुए कहा कि दो लाख की आबादी वाले शहर में ऐसा व्यक्ति बनना भी कठिन और बड़ा काम है,जिस पर पूरा शहर भरोसा कर सके। कोई व्यक्ति बिना सिद्धांत, समर्पण,निष्ठा और कर्म व वाणी की एकरुपता के बिना ऐसा बन ही नहीं सकता है। डॉ परिहार ने कहा कि उनका मन निर्मल है, विचार नर्मदा के जल की तरह पवित्र हैं। उन्होंने कहा कि कला, राजनीति,धर्म हर मंच पर राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ संचालन में उनकी अलग पहचान है।सतपुड़ा की सुष्मा उनके चेहरे पर झलकती है। आदिवासी कला एवं बोली विकास परिषद के संचालक डॉ.धर्मेंद्र पारे ने कहा कि प्रणति हमारी संस्कृति है। सेवाओं के प्रति हमारी कृतज्ञता का धर्म है। जब विश्वास का संकट गहरा रहा है,ऐसे में उन्होंने तप के साथ अपने शिक्षकीय दायित्व को सफलतापूर्वक पूरा किया। ऐसे व्यक्तित्व और कृतित्व हमें भविष्य की नई पीढ़ी के संस्कारवान होने के प्रति आश्वस्त करते हैं।विधायक आरके दोगने ने कहा कि कई राजनीतिक कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति एक भरोसा थी। यही कारण रहा कि उनके कुशल संचालन में किसी राजनीतिक दल ने कभी आपत्ति नहीं ली। हर उत्सव निर्विवाद रहा।शिक्षण विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण जेसानी ने कहा कि चौबे के पिता भी शिक्षक थे,उनके दिए अनुशासन व संस्कार की प्रतिछाया बेटे में भी परिलक्षित होती है,यही संस्कार उन्होंने शिक्षकीय सेवा के दौरान नई पीढ़ी के विद्यार्थियों को भी दिए हैं। जैन समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन ने कहा कि,चौबे ने साहित्यिक और विकास केंद्रित किताबों का संपादन किया। साहित्यिक पटल पर उनकी अलग लेखन शैली व पहचान है। पूर्व नपाध्यक्ष हेमंत टाले ने कहा कि समय की पाबंदी और साफगोई तथा सादगी व सहजता से कर्तव्य निर्वहन के लिए उनका व्यक्तित्व जाना जाएगा।

हनुमान जयंती पर हनुमंत शक्ति जागरण अनुष्ठान करेगा ब्राह्मण समाज

समय जगत,हरदा। ब्राह्मण समाज कार्यकरणी बैठक निजी होटल मे आयोजित की गई, जिसमे कई महत्पूर्ण निर्णय लिए गये। जिसमे ब्राह्मण समाज संगठन की नवीन कार्यकारणी का गठन को लेकर चर्चा की गई । आगामी 12 अप्रेल को हनुमान जयंती पर प्रतिवर्षानुसार चौथे वर्ष भी हनुमंत शक्ति जागरण अनुष्ठान जाप आयोजित करने की तैयारी को लेकर सुझाव आमंत्रित किये गये। क्रियांवयन को लेकर दायित्व सौपे गये,बैठक की जानकारी देते हुए सचिव उदय बेलापुरकर ने बताया की गुड़ी पड़वा नए वर्ष आयोजित बैठक मे नार्मदीय समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक पारासरजी का सम्मान, वरिष्ठ एल एन पारासर, कैलास चुतुर्वेदी, हरिनारायण जोशी, प्रवीण काशिव ने तिलक लगाकर पुष्पहार से किया।बैठक मे कार्यकारणी गठन की घोषणा, रामनवमी तक किये जाने के लिए संगठन के अध्यक्ष रजनीश शर्मा द्वारा की गई, जिसकी शुरआत मे सर्वप्रथम कोषाध्यक्ष के लिए सुभाष पस्टारिया, राकेश जोशी को बनाया गया, जिनका तिलक लगाकर नीतू चौबे, प्रीति गुहा ने सम्मान किया। संगठन के रजिस्ट्रेशन की नियमवाली के अनुसार कार्य किये जाने पर जोर दिया गया, बैठक मे गोपाल शुक्ला,राजेश जोशी,नीलेश शुक्ला, प्रीति शिकारी,अमित शर्मा, विपिन दुबे ने संगठन के कार्य की सरहाना करते हुए समाजसेवा का अग्रणी संगठन के रूप मे पहचान बना चुका साथ हि संगठन की सदस्यता शीघ्र शुरु किये जाने पर जोर दिया गया। बैठक के अंत मे जिले के विकास पुरुष विष्णु राजोरिया एवं ब्राह्मण आयोग अध्यक्ष विष्णु राजोरिया की माता जी के निधन पर मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई ।

संक्षिप्त समाचार

अखंड सुहाग की कामना को लेकर सुहागिनों ने की गणगौर माता की पूजा , किए सोलह श्रृंगार

समय जगत, छापीहेड़ा। नगर में मेडतवाल समाज की महिला मंडल द्वारा गणगौर के प्रतीक के रूप में गणगौर पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. पूलिस थाना परिसर स्तिथ शिवालय पर तालाब चोक स्तिथ राधा कृष्ण मन्दिर एवं कांकरिया रोड स्तिथ सिद्ध बालाजी मंदिर परिसर पर महिलाओं ने सोलह शृंगार कर गणगौर माता की पूजा की. कुंवारी कन्याओं ने अच्छे वर की प्राप्ति के लिए पूजा की. महिलाओं ने पति की लंबी उम्र की कामना की स्थानीय निवासी पारुल गुप्ता ने बताया कि महिलाओं ने विशेष व्यंजन बनाए, जिनका गणगौर माता को भोग लगाया. महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाए. नवविवाहित महिलाओं के लिए पहली गणगौर का विशेष महत्व है. गणगौर की शुरुआत होलिका दहन के अगले दिन से होती है. यह त्योहार 16 दिन चलता है।

राहुल गौड को गणित विषय में मिली पीएचडी की उपाधि

ब्यावरा। शासकीय लाल बहादुर शास्त्री पीजी महाविद्यालय सिरोंज जिला विदिशा में गणित विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापक राहुल गौड को फिक्स्ड प्वाइंट्स कांट्रैक्टिव एक्सपेंसिव एंड नॉन एक्सपेंसिव मैपिंग ऑन न्यू एब्स्ट्रेक्ट स्पेस गणित विषय पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा राहुल गौड को उक्त पीएचडी उपाधि प्रदान की गई, उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान भोपाल के गणित विषय के विभागाध्यक्ष, शोध निदेशक प्रोफेसर डॉक्टर मनोज कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में पूर्ण किया राहुल गौड, शासकीय नेताजी सुभाष चंद्र महाविद्यालय ब्यावरा के होनहार छात्र रहे हैं संडावता निवासी राहुल के गणित विषय पर राष्ट्रीय ,अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में लगभग 15 शोध पत्र प्रकाशित किया जा चुके हैं श्री राहुल की की इस उपलब्धि पर शासकीय पी.जी.महाविद्यालय सिरोंज ब्यावरा संडावता के गुरुजनों, ईस्ट मित्रों समाज,व परिवार के सदस्यों ने बधाइयां दी।

बच्चों को तिलक लगाकर शाला में मनाया प्रवेशोत्सव

समय जगत, झाबुआ। शासन के निर्देशानुसार आज 1 अप्रैल 2025 को शासकीय माध्यमिक विद्यालय देवझिरी पंडा में स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री निर्मला भूरिया एवं कलेक्टर नेहा मीना के स्कूल पहुंचते ही बालिकाओं द्वारा तिलक लगाकर पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। स्कूल प्राचार्य द्वारा स्कूल के संबंध में जानकारी दी गई। कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री निर्मला भूरिया द्वारा कहा गया कि बच्चे देश का भविष्य होते है। आने वाली पीढ़ी हर क्षेत्र में आगे बढ़े देश के अच्छे नागरिक बने। यह हमारा दायित्व है कि हम बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर अच्छा नागरिक बनाएं व उच्च पदों पर पहुंचे। स्कूल की दीवारों पर भारत का नक्शा बनाएं जिसे बच्चे प्रतिदिन देखकर ज्ञान अर्जित करे तथा इस प्रकार अन्य शिक्षा से संबंधित चीजे दीवारों पर अंकित करे। कलेक्टर नेहा मीना द्वारा बच्चों को प्रवेशोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चें प्रतिदिन स्कूल आए, मन लगाकर पढ़ाई करें व अच्छा मुकाम हासिल करें। बच्चों में अविश्वास विकसित करने हेतु समूह बनकर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित करें। उनके द्वारा सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देशित किया कि समस्त स्कूलों में नोटिस बोर्ड पर टॉपर्स बच्चों की लिस्ट बनाकर चिपकाएं जिससे वर्तमान में अध्ययनरत बच्चे देखकर मोटिवेट हो। साथ ही अभिभावकों से अपेक्षा की गई कि वे बच्चों की गतिविधियों की जानकारी रखें। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती निशा मेहरा द्वारा सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी गई व प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा 1 से 8 वीं तक के बच्चों को तिलक लगाकर , पुष्पमाला पहनाकर शाला प्रवेशोत्सव कराया एवं एनसीईआरटी पर आधारित पाठ्यपुस्तकों एवं स्कूल बैग का वितरण किया गया।

सुल्तानपुर के सीएम राइज स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव, बच्चों का हुआ शानदार स्वागत

समय जगत, सुल्तानपुर। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'स्कूल चलें हम' अभियान के तहत राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वही सुल्तानपुर के सी.एम. राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी हेमराज मीणा और प्राचार्य आर. एस. कुमार ने नव प्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया और उन्हें किताबें व चॉकलेट वितरित कीं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, खेल प्रतियोगिताओं और प्रेरणादायक भाषणों ने प्रवेश उत्सव की शोभा बढ़ाई। स्कूल की प्राचार्य ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाना और शिक्षा के प्रति रुचि जागृत करना है। स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन दो अप्रैल को शालाओं में भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम होगा। 3 अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। वही 4 अप्रैल को शहर के आगे जीत है। ध्येय के माध्यम से वर्ष 2025 की परीक्षा में कक्षा नहीं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय में पुनः प्रवेश के लिए अभिभावकों को इन बच्चों की आगे की पढ़ाई के लिए समझाइए दी जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षा पोर्टल 3.0 का उद्घाटन भी किया।

इस पोर्टल पर सरकारी- गैर सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स का डेटा स्टूडेंट डायरेक्ट्री मैनेजमेंट सिस्टम प्रणाली से किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान संकुल प्राचार्य, नगर परिषद अध्यक्ष के अलावा शिक्षक लालाराम गौर, रमेश लखवानी, कुलदीप श्रीवास्तव, रजनी बाला राय,रजनी दसोरे,अंकित सिंघाई,ताराबाई लोधी,हेमलता धाकड़,पूजा,उपासना,कल्पना, सी एस पोरिया,उमेश साहू,सुशील शर्मा,उमा भार्गव,अंजुम मंसूरी, प्रतिमा खरे,देवीराम जाटव सहित समस्त स्टॉप मौजूद रहा।

शासकीय सीएम राइज आदर्श स्कूल में धूमधाम से मनाया गया प्रवेशोत्सव

समय जगत, सुठालिया। मंगलवार को सी. एम. राइज कैंपस 02 नवीन सत्र का शुभारंभ प्रवेश उत्सव के रूप में हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिलाधीश के निर्देशानुसार कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद रामबाबू प्रजापति रहे। विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा मुख्य समस्त अभिभावक एवं विद्यार्थियों का तिलक लगाकर अभिवादन किया गया और पुष्प वर्षा के साथ परिसर में प्रवेश कराया गया। तत्पश्चात मां सरस्वती का पूजन माल्यार्पण कर पुस्तक वितरण तथा नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तालिया की गड़गड़ाहट से स्वागत किया गया कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा समस्त विद्यार्थियों को उत्साह वर्धन हेतु पेन वितरित किए गए तथा सभी का मिष्ठान द्वारा नवीन सत्र का शुभारंभ किया गया प्रधान अध्यापिका डॉ सुनीति राजपूत द्वारा समस्त अभिभावकों को विद्यालय संचालन में अनुशासित दिनचर्या के बारे में परिचय कराकर सहयोग हेतु अपेक्षा की गई सांस्कृतिक गतिविधि के रुप में बाल सभा का आयोजन किया गया कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रजनी शर्मा एवं ओपी शर्मा द्वारा किया गया समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बहुत ही सृजनात्मक तरीके से प्रवेश उत्सव को संचालित किया। आभार प्रदर्शन डॉ.सुनीति राजपूत द्वारा किया गया। विशेष मध्यान भोजन के साथ प्रवेश उत्सव संचालित किया गया।

पूर्व पार्षद के गोदाम में जुआ खेल मामले में सात गिरफ्तार, पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही

समय जगत, मनेंद्रगढ़। जिला मुख्यालय शहर मनेंद्रगढ़ में लंबे समय से जुए के अवैध अड्डों की शिकायतें पुलिस प्रशासन को मिल रही थीं। सोशल मीडिया पर भी इसे लेकर बहस तेज थी, जिससे प्रशासन पर दबाव बढ़ता जा रहा था आखिरकार, पुलिस ने तगड़ी रणनीति बनाई और बीते दिन सोमवार को एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया।पुलिस को पहले सूचना मिली कि स्टेशन रोड स्थित पैराडाइज होटल में जुए का खेल चल रहा है। टीम ने तत्काल दबिश दी, लेकिन वहां कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं मिली। हालांकि, पुलिस ने हार नहीं मानी और अवैध जुआ अड्डों पर कड़ी निगरानी जारी रखी।पूर्व पार्षद के गोदाम में खेल चल रहा था बड़ा खेल, सोमवार को पुलिस को पुख्ता जानकारी मिली कि पूर्व पार्षद श्याम सुंदर उर्फ मल्लू पोद्दार के मौहार पारा गोदाम में जुआ खेला जा रहा है। बिना देर किए, पुलिस टीम ने उच्च अधिकारियों को सूचित कर छापेमारी की। कार्यवाही के दौरान सात लोगों को रंगे हाथों जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया, जिनमें एक शिक्षक भी शामिल है।

नगदी, वाहन और आरोपियों की सूची,छापे के दौरान पुलिस ने 84,000 रुपये नगद और तीन मोटरसाइकिलें जब्त कीं। गिरफ्तार आरोपियों के नाम ,1. सुभान्शु पोद्दार (28) ङ्क निवासी पुराना पोस्ट ऑफिस के पास,2. मोहम्मद सलीम (35) निवासी वार्ड नंबर 05, मौहार पारा,3. अनुज गुप्ता (27) निवासी रामनगर चेक पोस्ट, अनुपपुर, म.प्र.,4. सरफराज अहमद (28) निवासी वार्ड नंबर 06, मौहार पारा,5. ठाकुर प्रसाद उर्फ सोनू (46) निवासी सिविल लाइन, मनेन्द्रगढ़,6. महेंद्र कुमार (39) निवासी वार्ड नंबर 17, पुरानी बस्ती, मनेन्द्रगढ़,7. इनामुल हसन (47) निवासी वार्ड नंबर 05, मौहार पारा।शहर में लंबे समय से चल रहे अवैध जुआ अड्डों को लेकर प्रशासन और मीडिया पर सवाल उठ रहे थे। पुलिस की यह कार्यवाही न केवल अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश है, बल्कि कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में भी एक बड़ा कदम है।पुलिस का कहना है कि अवैध गतिविधियों पर उनकी कड़ी नजर बनी रहेगी और आगे भी ऐसे छापे मारे जाएंगे। यह कार्यवाही उन जुआरियों एवं अवैध गतिविधियों में शामिल के लिए कड़ा सबक है जो गैरकानूनी कामों में लिप्त हैं।

यह मामला सिर्फ एक अवैध जुआ अड्डे के ध्वस्त होने का नहीं है, बल्कि यह दिखाता है कि पुलिस और प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। यह उन लोगों के लिए भी चेतावनी है, जो चोरी-छिपे ऐसे गैरकानूनी खेल खेल रहे हैं।

पीएम श्री कन्या माध्यमिक विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया प्रवेशोत्सव

समय जगत, बीनागंज। बीनागंज में संकुल प्राचार्य सुरेश कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में प्रवेशोत्सव सम्पन्न हुआ। श्री गुप्ता द्वारा नव प्रवेश बालक बालिकाओं का तिलक कर स्वागत किया व सभी को उपहार स्वरूप अपनी ओर से पेन भेंट किए।

इससे पूर्व अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, व भारत माता के श्रीचरणों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रवेशोत्सव की अध्यक्षा विद्यालय प्राचार्य हुकुमचंद साहू ने की संचालन सुधा सोनी द्वारा किया गया। आभार गोपाल मैथिल ने व्यक्त किया।प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को श्री गुप्ता के आलावा विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सपना अहिरवार, रमा मीना, राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक कृष्ण गोपाल मीना, अभिषेक मीना, महेन्द्र सिंह भील, दीपक प्रजापति, वैशाली साहू, अनुराधा साहू, वन्दना बरौनियां, कृष्णा शाक्य आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर तमन्ना जाटव, रामश्रीसेन, आयुषी यादव, वंशिका अहिरवार, सिमरन, दिलकश सहित बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएं एवं पालक मौजूद रहे।

सुपोषित शरीर, स्वस्थ मस्तिष्क है जरूरी: कण्डवाल

देवकरण झांजा- समय जगत, गुलाना। भारत शासन के पोषण भी पढ़ाई भी अभियान अंतर्गत महिला एवं बाल विकास के सम्भागीय संयुक्त संचालक श्री कण्डवाल ने देवास की जिला की टोंक खुर्द परियोजना में आयोजित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमतावर्धन हेतु तीन दिवस की ट्रेनिंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री कण्डवाल ने कोर्स डायरेक्टर जयदेश जोसेफ एवं प्रतिभागी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से बातचीत कर उन्होंने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं एवं उनके प्रशिक्षकों के द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण की गुणवत्ता को लेकर चर्चा की। इसके अलावा पोषण भी पढ़ाई भी अभियान के महत्व के बारे में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बताया कि प्रारंभिक बाल्यावस्था के प्रथम 3 वर्ष की आयु तक बच्चों का 80त्न बौद्धिक विकास हो जाता है । अतः इस आयु में बच्चों को पोषण आहार एवं उसकी उचित देखभाल कर उसके सीखने की क्षमताओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता होती है और आंगनवाड़ी केन्द्र में 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के अधिकतम विकास के लिए प्रारम्भिक साक्षरता, गणितीय समझ औपचारिक स्कूली शिक्षा की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होती है, जिससे बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। तथा कहा गया कि इस प्रशिक्षण को अच्छे से प्राप्त करें और आंगनवाड़ी में जाकर प्राप्त ज्ञान व कौशल का उपयोग करें। संभागीय संयुक्त संचालक श्री कण्डवाल ने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं और प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया।

अकीदत के साथ मनाया गया ईद उल फितर का त्यौहार ईदगाह सहित शहर की दो मस्जिदों में हुई ईद की नमाज

समय जगत, बेगमगंज। ईद उल फितर का त्यौहार अकीदत के साथ मनाया गया। सुबह से ही अकीदतमंद नमाज पढ़ने ईदगाह और मस्जिदों में पहुंचे। बीना नदी के किनारे शहर की ईदगाह, बालाई टेकरी मक्का मस्जिद और जमा मस्जिद में ईद की नमाज अदा कर देश प्रदेश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी गई। ईदगाह पर होने वाली मुख्य नमाज सुबह 7.30 बजे अदा की गई। नमाज से पहले शहर मुफ्ती असालत खां नदवी ने तकरीर में नौजवानों से कहा- कैरेक्टर और क्वालिटी पैदा करो। नशे से दूरी रखो, हलाल कमाई कमाओ। हलाल और हराम में फर्क करना सीखो, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड जमीयत उलेमा और फिलीस्तीन के इतिहास के बारे में जानकारी हासिल कर कोई भी फैसला लेने का आह्वान करते हुए कहा कि ऐसा ना हो की जानकारी के अभाव में आप अपने ईमान से हाथ धो बैठे। शहर मुफ्ती ने कहा- अपने रोजमर्रा के खर्चों को कम करो लेकिन बच्चों की अच्छी तालीम पर खास ध्यान दो। क्षेत्रीय विधायक देवेन्द्र पटेल ईदगाह पहुंचे जहां पर सभी मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की बधाई दी जिसके उपरांत उनके समर्थकों के घर पहुंचकर मुबारकबाद दी। जहां पर विधायक पटेल ने कहा की ईद का त्योहार अमन और शांति का प्रतीक है। सभी को एक दूसरे के त्योहार में शामिल होना चाहिए और सद्भाव व भाईचारे के साथ त्यौहारों को मनाना चाहिए। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष संतोष राय, पार्षद गुलाब रजक अपने साथियों के साथ ईदगाह पहुंचे और मुस्लिम बंधुओ को ईद की मुबारकबाद दी उन्होंने शहर के उलमाओं से भी मुलाकात की। एसडीएम सौरभ मिश्रा तहसीलदार एसआर देशमुख, एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव, टीआई राजीव उईके दलबल के साथ मौजूद रहे शांति और अमन के साथ ईद का पर्व मनाने के साथ-साथ अन्य त्योहार भी शहर की गंगा जमुनी परंपरा के अनुसार मनाए जाने की बात कहते हुए मुस्लिमों को ईद की मुबारकबाद दी। उलेमा इकराम ने अधिकारियों से मुलाकात कर उनके द्वारा कर्तव्य पालन किए जाने पर दुआओं से नवाजा और देश की तरक्की की दुआ की। वही उपजेल बेगमगंज में भी नमाज अदा की गई तबलीगी जमात के लोग वहां बंदियों के लिए नाश्ता लेकर पहुंचे। जेलर कमल किशोर कोरी द्वारा जेल में निरुद्ध बंधिया के लिए नमाज की विशेष व्यवस्था कराई गई।

रघुवंशी समाज के आदर्श विवाह सम्मेलन को लेकर घर-घर दिया जा रहा है आमंत्रण

समय जगत, सिलवानी। रघुवंशी समाज के द्वारा आदर्श विवाह सम्मेलन को लेकर तैयारियां बड़ी जोरों से चल रही है रायसेन जिले वा अनेकों तहसीलो में निवास करने वाले रघुवंशी समाज के परिवारों को घर घर जाकर रघुवंशी समाज आमंत्रण दे रहा है अक्षय तृतीया पर रघुवंशी समाज के द्वारा तहसील उदयपुरा मे निर्मित रघुवंशी समाज की धर्मशाला मे 30 अप्रैल को विशाल आदर्श विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आमंत्रण लेकर आयोजन समिति तहसील नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे रघुवंशी परिवारों को रघुवंशी समाज के वरिष्ट, युवा पदाधिकारी सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन के आमंत्रण पत्र हर घर जाकर निमंत्रण देकर समाज के वरिष्ठ तथा युवाओं से आग्रह कर रहे है कि आदर्श विवाह सम्मेलन में आपकी विशेष उपस्थिति से ही रघुवंशी विवाह सम्मेलन का आयोजन सफल होगा। आदर्श विवाह सम्मेलन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रघुवंशी समाज सिलवानी की और से होना है। जिसमे प्रदेश के समस्त रघुवंशी समाज तहसील उदयपुरा नगर के रघुवंशी भवन में एकत्रित होकर सम्मेलन आयोजन को सफल बनायेंगे विवाह सम्मेलन समिति के जिला अध्यक्ष पटेल रघुवर सिंह रघुवंशी ग्राम पठा, पूर्व कृषि मंडी उपाध्यक्ष मोहन मुरारी रघुवंशी ग्राम ,गोरखा पटेल सीएम,चूड़ामणि रघुवंशी,युवा जिला रघुवंशी समाज अध्यक्ष अजय पटेल पूर्व जिला जनपद सदस्य महेंद्र पटेल ग्राम वीकलपुर रिटायर्ड शिक्षक पटेल रामकृष्ण रघुवंशी ग्राम गगनबाड़ा आदि समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा अलग-अलग टीमें बनाकर नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर होने वाली सम्मेलन को लेकर ग्राम तथा नगर में समाज के लोगों को आमंत्रण दे रहे हैं वहीं विवाह सम्मेलन समिति के वरिष्ठ तथा पूर्व जनपद उपाध्यक्ष वीरेंद्र रघुवंशी ने गांव मदनपुर में बैठक के दोरान अपने संक्षिप्त उद्बोधन कहा कि रघुवंशी समाज तब मजबूत होगी।

जिले में जंगलों के जलने का सिलसिला जारी, वनकर्मियों के लिये उपलब्ध नहीं हैं आग बुझाने के उपकरण

समय जगत, पन्ना। पन्ना जिले में लगातार जंगल क्षेत्र में आग जनी की घटनाए घटित हो रहीं हैं। उक्त घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग के पास आग बुझाने वाले वन कर्मियों को किसी भी प्रकार के सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं हैं। जबकि आग लगने की घटना गर्मी के मौसम मे प्रत्येक वर्ष होती है। इसके बावजूद विभाग द्वारा इस ओर कोई कदम नहीं उठाये जा रहे। जबकि अन्य कार्यो में करोड़ों रूपये का बजट खर्च किया जा रहा है। जिससे बिना उपकरण के आग बुझाने के दौरान वन कर्मियों के साथ कोई भी घटना घटित हो सकती है। इसी प्रकार विगत दिवस उत्तर वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र विश्रामगंज के पुरुषोत्तमपुर बीट में चौरई की भाटिया के पास जंगल में भीषण आग लगी होने की राहगीरों से मिली सूचना पर जब मीडिया टीम मौके पर पहुंची तो नजारा खौफनाक था। जंगल के पेड़ पौधे धू-धू कर जल रहे थे, काशी प्रसाद अहिरवार कार्यवाहक उपवन क्षेत्रपाल, अखिलेश मिश्रा बीट गार्ड पुरुषोतमपुर, आदेश सिंह बीट गार्ड सरकोहा ए, सुरक्षा श्रमिक बृजबिहारी त्रिपाठी, केशरी सिंह, चतुर सिंह, सोहन सिंह, सुम्मी गौंड आदि बिना किसी उपकरण के आग बुझाने के प्रयास में जुटे थे। श्री अहिरवार ने बताया कि अगर आज जल्द नहीं बुझी तो पास में तीन प्लांटेशन हैं, जिनमें बड़ी-बड़ी घास लगी है अगर वहां तक आग पहुंच गई तो काफी नुकसान हो जाएगा । इसलिए अति शीघ्र आग बुझाने के प्रयास में जुटे हैं। यह आग सरकोहा और खजरी चौकी के तेंदू टेक तक फैली है, जिसमें काफी वन संपदा और वन्य प्राणियों की क्षति की आशंका है। इसी प्रकार उत्तर वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र धरमपुर अंतर्गत गहलोत पूरवा के पास जंगल में भीषण आग लगी हुई है लेकिन मौके पर कोई भी वनकर्मी नहीं बताया गया, यहां पास में ही रिहायशी इलाका और खेतों में फसल खड़ी हुई है। अगर घरों या खेतों तक आग पहुंच गई तो काफी नुकसान हो सकता है। इसके अलावा पन्ना टाइगर रिजर्व बफर जोन अंतर्गत अजयगढ़ से लगी पहाड़ी में भी आग जल ही है लेकिन वन कर्मियों के पास आग बुझाने के कोई आधुनिक उपकरण नहीं होने से एक ओर जहां वन कर्मियों को खतरा बताया जा रहा है तो दूसरी ओर आग बुझाना भी कठिन हो रहा है।

भूपेन्द्र भैया ने हर क्षेत्र में खुरई विधानसभा को बढ़ाया आगे : अविराज सिंह

समय जगत, खुरई। युवा नेता अविराज सिंह खुरई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हीरो क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित लवकुश क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने ऑफिसर्स कॉलोनी स्थित विधायक कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और युवा साथियों से आत्मीय भेंट की। उन्होने क्षेत्रवासियों की समस्याएँ सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को सूचित किया। युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि आपके भूपेन्द्र भैया ने जबसे खुरई विधानसभा क्षेत्र में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित करना शुरू किया है, तब से युवा साथियों में उत्साह बढ़ा है। उनका प्रयास है ज्यादा से ज्यादा युवा साथी इस टूर्नामेंट से जुड़ें और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ें। हम देखते हैं कि भारत के इतिहास में और भारत की आजादी में सबसे ज्यादा योगदान युवाओं का रहा है। देश के युवाओं ने ही सपना देखा है कि भारत पुनः विश्व गुरू बने। उन्होंने कहा कि जैसे भूपेन्द्र भैया ने हर क्षेत्र में खुरई क्षेत्र विधानसभा को आगे बढ़ाया है। मेरा भी यही सपना है कि खुरई विधानसभा क्षेत्र के युवा साथी हर क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़े। क्योंकि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि उठें जागें, परिश्रम करें और तब तक न रुकें जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये। उन्होंने नवरात्रि के पावन पर्व पर किला प्रांगण खुरई में स्थित मॉ बिजासन माता मंदिर में छप्पन भोग अर्पण किये एवं माता रानी की आरती में सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठाया। उन्होंने मातारानी से क्षेत्रवासियों के विकास, कल्याण और समृद्धि की कामना की।

संक्षिप्त समाचार

सेकवाल ब्राह्मण समाज ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

समय जगत, आगर मालवा। सेकवाल ब्राह्मण समाज द्वारा आज स्थानीय चिन्ताहरण गणेश मंदिर पर समाज का पारिवारिक होली मिलन समारोह व सहभोज का आयोजन किया गया। इसके पूर्व समाजजनों ने श्रृंगीऋषि की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर समाज की गतिविधियों पर प्रमुखता से चर्चा हुई। समारोह में अध्यक्ष रामकिशन शर्मा, कोषाध्यक्ष पंकज पाण्डेय, सचिव रमेश शर्मा, युवाध्यक्ष सौरभ पाण्डेय, महिलाध्यक्ष मिथलेश पण्ड्या, राधारमण पण्ड्या, गिरिराज पण्ड्या, डॉ नलिनीकांत शर्मा, गोविन्द गुरू, रवि शर्मा, मुकेश शर्मा, मनीष पण्ड्या, अनिल शर्मा, शोभा पण्ड्या, ममता शर्मा, मंजू शर्मा, हेमलता पाण्डेय, सीमा शर्मा, नेहा शर्मा, कुसुम श्रृंगी, बीनू जोशी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

कथा से पूर्व निकाली भव्य कलशयात्रा

समय जगत, बेगमगंज। नगर के त्रिवेणी आश्रम स्थित मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा एवं श्री राम महायज्ञ रविवार 30 मार्च से 5 अप्रेल तक आयोजन किया जा रहा है । कथा के पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। नया सब स्टैंड स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना के पश्चात प्रारंभ हुई। जिसमें सबसे आगे हाथों में धर्मध्वजा लिए युवक चल रहे थे। वहीं ढोल- नगाड़े और डीजे की धुन पर नाच गा रहे थे। महिलाएं सिर कलश लेकर पैदल चल रही थी जिनके पीछे कथा वाचक पं. नवीन बिहारी महाराज एवं यजमान अपने सिर पर व्यासपीठ रखे हुए थे और साथ में सैकड़ों लोग भजन कीर्तन कर गाते चल रहे थे। कलशयात्रा का सेन समाज, कामधेनु सेवा समिति, भाजपा कार्यकर्ताओं सहित जगह- जगह पर लोगों द्वारा स्वागत किया गया। धूम- धाम और गाजे बाजे के साथ कलशयात्रा भोपाल रोड स्थित त्रिवेणी आश्रम मंदिर पहुंचेगी जहां यात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक देवेन्द्र पटेल, नपाध्यक्ष संदीप लोधी, हिउस अध्यक्ष संतोष राय, नपा उपाध्यक्ष सुदर्शन घोषी, संतोष कण्डया, मलखान सिंह जाट, रविन्द्र रब्बू पटेल, बसंत शर्मा, नवलकिशोर बब्लू यादव, संजय राय, राकेश श्रीवास, संजय सोलंकी, कमल साहू, जितेन्द्र तोमर, संदीप यादव, गुलाब रजक, ओमकार यादव, राजीव दुबे, रवि राज, अरविंद साहू, पवन दुबे, सत्यजीत दुबे, नीरज यादव, प्रदीप सोनी सहित सैकड़ों लोग सामिल थे।

भाजपा नगर मंडल की कार्यकारिणी घोषित, कांग्रेस से भाजपा में आये कार्यकर्ताओं को मिला मौका

समय जगत, सिरोंज। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाह द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी व विधायक उमाकांत शर्मा की सहमति से नगर मंडल की 61 सदस्यीय कार्यकारिणी घोषित की गयी है। जिसमें 4 अजा वर्ग से पदाधिकारी बनाये गये व 17 महिलाओं को कार्यसमिति सदस्य व सात महिलाओं को पदाधिकारी जिसमें महिला को महामंत्री सहित 24 महिलाओं को शामिल किया गया। जिसमें गत लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए कार्यकर्ताओं को मौका मिला। जिसमें राकेश पालीवाल को उपाध्यक्ष व वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद आरती राजेन्द्र कुशवाह को मंत्री और नरेन्द्र पाटीदार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया और विधायक के भतीजे सरसिज शर्मा को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया। महामंत्री सुमंत मित्तल को पुनः बनाया गया। उसके साथ ही महामंत्री हरिबाई हरिचरण अहिरवार, उपाध्यक्ष सुमनलता चौरे, संजय सोनी, रविकांत तारण, राजेश जैन, उर्मिला रमेश यादव, मंत्री सुरेश त्यागी, बिष्णु गर्ग, मूलचंद नेमा, पार्षद कृष्णा शाक्य, ज्योति चौरसिया कोषाध्यक्ष क्रांति संतोष रघुवंशी, मीडिया प्रभारी सचिन शर्मा, प्रचार मंत्री रोहन पाटीदार, सह प्रचार मंत्री राजकुमार पंथी, सोशल मिडिया प्रभारी राम दांगी, सह सोशल मीडिया प्रभारी रोहित प्रजापति को बनाया गया।

अकीदत के साथ अदा की गई ईदुल फितर की नमाज

जिले भर में सांप्रदायिक सद्भाव के साथ मनाई गई ईद

समय जगत, पन्ना। जिले भर में ईद का त्यौहाद उत्साह के साथ मनाया गया। ईद के मौके पर इस बार लोगों में अलग ही उत्साह देखने को मिला। पवित्र माह रमजान में की गई इबादत के ईनाम के रूप में लोगों को ईद का मुबारक दिन नसीब होता है। सभी ने मिलकर धूमधाम के साथ ईद का त्यौहार मनाया। ईद के दिन सुबह.सुबह लोग नई-नई पोशाकों में नजर आये। खुशनुमा मौहाल में हजारों लोगों ने पूरी अकीदत और एहतराम के साथ ईद उल फितर की नमाज अदा की। इस विशेष नमाज के दौरान शहर की मस्जिदों में देश की खुशहाली और अमन के लिये हजारों लोगों ने दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद के मौके पर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। पराम्परागत पोशाकों में सजे बच्चों ने भी बड़ों के साथ मिलकर ईद की खुशियां बांटी। हर बार की तरह इस बार भी मुस्लिम भाईयों को ईद की बधाई देंने सभी वर्गो, समुदायों के लोग पहुंचे और एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी। जिले भर में सांप्रदायिक सौहार्द के साथ ईद का त्यौहार मनाया गया। शहर के पावर हाउस चौराहे पर नगर पालिका ने ईद मिलन के इंतेजाम किए थेए जहां नगर पालिका सीएमओ शशिकपूर गणपाले सहित पार्षदगण एवं भाजपा नेता विष्णु पाण्डेय सहित कई लोगों ने ईद की बधाई दी गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवजीत सिंह भी मस्जिद पहुंचे और लोगों से गले मिलकर ईद की बधाई दी।

इसके अलावा जिले के देवेन्द्रनगर, शाहनगर, बोरी,पवई,अमानगंज, मोहन्द्रा,सिमरिया,रैपुरा, कुंवरपुर,सुनवानी, हरदीए तुलापुर, कटर्रा, महेवा, कृष्णगढ़, बिरसिंहपुर, सलेहा, भटिया, गुनौर, ककरहटी, अजयगढ़, बरौली, अमरछी में भी ईद उल फितर का त्यौहार उत्साह के साथ मनाया गया। ईद के मौके पर शहर की बादशाह सांई मस्जिद, जामा मस्जिद और ईदगाह में हजारों लोग एक साथ ईद की नमाज अदा करते नजर आए। गर्मी के चलते नमाज सुबह जल्द ही नमाज अदा की गई। शहर की सबसे बड़ी मस्जिद बादशाह सांई में 8:45 बजे इमाम मुफ्ती अख्तर रजा ने ईद की नमाज पढ़ाई। शहर की ईदगाह मस्जिद में सुबह 8:30 बजे इमाम मौलाना सिराजुल हसन ने नमाज पढ़ाई। इसी तरह सुबह 9 बजे जमा मस्जिद मरकस किशोरगंज में मौलाना मोईज्जोद्दीन नदवी ने नमाज पढ़ाई। गर्मी को देखते हुए शहर कमेटी पन्ना द्वारा बादशाह साई मस्जिद में टेंट लगाया गया ताकि सुबह से होने वाली तेज गर्मी में लोगों को परेशानी न हो। हालांकि मौसम खुशनुमार था और लोगों ने सुखद वातावरण में नमाज अदा की। मस्जिद में नगर पालिका द्वारा पानी का पर्याप्त प्रबंध किया गया था। ताकि यहां आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। ईद के मौके पर नमाज के बाद शहर की तीनों मस्जिदों में देश में अमन.चैन व खुशहाली की दुआ की गई। इसके बाद लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। नमाज बाद शहर के कब्रस्तानों मं पहुंचकर फातिहा की। ईद नमाज के बाद जिला प्रशासन के अधिकारी भी मस्जिदों में पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। शहर में शांति और सौहार्द के साथ ईद का त्यौहार मनाया गया। शहर में सुरक्षा व्यवस्था के भरकस इंतेजाम किए गए थे। शहर सदर रिजवान मोहम्मद एवं शहर काजी मौलाना मोईज्जोद्दीन ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी और सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने को लेकर जिला प्रशासन का आभार जताया।

अमन चैन की मांगी दुआ ईद की अदा की नमाज

समय जगत, सिरोंज। मुस्लिम धर्मवंलियों द्वारा ईदुल फितर आ त्यौहार हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा निर्धारित समय पर ईदगाह पहुंचकर ईद की नमाज पढ़ी और उसके पूर्व खुतवा पढ़ा और सामूहिक अमन चैन की दुआ मांगी गयी। एक दूसरे को गले लगकर दी बधाई दी गई। ईदगाह पर नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम धर्मबंलियों द्वारा एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी साथ ईदगाह पर जनप्रतिनिधिगण, प्रशासन के अधिकारीगण व कांग्रेस के नेताओं द्वारा पहुंचकर भी मुस्लिम धर्मावलंबियों को ईद की गले मिलकर बधाईयां दी। इसदौरान एसडीओपी उमेश तिवारी, नगर निरीक्षक संदीप पवार, गगनेन्द्र रघुवंशी, अंसार खांन सहित अन्य मौजूद रहे। ईद के त्यौहार को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। जिस पर ईद की नमाज अदा करने के साथ ही बड़ों से ईदी ली और दिनभर घरों में मिठाईयों का दौर बना रहा।

घटना के संबंध में 7 दिवस में प्रस्तुत कर सकते हैं साक्ष्यः एसडीएम

शिवपुरी। 18 मार्च 2025 को ग्राम रजावन तहसील खनियाधाना में लगभग 15 नाव चालक सहित माताटीला डैम के अंदर बने सिद्धबाबा मंदिर पर दर्शन एवं पूजा-अर्चना हेतु गए। श्रद्धालुओं की नाव पानी में पलटने से दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। जिस घटना को देखते हुऐ कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रवींद्र कुमार चौधरी द्वारा उक्त घटना की जांच हेतु अनुविभागीय दंडाधिकारी पिछोर शिवदयाल धाकड़ को मजिस्ट्रियल जाँच अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस सम्बन्ध में पिछोर एसडीएम धाकड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिस किसी व्यक्ति को अथवा उक्त घटना से सम्बन्ध रखने वाले व्यक्तियों को उक्त कारणों के संबंध में कोई जानकारी, आपत्ति, वह 07 दिवस के भीतर न्यायालय अनुविभागीय दंडाधिकारी पिछोर में प्रस्तुत कर सकता है।

अकीदत के साथ मनाया गया ईद उल फितर का त्यौहार

समय जगत, बेगमगंज। ईद उल फितर का त्यौहार अकीदत के साथ मनाया गया। सुबह से ही अकीदतमंद नमाज पढ़ने ईदगाह और मस्जिदों में पहुंचे। बीना नदी के किनारे शहर की ईदगाह, बालाई टेकरी मक्का मस्जिद और जमा मस्जिद में ईद की नमाज अदा कर देश प्रदेश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी गई। ईदगाह पर होने वाली मुख्य नमाज सुबह 7.30 बजे अदा की गई। नमाज से पहले शहर मुफ्ती असालत खां नदवी ने तकरीर में नौजवानों से कहा- कैरेक्टर और क्वालिटी पैदा करो। नशे से दूरी रखो, हलाल कमाई कमाओ। हलाल और हराम में फर्क करना सीखो, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड जमीयत उलेमा और फिलीस्तीन के इतिहास के बारे में जानकारी हासिल कर कोई भी फैसला लेने का आह्वान करते हुए कहा कि ऐसा ना हो की जानकारी के अभाव में आप अपने ईमान से हाथ धो बैठे। शहर मुफ्ती ने कहा कि अपने रोजमर्रा के खर्चों को कम करो लेकिन बच्चों की अच्छी तालीम पर खास ध्यान दो। क्षेत्रीय विधायक देवेन्द्र पटेल ईदगाह पहुंचे जहां पर सभी मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की बधाई दी। जिसके उपरांत उनके समर्थकों के घर पहुंचकर मुबारकबाद दी। जहां पर विधायक पटेल ने कहा की ईद का त्योहार अमन और शांति का प्रतीक है। सभी को एक दूसरे के त्योहार में शामिल होना चाहिए और सद्भाव व भाईचारे के साथ त्यौहारों को मनाना चाहिए। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष संतोष राय, पार्षद गुलाब रजक अपने साथियों के साथ ईदगाह पहुंचे और मुस्लिम बंधुओ को ईद की मुबारकबाद दी उन्होंने शहर के उलमाओं से भी मुलाकात की। एसडीएम सौरभ मिश्रा तहसीलदार एसआर देशमुख, एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव, टीआई राजीव उईके दलबल के साथ मौजूद रहे शांति और अमन के साथ ईद का पर्व मनाने के साथ-साथ अन्य त्योहार भी शहर की गंगा जमुनी परंपरा के अनुसार मनाए जाने की बात कहते हुए मुस्लिमों को ईद की मुबारकबाद दी। उलेमा इकराम ने अधिकारियों से मुलाकात कर उनके द्वारा कर्तव्य पालन किए जाने पर दुआओं से नवाजा और देश की तरक्की की दुआ की। वहीं उपजेल बेगमगंज में भी नमाज अदा की गई तबलीगी जमात के लोग वहां बंदियों के लिए नाश्ता लेकर पहुंचे।

बाबा घाट से मंगल नगर वैकल्पिक मार्ग का हुआ डामरीकरण

राहगीरों को अब आवागमन में नहीं होगी परेशानी

समय जगत, कटनी। कायाकल्प अन्तर्गत बाबाघाट से मंगल नगर तक वैकल्पिक मार्ग बनकर तैयार हो गया है, जिससे अब लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। वैकल्पिक मार्ग ना होने से लोगों को आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, जिससे इस समस्या के निराकरण हेतु लगभग 29 लाख कि लागत से उक्त मार्ग में डामरीकरण कार्य कराया गया है। कार्य पूर्ण होते ही शाम को महापौर प्रीति संजीव सूरी क्षेत्रीय पार्षद शकुंतला सोनी के साथ इस मार्ग का जायज़ा लेने पहुँची। इस दौरान स्थानीय जनों द्वारा मंगल नगर वैकल्पिक मार्ग हेतु महापौर सूरी को धन्यवाद दिया। विदित हो कि महापौर श्रीमती सूरी ने कायाकल्प के तहत इस रोड को पिछले वर्ष ही बनवाना चाहा था,किंतु उक्त स्थल पर नाला ना होने के कारण रोड खराब होने की संभावना को देखते हुए उन्होंने उक्त सड़क डामरीकरण कार्य को काफी समय तक रोककर लगभग 60 लाख की लागत से नाले का प्रस्ताव बनवाकर पहले स्थल पर नाले का कार्य पूर्ण कराया। तत्पश्चात सड़क निर्माण कराया गया है। महापौर ने सभी स्थानीय जनों को बधाई देते हुए कहा कि इस कार्य हेतु हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ,नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय , सांसद विष्णुदत्त शर्मा ,भाजपा के सभी वरिष्ठ जनों एवं क्षेत्रीय पार्षद को धन्यवाद दें, जिनके कुशल मार्गदर्शन एवं सफल प्रयासों से शहर में विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि 100 मीटर रोड पर कार्य नहीं कराया जा सका चूँकि वो रेलवे के आधिपत्य में हैं, इसके लिए वे स्वयं रेलवे एरिया मैनेजर से बात करके पूरे प्रयास करेंगी की वहाँ पर भी कार्य कराया जा सके। इसके बाद उन्होंने स्थानीय देवी मंदिर में पहुँच माँ भगवती के दर्शन कर नगर उन्नति एवं मंगल की कामना की। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय उपयंत्री पवन श्रीवास्तव,ठेकेदार सचिन दुबे भी मौजूद रहे।

मुस्लिम समुदाय ने ईद पर निकाला जुलूस, ईदगाह में अदाकी नमाज

समाजजनों ने वतन और शहर के अमनोअमान व खुशहाली के लिए मांगी दुआ

समय जगत, बड़वाह। रमजान के पवित्र एक माह रोजे रखने के बाद स्थानीय मुस्लिम समाजजनो ने हर्षोउल्लास के साथ ईद पर्व मनाया। इस उपलक्ष्य में सुबह जामा मस्जिद चौक से समाज सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ ईदुल फितर का जुलूस निकाला, जो एमजी रोड,मुख्य चौराहा, इंदौर रोड होकर आदर्श नगर स्थित ईदगाह परिसर पहुंचा। जहां शहर काजी मौलाना रेहान रजा साहब ने ईद की नमाज अदा कराई। मुस्लिम अंजुमन कमेटी सदस्यों ने बताया कि सुबह ईदगाह पर नमाज के पश्चात सभी समाजजनों ने वतन और शहर के अमनोअमान व खुशहाली के लिये दुआए मांगी। इस मौके पर समाज सदस्यों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी। वही समस्त शहर वासियों को ईद की मुबारकबाद दी। उल्लेखनीय है कि ईदगाह पर

उपस्थित कांग्रेस नेता रमिंदर सिंह भाटिया, अनिल राय,प्रवीण शर्मा,अनिल कानूनगो,जितेंद्र पाटीदार आदि ने मुस्लिम समाज जनों से गले मिलकर ईद की बधाई शुभकामनाएं दी।

ईद पर्व का बच्चों में भी दिखा उत्साह

ईद को लेकर बच्चों में भी काफी उत्साह देखने को मिला। रंग बिरंगे वस्त्र पहने बच्चे एक दूसरे के गले मिलकर खुशियों से झूमते नजर आए। साथ ही एडीशनल एसपी शकुन्तला रुहल,एसडीएम सत्यनारायण दर्रा, एसडीओपी श्रीमति अर्चना रावत,तहसीलदार शिवराम कनासे,थाना प्रभारी बलराम सिंह राठौर,नायब तहसीलदार विजयपाल सिंह चौहान सहित अन्य पुलिस अमला मौजूद रहा। इस मौके पर सय्यद मक़सूद अली,पार्षद साबिर खान,वाजिद खान, जाकिर खान, नाजिम खान,इकराम जिंद्रान सहित सैकड़ों समाजजन मौजूद रहे। गौरतलब है कि ईद के अवसर पर ईदगाह सहित नगर की कदीमी मस्जिद, डिपो मस्जिद, आदर्श नगर व बजरंग घाट स्थित मस्जिदो में भी समाज सदस्यों ने ईद की नमाज अदा की गई।

झूलेलाल जयंती महोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

समय जगत, कटनी। चेट्रीचंड़ महोत्सव माधवनगर सहित समूचे शहर में धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। गुरुनानक वार्ड सब्जी मंडी स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का दर्शनों के लिए तांता लगा रहा। सुबह झूलेलाल जी का दुग्धाभिषेक, पूजा अर्चना, महा आरती के पश्चात पल्लव दोपहर आम भण्डारा लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसाद ग्रहण करने समूचे क्षेत्र से लोग पहुँचे यहां श्री सिंधु नौजवान मंडल के समस्त सेवादार अपनी सेवाएं दीं। संध्या के समय मंदिर प्रांगण से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सजीव झांकियां शोभायमान रही। शोभायात्रा मार्ग में मेन रोड व्यापारी संघ द्वारा सात विभिन्न स्थानों पर प्रसाद व शरबत वितरण किया। गुरुनानक वार्ड सब्जी मंडी स्थित श्री झूलेलाल मन्दिर में 10 दिवसीय धार्मिक आयोजनों की धूम रही, जिसमें विशाल प्रभातफेरी, विविध धार्मिक आयोजनों के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। शाम को श्री झूलेलाल की विशाल शोभायात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर विधायक संदीप जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी, पीतांबर टोपनानी, सुरेश सोनी, रामरतन पायल, नवीन मोटवानी, शनि करमचंद, सुरेश रौचलानी, नेवदराम खूबचंदानी, वीरेन्द्र लालवानी, अमर चेतवानी, नानकराम खूबचंदानी, सुरेश गांधी, सुनील हसीजा, संजय खूबचंदानी, मनोहर उधवानी, अजीत केसवानी, मेघराज खूबचंदानी, सुशील जसूजा, मदन सेवलानी, रूपेश खूबचंदानी, सुरेश रोचलानी, राजेश खूबचंदानी, राजेश रोहरा, संजय बजाज, मौसूफ अहमद, अवकाश जायसवाल, गोविंद चावला, राजेश वनवारी, त्रिलोक चंद्र भोजवानी, वीरेंद्र लालवानी, नरेश गंगवानी, अजय केसवानी, विजय रोहरा, ठाकुर दास रंगलानी, शशि रतनानी, साजन बजाज, बलराम हसानी, अजय जैसवानी सहित शहर के गणमान्य नागरिक व समाज के लोग उपस्थित रहे।

आबकारी विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष में 903 प्रकरण किये गये दर्ज

कलेक्टर के आदेश पर फैसला

समय जगत, मुरैना। कलेक्टर अंकित अस्थाना के आदेशानुसार जिला आबकारी अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में आबकारी विभाग मुरैना द्वारा जिले के विभिन्न वृत्तों में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा के अंतर्गत 903 आपराधिक प्रकरण दर्ज किये गये। जिनमें रतन सिंह जाटव पुत्र गंगाराम, निवासी-सबजीत पुरा मुरैना, बृजेश तोमर पुत्र माधव सिंह तोमर, निवासी दुहाटी अम्बाह, मोनू सिंह सिकरवार, पवन कुशवाह पुत्र गोपाल, निवासी-ग्राम कुर्तेली, पवन सविता पुत्र भरत सविता, निवासी-ब्लॉकपुरा, वार्ड नम्बर 18, जौरा, लवकुश राठौर पुत्र फेरन सिंह, निवासी-माल गोदाम रोड मुरैना, भूरे खाँ पुत्र शहजाद खाँ, निवासी-पोरसा, अमन बघेल पुत्र महेन्द्र, निवासी-पोरसा, नवल सिंह कुशवाह पुत्र रघुनन्दन, निवासी-देवपुर माफी, प्रेम सिंह यादव पुत्र सोभर सिंह यादव, निवासी-अलापुर, जौरा, बंटी यादव पुत्र अमर सिंह, उम्र 32 वर्ष, निवासी-बड़ा डोंगरपुर, ललित कुमार पुत्र जय प्रकाश. उम्र 34 वर्ष, निवासी-जौरा रोड, मुरैना, सुखवीर सिंह पुत्र राजेन्द्र तोमर, उम्र 40 वर्ष, निवासी-पोरसा, काशीराम जाटव पुत्र श्रीचंद जाटव, उम्र 52 वर्ष, निवासी-रतना का पुरा, चैना, जौरा, बंटी जाटव पुत्र बाबूलाल जाटव, निवासी-सिंघल बस्ती, मुरैना, जिला मुरैना, दिनेश सिकरवार पुत्र राधेश्याम सिकरवार, निवासी-ग्राम थरा, थाना अम्बाह, जिला मुरैना, सौरभ गुर्जर पुत्र कमल सिंह, सूरज गुर्जर पुत्र मुन्नालाल, रामेश्वर शिवहरे पुत्र रामगोपाल शिवहरे, निवासी संजय नगर जौरा, जिला मुरैना इत्यादि के विरुद्ध दर्ज कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किये गये हैं।

गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में ठेकेदारों द्वारा दुकानों के संचालन के दौरान की गयी अनियमितताओं के जिले में 1571 विभागीय प्रकरण दर्ज कर रुपये 24,18,600/- की शास्ति अधिरोपित की गयी। गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में मदिरा दुकानों के वार्षिक मूल्य 2.24.36.52,483/-की मांग की शत प्रतिशत वसूली की गयी। वर्ष 2024-25 में आबकारी विभाग मुरैना को मदिरा दुकानों से रुपये 2,24,36,52,483/- शास्ति की राशि से रुपये 42,65,659/- एवं बीयर विनिर्माणी इकाई, बानमोर से रुपये 4,84,36,218/- का राजस्व प्राप्त हुआ। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले की कम्पोजिट मदिरा दुकानों पर देशी मदिरा की खपत 6182721.49 बल्क लीटर, विदेशी मदिरा की खपत 763861.07 बल्क लीटर जो कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की खपत से 708634.31 बल्क लीटर से 8 प्रतिशत अधिक एवं बीयर की खपत 2338098.08 बल्क लीटर जो कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की खपत से 1578345.72 बल्क लीटर से 48 प्रतिशत अधिक रही।

वर्ष 2025-26 के निष्पादन का विवरण : वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु मुरैना जिले की समस्त 59 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का एक मदिरा एकल समूह में निष्पादन आरक्षित मूल्य रुपये 2,69,23,82,979/- के विरुद्ध रुपये 2,96,00,99,999/- में कैस्ले पोइंट ट्रेडर्स एलएलपी, भोपाल के पक्ष में किया गया। जो कि गत वर्ष 2024-25 के वार्षिक मूल्य रुपये 2,24,36,52,483/- से लगभग 32 प्रतिशत अधिक है।

सार-समाचार

वैश्य दिवस पर नगर में निकाला महालक्ष्मी जी का चल समारोह

समय जगत, धार। वैश्यमहासम्मेलन की जिला इकाई ने रविवार को यहां वैश्य दिवस एवं हिन्दू नव वर्ष पर मां लक्ष्मी जी का चल समारोह नगर के मुख्य मार्ग से निकाला। मीडिया प्रभारी सुभाष जैन ने बताया की जुलूस में महालक्ष्मी जी का विशाल चित्र रथ में आगे आगे चल रहा था। अनेक स्थानों पर लोगों ने महालक्ष्मी जी को पुष्प हार अर्पितकर पूजन किया। व समाजजनों पर पुष्पवर्षा की। शोभायात्रा में पुरुष सफेद वस्त्र एवं महिला केसरिया वस्त्र धारण किए हुए थे। महालक्ष्मी जी का यह चल समारोह धान मंडी चौक से प्रारंभ होकर सेनापति मार्ग, बनिया वाड़ी, महात्मा गांधी मार्ग, आनंद चौपाटी, जवाहर मार्ग होते हुए पुनर्धार मंडी चौक पर समापन हुआ। जुलूस में वैश्य समाज के सदस्यों के अतिरिक्त प्रदेश उपाध्यक्ष अनंत अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री महेश माहेश्वरी, जिला अध्यक्ष आशीष गोयल, संभाग प्रभारी योगेश अग्रवाल, जिला महिला अध्यक्ष रेखा मेहता, सरोज सोनी महिला मोर्चा प्रभारी भी शामिल थे। जुलूस समापन के बाद सभा भी हुई। जिसमें वक्ताओं ने वैश्य समाज धार द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया। अंत में मिठाई वितरित की गई।

कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

समय जगत, शहडोल। उपायुक्त राजस्व मिनिषा पाण्डेय की उपस्थिति में आज कमिश्नर कार्यालय शहडोल के अमरकंटक सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में राजस्व से संबंधति, पीएम किसान, पीएम आवास, सीएम किसान, आर्थिक सहायता, खाद्य, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, जनजातीय विभाग सहित शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से संबंधित शिकायतों के आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण हेतु उपायुक्त राजस्व मिनिषा पाण्डेय ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अपर कलेक्टर ने तालाब कार्य में किया श्रमदान

समय जगत, शहडोल। जिले में 30 जून तक जल संवर्धन अधियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के प्रत्येक जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतों में जल संवर्धन एवं संरक्षण के कार्य किए जा रहे। जल संवर्धन अभियान में आम जन भी बढ़चढ़ कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में बने तालाब, नाले, बावड़ी सहित अन्य जल संरचनाओं की साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत अपर कलेक्टर सरोधन सिंह एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल एम पी सिंह ने जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत मलया 2 के फूटहा तालाब में जीर्णोद्धार के कार्य में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए श्रमदान किया तथा आम जन से जल संरक्षण करने की अपील भी की।

6 लीटर से अधिक दूध देने वाली गायें होंगी पुरस्कृत 4 अप्रैल तक पशुपालक कर सकते है आवेदन

समय जगत, खरगोन। गौवंशीय दुधारू नस्लों को बढावा देने, प्रोत्साहन प्रदान करने एवं उनके संरक्षण के लिए पशु पालन एवं डेयरी विभाग द्वारा प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिले की मूल नस्ल.निमाडी जिनका प्रतिदिन का दुध उत्पादन 4 लीटर प्रतिदिन या उससे अधिक हो तथा भारतीय उन्नत नस्ल जैसे गीर, साहिवाल, थरपारकर, हरियाणा, मालवी एवं अन्य जिनका प्रतिदिन का दुध उत्पादन 6 लीटर प्रतिदिन या उससे अधिक के लिये आवेदन करने की अंतिम तिथि 04 अप्रैल है। इच्छुक पशुपालक प्रतियोगिता के लिये पशु चिकित्सा संस्था से आवेदन प्राप्त कर अंतिम तिथि के पूर्व जमा करे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली गाय में टैगिंग युनिक आईडी नं. तथा इनाफ्पोर्टल पर दर्ज होना अनिवार्य है। प्रथम 10.10 गायो का चयन कर उनका तीन समय का दुध मापन जिला स्तरीय टीम द्वारा पशु पालक के घर पर ही किया जाएगा। प्रथम 03 निमाडी तथा 03 भारतीय उन्नत नस्ल की गायो को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमश : 51 हजार, 21 हजार एवं 11 हजार प्रदान किये जावेगे। चयनित गायो का दुध उत्पादन का रेकार्ड प्रदेश स्तर भेजा जावेगा। प्रदेश स्तर पर चयनित तीन गायो को क्रमश : 02 लाख, 01 लाख तथा 50 हजार का पुरूस्कार दिया जावेगा।

समाचार प्रकाशन के बाद जागा विभाग

रात में ही नल जल योजना कंपनी ने बनाई नाली

मुरैना/जौरा। अखबारों में प्रमुखता से सड़कों को खोलकर डालने की खबर प्रकाशित होने के बाद एवं नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा नल जल योजना कंपनी के जिम्मेदार कर्ताधर्ताओं को हड़काने के बाद अग्रसेन मंदिर मार्ग संजय पान वाले की दुकान के सामने टूटी पड़ी नाली को रात में ही बनाया गया 31 मार्च को अखबारों में नल जल योजना कंपनी द्वारा सड़कों की खुदाई के दौरान कई जगह गड्ढे एवं नालिया टूटने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी जगह-जगह गाड़ी एवं नालिया टूटने से कीचड़ युक्त गंदा पानी पाइप लाइन में जा रहा था सड़कों पर भी भर रहा था गढ़ों में वाहन सवार रहर गिरकर घायल भी हो रही थी आम जनों में आक्रोश को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने नल जल योजना कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों को शक्ति के साथ निर्देशित कर गड्ढे भरने एवं नाली बनाने की बात कही गई जिस पर से बीती रात नगर पालिका सीएमओ वीरेंद्र रावत सफाई दरोगा महेश त्यागी की मौजूदगी में नल जल योजना कंपनी के कर्मचारियों ने आकर अग्रेशन मार्ग संजय पान वाले की दुकान के सामने टूटी पड़ी नाली को बनाया गया हालांकि अभी श्री कृष्ण मंदिर रोड के साथ गेंदा हलवाई के सामने भी कुछ हिस्सा सड़क का खुदा हुआ पड़ा है जिसको आजकल में सीसी करने की बात कंपनी के जिम्मेदार कर्ताधर्ताओं ने कही है यहां पर पिछले एक माह से सड़कों में गड्ढे और नाली टूटने से आवागमन तो बाधित हुई रहा था व्यापारियों का व्यापार भी प्रभावित था ऊपर से पैदल राहगीर छोटे-छोटे बच्चे भी कीचड़ युक्त पानी से स्लिप होकर गिरवी रहे थे 2 दिन में दर्जन भर से अधिक बाइक सवार भी उक्त गड्ढे में गिरकर घायल हुए।

जस्टिस जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी ने हेल्थ कैंप का लिया जायजा

मुरैना। स्व.श्रीमती मोहन प्यारी देवी माहेश्वरी जी की स्मृति में आयोजित मेगा हैल्थ कैंप जो रोटरी एवं राजकृष्ण तन्खा फाउण्डेशन मेडिकल मिशन राहत 2 हैल्थ कैंप मुरैना में चल रहा है। हैल्थ कैंप में विगत दिवस सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जस्टिस श्री जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी ने हैल्थ कैंप का जायजा लिया न्यायामूर्ति महोदय के साथ में जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदया श्रीमती संगीता मदान हाईकोर्ट रजिस्टार नवीन शर्मा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलेश कुमार भार्गव, अखिल माहेश्वरी आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे। माननीय न्यायमूर्ति ने कैंप में निरीक्षण के दौरान कैंप में सेवा दे रहे देश के विख्यात डॉक्टर्स एवं पैरामेडिकल स्टाफ, वालेंटियर्स और मरीजों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य और व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

गणगौर पर अग्रवाल महिला मंडल ने निकाला चल समारोह

शिव एवं पार्वती की पूजा- अर्चना की

समय जगत, कालापीपल। अग्रवाल महिला मंडल द्वारा मनाऐ जा रहे 18 दिवसीय गणगौर पर्व का मंगलवार को उत्साह एवं भक्तिभाव के साथ समापन किया गया। अलसुबह से ही महिलाओं ने गणगौर की पूजा अर्चना की एवं नैवेद्य अर्पित किए। शाम को चल समारोह निकाला गया । अंबिका नगर में अग्रवाल महिला मंडल के तत्वाधान में 18 दिनों से रोजाना गणगौर की पूजा अर्चना की जा रही थी। मंगलवार को इसका समापन किया गया। अंतिम दिन सुबह 6 बजे से ही महिलाओं ने पूजा अर्चना शुरू की इसका सिलसिला दोपहर 12 बजे तक चला। यहां महिलाओं एवं युवतियों ने फूलपाती, मेंहदी, कुंकू चावल के साथ घरों पर बनाए गए पकवान गणगौर को चढाये। दोपहर 1 बजे चल समारोह प्रारंभ हुआ। युवतियां आकर्षक रूप में सजधजकर दूल्हा दुल्हन बनी हुई थी। बैंडबाजों के साथ मारवाडी परिधान पहने महिलाऐं गणगौर गीतों पर नाचते गाते चल रही थी। रास्ते में चल समारोह का समाजजनों द्वारा स्वागत किया गया। नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ चल समारोह समापन पश्चात गणगौर के झाले दिए गए। महिलाओं ने गौर गौर गोमती ईसर पूजे पार्वती, पार्वती का

आला गीला, गौर का सोना का टीका, गणगौर माता खोल ए किवाडी बाहर उबी थारी पूजण वाली जैसे गीत गाये एवं गणगौर माता को जल अर्पित किया। महिला मंडल अध्यक्ष मंजू संजय अग्रवाल ने बताया कि महिलाएं अपने पति की सलामती और वैवाहिक सद्भाव के लिए तो अविवाहित युवतियां अच्छे जीवन साथी के लिए आर्शीवाद मांगती है। उन्होने बताया कि होली के बाद मनाए जानेवाले इस त्यौहार की मान्यता है कि माता गौरी होली के दूसरे दिन अपने पीहर आती है और अठारह दिनों के बाद भगवान शिव उन्हें फिर लेने के लिए आते है और चैत्र शुक्ल तृतीया को उनकी बिदाई होती है। संतोष गर्ग ने बताया कि यह त्यौहार सौभाग्य, प्रेम और आस्था का प्रतीक माना जाता है। यह त्यौहार मुख्य रूप से राजस्थान और मध्यप्रदेश में मनाया जाता है।

29वीं बटालियन विशेष सशस्त्र बल दतिया में विदाई समारोह आयोजित

दतिया। 29वीं बटालियन विशेष सशस्त्र बल दतिया में विदाई समारोह आयोजित किया गया । जिसमें पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी सेनानी वीरेंद्र कुमार मिश्रा के निर्देशन में वाहिनी के सहायक सेनानी ललित सिंह डागोर के नेतृत्व में संपन्न हुआ जिसमें अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त हो रहे उपनिरीक्षक करन सिंह यादव एवं प्रधान आरक्षक आसाराम रावत को शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर इनको सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सहायक सेनानी ललित सिंह द्वारा इनके परिवार से आए हुए सदस्यों का हालचाल जाना और दोनों अधिकारियों को अपनी आगे की पारी में एक्टिव और सामाजिक कार्यों में लगे रहने एवं अपने कोई भी एक मन का काम करने की सलाह दी। उनको आश्वासन दिया कि यह वाहिनी आपका परिवार है जब भी आपको आवश्यकता पड़े हम लोग सदैव आपके सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर दोनों सेवानिवृत होने वाले शासकीय सेवकों ने अपने सेवा काल के अनुभव सभी के बीच साझा किये और सभी को ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के साथ अपनी ड्यूटी करने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन सहायक उपनिरीक्षक कमलेश प्रजापति ने किया। इस अवसर पर क्वार्टर मास्टर संतोष कुमार सेन, सूबेदार मेजर सजल विदुआ, एमटीओ हरदास सिंह, सहायक उप निरीक्षक सरबजीत सिंह, रिटायर्ड एसआई राम बहादुर सिंह समेत वाहिनी के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

आयो-आयो चैतडल्या रो मास जी, जंवारा जतन कर राखज्यो जी...

नगर में निकला रथों का कारवां, शुरू हुआ मन्नतों का दौर

खरगोन। सुहाग और सौभाग्य का प्रतीक गणगौर पर्व का उल्लास चरम पर है। जिन क्षेत्रों में चैत्र तृतीया याने सोमवार को बाड़ियां खुली उन बाड़ियो के जवारो को श्रृंगारित रथो में सोमवार देरशाम घाट पर भ्रमण के लिए ले जाया गया, यहां से मन्नतधारी परिवार मान. मनुहार कर माता को अपने घर लाए। गणगौर घाट पर माताजी का विशेष पूजन.अर्चन किया गया। घाट पर कुछ देर रुकने के बाद माता को पानी पिलाकर, यहां से मन्नत वाले श्रद्धालुओं द्वारा मनुहार कर उन्हें बेटी की तरह घर लाया गया। इसे निमाड़ में रथ बौड़ाना कहा जाता है। वहीं कई स्थानों पर मंगलवार को भी बाडियां खोली गई, जहां से श्रद्धालू दोपहर बाद माता को अपने घर बेटी के रुप में ले गए। बुधवार को बेटी को विदाई करने की परंपरा नही होनें से गुरुवार से माता की विदाई याने विसर्जन का दौर शुरु होगा।

दुधिया रोशनी से नहाए माता चौक: प्रसिद्ध गणगौर पर्व को लेकर प्रशासन के साथ ही नागरिको द्वारा विशेष तैयारियां की गई है। नदी तटो पर साफ सफाई के साथ ही पर्याप्त प्रकाश व्यवस्थाएं की गई है। शाम को शहर के माता चौक आकर्षक दूधिया रोशनी से सराबोर होकर मानो रणुबाई और धणियर राजा की अगुवाई कर रहे हो। ढोल.तांशो की धून पर बज रहे धार्मिक गीतो के बीच श्रद्धालू रथो को लेकर माता चौक पर पहुंचे। जहां एकत्रित हजारों श्रद्धालुओ ने श्रद्धाभाव से माता की पुजा.अर्चना कर प्रसादी स्वरूप तमोल (धानी) चढ़ाकर आराधना की। इस दौरान माता चौक पर मेले सा माहौल नजर आया। बच्चे, बुढ़े, महिलाएं, पुरूष, युवक, युवतीयां माता की भक्ति में लीन नजर आए। ग्राम छालपा के नरेंद्र पाटीदार ने बताया कि गणगौर का पर्व हर्षोल्लास और मंगल कामना के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 100 के लगभग रथ आए है।

लंबित प्रकरणों की ली समीक्षा बैठक, वरिष्ठ अधिकारी रहे उपस्थित

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के के दिए निर्देश

दतिया। मंगलवार को कलेक्टर संदीप कुमार माकिन ने सीएम हेल्पलाइन में 50 दिनों से अधिक होने पर लंबित विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन के जबाव में संबधित अधिकारी किसी भी दशा में गलत जानकारी न भरे एवं शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर तीन दिन में प्राथमिकता देकर शीघ्र ही निराकरण करें। बैठक में कलेक्टर श्री माकिन ने सभी विभागों के कार्यालय प्रमुखों को सख्त निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यालय में लंबित प्रकरणों का शीघ्र ही निराकरण करें। साथ ही निराकरण की जानकारी का इस कार्यालय के अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। उन्होने कहा कि सभी कार्यालय प्रमुख निश्चित करे ले कि जो भी शिकायत 50 दिनों से अधिक समय की है वह तुंरत निराकृत करें यदि जरूरत पड़े तो मुझ से कार्यवाही करने हेतु प्रस्तुत करें। कलेक्टर श्री माकिन ने कहा कि ज्यादातर शिकायत, राजस्व, शिक्षा विभाग, नगरपालिका, स्वास्थ्य विभाग आदि की है। बैठक में प्रभारी अपर कलेक्टर नीरज शर्मा, एसडीएम संतोष कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रभारी अपर कलेक्टर ने 56 आवेदनों पर की जनसुनवाई

दतिया। कलेक्टर संदीप कुमार माकिन के निर्देशानुसार प्रभारी अपर कलेक्टर नीरज शर्मा ने न्यू कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जनसुनवाई में आए हुए 56 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ज्यादातर वृद्धापेशन, बीपीएल, बिजली, बंटवारा, शिक्षा विभाग, नगरपालिका, माईनिंग तथा अन्य संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार अपर कलेक्टर श्री शर्मा ने अन्य संबधित विभागों के आवेदनों पर भी जनसुनवाई की। जिस पर संबधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए गए।

3 वर्षो से लगातार आयुष्मान में निःशुल्क

नेशनल हॉस्पिटल, रीवा

कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी | पथरी का दूरबीन के द्वारा ऑपरेशन | प्रोस्टेट, हार्निया, हाइड्रोसील

पता-नेशनल हॉस्पिटल, समान तिराहा, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)

Mob. : 91 7566831551, 18008890620, 8608600604

7 APRIL

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल 462011 से मुद्रित कर जी-1 गोयल निकेत अपार्टमेंट प्रेस कॉम्प्लेक्स जोन-1 एमपी नगर भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। पिन नं. 462011, संपादक **अभिनव त्रिपाठी।**

RNI-MPHIN/2004/13180 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। **फोन :** 0755-4700402, ई-मेलः dainiksamayjagat@gmail.com

आओ स्कूल चलें हम....

नवीन शैक्षिक सत्र में नामांकन बढ़ाने पर जोर

- पूर्व माध्यमिक विद्यालय से निकाली गयी जन-जागरूकता रैली

- स्कूल चलो अभियान के तहत हुआ आयोजन

समय जगत, ललितपुर। नवीन शैक्षिक सत्र 2025-26 को लेकर पहली अप्रैल से परिषदीय विद्यालय खुल गये हैं। परिषदीय विद्यालयों में अधिक से अधिक नामाकंन कराने के लिए शासन के निर्देशानुसार प्रशासन काफी संजीदा है। विद्यालयों में नामाकंन को सकुशल तरीके से बढ़ाने के लिए गांव-गांव में जागरूकता अभियान शुरू किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में नवीन शैक्षिक सत्र के प्रथम दिवस पूर्व माध्यमिक विद्यालय नदनवारा में स्कूल चलो अभियान को लेकर जागरूकता रैली निकाली गयी। यह रैली विद्यालय से शुरू होकर गांव की गलियों से होकर निकाली गयी। रैली में शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने स्कूल चलो अभियान के तहत नारे लगाते हुये जयघोष किया।

बच्चों ने गांव में निकाली गयी रैली के दौरान अभिभावकों से आह्वान किया कि वह अपने बच्चों को आवश्यक रूप से परिषदीय विद्यालय में नामाकंन करायें। पूर्व माध्यमिक विद्यालय नदनवारा की प्रधानाचार्या श्रीमती मनीषा बानो ने कहा कि अभिभावकों को आवश्यक रूप से अपने छह वर्ष की आयुवर्षता पूर्ण करने वाले बच्चों का विद्यालय में नामाकंन आवश्यक रूप से कराना चाहिए। बताया कि नामाकंन होने के बाद बच्चों को सरकार की ओर से गणवेश, जूता-मोजा के लिए आर्थिक मदद की जाती है।

इसके अलावा मध्याह्न भोजन योजना के तहत मीनू के अनुसार सप्ताह के प्रत्येक दिवस में सुपाच्य भोजन बच्चों को वितरण किया जाता है। इसके अलावा पुस्तकें भी विद्यालय से ही निरूशुल्क उपलब्ध करायीं जाती हैं, ताकि ग्रामीण अंचलों में भी शिक्षा का स्तर सुधारा जा सके। इस दौरान प्रधानाचार्या श्रीमति मनीषा बानो, सहायक अध्यापिका शिल्पी गुप्ता, अनुदेशक फरीदा खातून, अनुदेशक सरिता श्रीवास्तव, सहायक अध्यापक मनीष जैन मौजूद रहे।

कार्यवाही न होने से नाराज प्रदर्शनकारियों ने कराया मुण्डन

ललितपुर। घंटाघर परिसर में नागरिक विकास मोर्चा, सनातनी संगठन के बैनर तले भूमि संरक्षण विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में आंदोलन चल रहा है, जो कि अब भूख हड़ताल में तब्दील हो रहा है। यही नहीं, मुंडन कराने की भी घोषणा की गई थी, जिसके चलते आज मंगलवार को आन्दोलनकारियों ने मुंडन कराया है। जिससे आंदोलन और तेज होने की उम्मीद जताई जा रही है। नागरिक विकास मोर्चा के अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने आरोप लगाया कि भूमि संरक्षण विभाग में किसानों की योजनाओं में बंदरबाट किया जा रहा है, इससे किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कई योजनाएं तो कागजी बनकर रह गई हैं। इसके विरोध में घंटाघर परिसर में आंदोलन किया जा रहा है, इसके बाद भी जिला प्रशासन बेपरवाह बना हुआ है। इससे दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि एक अप्रैल से क्रमिक अनशन को भूख हड़ताल में बदला जा रहा है। साथ ही आंदोलनकारियों द्वारा मुंडन कराया जाएगा। इस मौके पर नागरिक विकास मोर्चा अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, पार्षद एड.मनमोहन चौबे, हरपाल सिंह चंदेल, अवनीश कुमार सुलेरे, सच्चिदानंद गोलवानी, सुरेंद्र सिंह शामिल रहे।

ग्यारह अप्रैल से मां अंजनी मेले का शुभारंभ

मां अंजनी मेले को भव्य एवम दिव्य रूप देने की रूप रेखा तय

समय जगत, महरौनी । महरौनी तहसील अंतर्गत ग्राम कुम्हैड़ी के अंजनी धाम में विराजित श्रीश्री 1008 अंजनी माता के चरणों में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 11 से 18 अप्रैल 2025 तक पारम्परिक मां अंजनी मेला महोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है। मेला को भव्य एवम दिव्य रूप प्रदान करने के लिए माँ अंजनी धर्मार्थ ट्रस्ट की एक बैठक आहूत की गई। बैठक में विगत 75 वर्षों से मेला महोत्सव के लिए प्रशासन द्वारा निर्धारित व्यवस्थाए जैसे स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा, जलकल व्यवस्था, सिंचाई विभाग, विद्युत व्यवस्था, खाद्य आपूर्ति, पुलिस व्यवस्था, फायर बिग्रेड एवं खण्ड विकास से सम्बन्धित समस्त प्रकार की सुविधायें प्रशासन द्वारा दी जाती रही है, जिनको लेकर बैठक में प्रस्ताव रखे गए एवं बैठक में निर्णय लिया गया कि मेला संयोजन हेतु प्रशासनिक स्वीकृति व प्रशासनिक सुविधाओं को सुनिश्चित कराने हेतु महरौनी उपजिलाधिकारी से भेंट भी की जाएगी। बताते चलें कि मेले में दूर दराज से पशु क्रय- विक्रय हेतु आते है व दूर दराज से भारी संख्या में दुकानदार अपनी अपनी दुकाने, झूला, बच्चो की ट्रेन, मौत का कुंआ, बच्चों के खेलने के विभिन्न प्रकार के झूले खिलौनों की आकर्षक दुकानें इत्याद मेले के मुख्य आकर्षण होते है। जिससे श्रद्धालुजनों माँ के दर्शन के साथ मनोरंजन एवं अपने जरुरत के समान क्रय करते हैं। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं द्वारा माँ के दरबार में जवारे व माँ के दर्शन हेतु जिले सहित अन्य प्रदेशों के भी श्रद्धालु जन पधारते है। मेला महोत्सव के अन्तर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रखला में रामलीला, लोकगीत, भजन संध्या व लोक नृत्य विशेष आकर्षण के साथ आयोजित किये जाएंगे। बैठक में विभिन्न सुविधाओं को लेकर माँ अंजनी धर्माध ट्रस्ट रजि. द्वारा आयोजित मेला को सफल सम्पन्न हेतु स्थानीय प्रशासन से पूर्ण सहयोग रखने की अपील की हैं। बैठक में मेला महोत्सव को सफल बनाने हेतु प्रमुख रुप से माँ अंजनी धर्मार्थ ट्रस्ट रजि. के प्रबंधक मुकेश श्रीवास्तव, दिनेश विदुआ, संन्तोष निरंजन नेता, संन्तोष पटेल काजू, धनीराम टिकरया मौजूद रहे।

सिरसा दो गढ़ी में गेहूं की फसल में आग लगने से लाखों का नुकसान

समय जगत, उरई। माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम सिरसा दो गढ़ी में एक किसान की गेहूं की फसल में आग लग गई। किसान जितेन्द्र कुमार सिंह की 5 बीघा गेहूं की खड़ी फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई।आस-पास के किसानों के अनुसार, बगल के खेत में भूसा की मशीन चल रही थी, जिससे आग लगने की आशंका है। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया।घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार भुवनेंद्र कुमार, चौकी इंचार्ज बंगरा, मंडी सचिव माधौगढ़ सचिन श्रीवास्तव और लेखपाल कल्लू सिंह मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने पीड़ित किसान जितेन्द्र कुमार सिंह को सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है। जितेन्द्र कुमार सिंह रामौतार सिंह के पुत्र हैं और सिरसा दो गढ़ी के निवासी हैं।

खेत से लौटी किशोरी ने आत्महत्या कर ली

समय जगत, उरई। उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव मींगनी में 16 वर्षीय किशोरी ने मंगलवार सुबह आत्महत्या कर ली।किशोरी शालिनी उर्फशालू अपनी मां संतोषी के साथ गेहूं काटने गई थी। सुबह 9 बजे के करीब दोनों घर लौट आईं। मां खाना बनाने लगीं और शालिनी कमरे में चली गई। कुछ देर बाद परिजनों ने खिड़की से झांककर देखा तो किशोरी का शव पंखे से लटका हुआ था। उसने दुपट्टे का फंदा बनाकर जान दे दी।मृतका के पिता अरविंद कुमार वर्मा फरीदाबाद में मजदूरी करते हैं। वे परिवार का भरण-पोषण करने के लिए वहां रहते हैं। उनकी पत्नी संतोषी बच्चों के साथ गांव में रहती हैं।घटना की सूचना मिलते ही कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

रात में दुकान न खोलने पर गांव के दबंगों ने दुकानदार को पीटा

ललितपुर। तालबेहट कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम म्यांव में रहने वाले विनोद कोरी पुत्र नन्दलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह एक खोखे में गांव के बाहर दुकान का संचालन करता है। बताया कि रविवार को वह दुकान बंद करके बगल में बने घर में था। रात करीब 8.30 बजे गांव के प्रीतम यादव पुत्र चन्दन सिंह आये और उसे आवाज देकर बुलाते हुये कहा कि उन्हें सामान लेना है। बताया कि उसकी पत्नी वन्दना ने बाहर जाकर दुकान खोलने से मना कर दिया। इसी बात से क्षुब्ध होकर प्रीतम वहां से चला गया। कुछ समय बाद वह अपने साथ पुत्र अनुज व भतीजे संजय पुत्र भुवानी सिंह यादव को लेकर आया और गालियां देते हुये जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने लगा। विरोध करने और दुकान न खोलने की बात कहने पर उक्त लोगों ने एकराय होकर उसके साथ धक्का-मुक्की करते हुये मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर गांव के कुछ लोग मौके पर आये और बीच-बचाव किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफबीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) व एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3 (2)(व्ही.ए.), 3 (1)(द) व 3 (1)(घ) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज

ललितपुर। थाना बानपुर अंतर्गत रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 28 मार्च की रात करीब 8 बजे उसकी पुत्री घर में अकेली थी। तभी गांव में रहने वाले नीरज पुत्र पप्पू ढीमर ने मौका पाकर घर में घुसकर उसकी पुत्री को गलत नीयत से पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। पुत्री के चिल्लाने पर उसकी चाची मौके पर पहुंची, तो उक्त दबंग गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग निकला।

एक अप्रैल से भूख हड़ताल और मुंडन कराएंगे

ललितपुर। ललितपुर भूमि संरक्षण विभाग के खिलाफ ग्यारहवें दिन भी नागरिक विकास मोर्चा सनातनी संगठन ने भी घंटाघर परिसर में धरना प्रदर्शन किया। किसानों के हितों के लिए भूमि संरक्षण के भ्रष्टाचार को देखते हुए प्रशासन की उदासीनता को देखते हुए एक अप्रैल से भूख हड़ताल करेंगे।

जिम्नेजियम हॉल का एसपी ने किया लोकार्पण

समय जगत, ललितपुर। पुलिस के जवानों व अधिकारियों के शारीरिक सौष्ठव का ध्यान रखने के उद्देश्य से ललितपुर पॉवर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड ने सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत पुलिस लाइन परिसर में जिम्नेजियम हॉल का निर्माण कराया है। इस हॉल का लोकार्पण बीते रोज पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक ने फीता काटकर किया। एक लंबे समय से पुलिस लाइन परिसर में जिम्नेजियम हॉल की स्थापना की आवश्यकता महसूस हो रही थी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक ने बजाज एनर्जी समूह के एम.डी. विनय सिंह वनकोटी व सीईओ ए.एन. सार से कमल नयन जमनालाल बजाज फाउंडेशन की सहायता से पुलिस लाइन परिसर में एक जिम्नेजियम हॉल के निर्माण का अनुरोध किया। इस प्रस्ताव को कंपनी प्रबंधन ने तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया।

इसके तुरंत बाद कमल नयन जमनालाल बजाज फाउंडेशन के हेड डा.अजय विक्रम सिंह और हरिभाई मौरी ने निर्माण कार्य की औपचारिकता पूरी करके निर्माण कार्य शुरू करा दिया। करीब 18 लाख रूपए की लागत से बनाए गए इस जिम्नेजियम हॉल का लोकार्पण पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक के कर कमलों से हुआ।

जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक सम्पन्न

समय जगत, ललितपुर। जनपद स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक एडीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के साथ जनपद स्तर पर जीरो इफेक्ट एण्ड जीरो डिफेक्ट (जेड) कार्यशाला का भी आयोजन किया गया और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अन्तर्गत बैंक स्तर में लम्बित आवेदन पत्रों के लिए अग्रणी जिला प्रबन्धक को लम्बित आवेदन पत्रों को शीघ्र अति शीघ्र निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया गया। नये औद्योगिक आस्थान बीघाखेत के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश लघु उद्योग इण्डस्टीज निगम को बैठक में उपस्थित न होने के कारण नोटिस देने के लिए निर्देशित किया गया। विभागीय योजनाओ की प्रगति पर अध्यक्ष द्वारा सन्तुष्टि व्यक्त की गयी। निवेश मित्र पोर्टल कोई भी आवेदन समय सीमा के उपरान्त नहीं पाया गया। विद्युत सम्बन्धी चन्देरा की समस्या स्वतन्त्र विद्युत फीडर चन्देरा के निर्माण कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिजनेस प्लान के अन्तर्गत शामिल किये जाने की सम्भावना है। औद्योगिक आस्थान चन्देरा में मियावाकी योजना के अन्तर्गत चन्देरा में पार्कों के अन्दर किये गये वृक्षारोपण को नियमित पानी प्रदान करने के लिए नगर पालिका को निर्देशित किया गया। अध्यक्ष द्वारा जनपद में और अधिक निवेश लाने हेतु उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाये ताकि रोजगार सृजन की सम्भावनायें और बढ़ सके। संचालन उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल ने किया। बैठक में कमलेश सर्राफ मुकेश जैन, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, ईओ नगर पालिका, सहायक आयुक्त खाद्य, औषधि निरीक्षक, बांट माप अधिकारी, जिला अग्रणी प्रबन्धक, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, उद्यमी मित्र अन्य उद्यमी आदि मौजूद रहे।

श्रीराम नवमी पर निकाली जायेगी भव्य शोभायात्रा

समय जगत, ललितपुर। स्थानीय एक रेस्त्रां में आगामी समय में आने वाली श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में निकलने वाली शोभायात्रा की एक योजना बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में धर्मेन्द्र गोस्वामी, चंद्रशेखर दुबे एवं संजीव बजाज के अलावा अनेकों लोग शामिल हुये। बैठक में उपस्थित अधिकांश वर्ग के लोगो द्वार शोभायाना को और भी विशाल एवं सफल बनाने हेतु अपने अपने सुझाव दिये। बैठक में महाकाल अखाडा से भरत वैद्य, रानीलक्ष्मी बाई अखाड़ा राकेश कुशवाहा, महाकाल अखाड़ा कपिल कुशवाहा, भैलौनी राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी भूरे राजा, विश्व हिन्दू परिषद नवल किशोर सोनी, बजरंग सेना दीपक पस्तोर, गौ पुत्र सेना से प्रशांत शुक्ला व मनीष दुबे, श्रीरामलीला हनुमान जयन्ती महोत्सव समिति से बृजेश चतुर्वेदी, मुक्ति संस्था से अज्जू बाबा, जय अम्बे रक्तदान समिति से दीपक राठौर, बुविसे से हरीश कपूर, भाकियू लोकशक्ति से सुनील शर्मा, भाकियू टिकैत से लाखन पटेल, गौ सेवा मण्डल से सुनील पटैरिया, क्षत्रिय महासभा से भगवत बैस, करणी सेना से सत्य प्रताप सिंह व दिग्विजय सिंह, ब्राह्मण महामण्डल युवा से राजेश दुबे, कुशवाहा महासभा से रमेश कुशवाहा, धीरज कुशवाहा, खंगार क्षत्रिय महासभा से शैलेन्द परिहार, आकाश, साहू महासभा से संतोष साहू, सुनील साहू, रैकवार समाज से आशीष रैकवार, अजय रैकवार, धानुक महासभा से सुधीर धानुक, रजक समाज से नीलू रजक, बाल्मीकि महासभा से कुंजबिहारी बाबरा, नामदेव महासभा से दीपक पटवारी, लोधी महासभा से देवसिंह लोधी, सहरिया समाज से घासीराम सहरिया, राठौर महासभा से संजय राठौर, कायस्थ महासभा से कबीर सिन्हा, सेतू श्रीवास्तव, गुरूद्वारा कमेटी से हरविन्दर सलूजा, ग्राम प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष अनुपम चौबे, नीरज जैन गौना, बजरंग सेना से दीपक नायक, व्ही-5 पंचरत्न समिति से विजय डयोढिया, अंशुल राजपूत, हरीओम जायसवाल, धर्मेंद्र राठौर, रवि गौतम, साहिल गौतम, सौरभ झां, कमल विश्वकर्मा, आकाश सिंह, धनंजय दुबे, खुशाल बरार, मोहित मुडेले, आशुतोष सोनी, अभिषेक शर्मा, नयन शर्मा, रमेश कुशवाहा, संजू राजा क्षत्रिय आदि अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अध्यक्षता पुष्पेन्द्र राजा बुन्देला ने व आभार जिला संयोजक हिंदू जागरण मंच परमेन्द्र सिंह कुआंतला ने व्यक्त किया।

कलेक्टर ने प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में छात्रों का तिलक एवं पुष्पमाला पहनाकर किया स्वागत

स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित

समय जगत , निवाड़ी। शासन के निर्देशानुसार स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत 01 अप्रैल 2025 को प्रवेश उत्सव पर कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड़ ग्राम पंचायत लड़वारी के शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में उन्होंने बच्चों एवं अभिभावकों से संवाद किया तथा बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने छात्र छात्राओं को नए सत्र की पुस्तकों का वितरण कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। शासकीय प्राथमिक शाला में छात्रों को तिलक एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। शिक्षकों को प्रतिदिन समय से सत्र प्रारम्भ से ही छात्रों को अध्यापन कार्य कराने हेतु निर्देशित किया गया। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार स्कूल चले हम अभियान प्रदेश के सभी विद्यालयों में 01 अप्रैल से 04 अप्रेल 2025 तक आयोजित किया जायेगा। प्रदेश के विद्यालयों में दिवसवार आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की रुपरेखा एवं निर्देश जारी किए गए हैं। 01 अप्रैल 2025 को प्रवेशोत्सव, 02 अप्रैल को भविष्य से भेंट कार्यक्रम में कोई भी अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं व्यक्ति स्वेच्छा से शाला उपयोगी वस्तुए भेंट कर सकते हैं। 03 अप्रैल को विद्यालय स्तरीय सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। 4 अप्रैल 2025 को हार के आगे जीत ध्येय के माध्यम से शिक्षा से वंचित विद्यार्थियों का विद्यालय में पुनः प्रवेश कराया जाएगा। इस अवसर पर ओआईसी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल श्री सुनील श्रीवास्तव, जिला परियोजना समन्वयक फूलसिंह दिनकर, शिक्षक एवं संबंधित अधिकारी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

शासकीय ईएफए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 निवाड़ी में स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव हुआ संपन्न

समय जगत, निवाड़ी। जिला निवाड़ी के मुख्यालय पर 01 अप्रैल 2025 को मप्र शासन के स्कूल शिक्षा विभाग निर्देशानुसार शासकीयईएफए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 निवाड़ी में स्कूल चलो हम अभियान प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन हुआ सुबह 09 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री के राज्यस्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का लाइव प्रसारण स्क्रीन पर देखा गया उसके बाद संस्था मे प्रवेश उत्सव मनाया ।

जिसमें संस्था मे अध्यनरत नियमित छात्रों को शासन की ओर से निःशुल्क पुस्तके वितरित की गई बच्चो को प्रतिदिन स्कूल में नियमित उपस्थित रहकर शिक्षा ग्रहण करने के लिए निर्देशित किया ।

वरिष्ठ व्याख्याता रफीक अहमद लहारिया, कल्पना लिटौरिया उच्च माध्यमिक शिक्षक ने बच्चों के लिए शिक्षा के महत्व को समझाते हुए उज्वल भविष्य की मंगल कामना की,,संस्था के प्राचार्य अटल बिहारी शर्मा ने सभी अध्यनरत बच्चों को पुस्तकों का वितरण कर फूल माला पहनाकर तिलक लगाकर उनके अभिभावकों का स्वागत किया आने वाले तीन दिनों तक चलने वाले स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के बारे मे जानकारी दी साथ में कहा कि सत्र की शुरुआत हो चुकी है आप नियमित कक्षाओं में अध्ययन में शामिल हो ऐसे निर्देश सभी बच्चों को दिये छात्रो को निःशुल्क पुस्तकें मिलने पर उनके अभिभावकों सहित बच्चों के चेहरे पर खुशी देखी गई सभी उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपनी अपनी कक्षा के बच्चों उनके अभिभावकों से मिलकर चर्चा की उसके बाद बच्चों को आज विशेष भोजन कराया

स्कूल चले हम अभियान प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का सफल मंच संचालन संस्था के शिक्षक देवेन्द्र वर्मा ने किया।

ट्रैक्टर पलटने से मजदूर की मौत हादसा नहीं हत्या है :परिजन

समय जगत, उरई । सरिया लादकर ले जा रहे ट्रैक्टर पलटने से मजदूर की मौत मामले में मृतक के परिजनों ने ठेकेदार पर हत्या करने का आरोप लगाते हुये उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। उच्चाधिकारियों को भेजे गये शिकायती पत्र में करन पुत्र जगमोहन वंशकार निवासी ग्राम खैलार थाना बबीना जनपद झांसी ने बताया कि उसका भाई जितेन्द्र ठेकेदार हरगोविन्द निवासी ग्राम खैलार के साथ मजदूरी का काम करता था। बताया कि वर्तमान में उक्त ठेकेदार हरगोविन्द का काम ग्राम अण्डा हो रहा पुल निर्माण में सटरिंग का काम चल रहा है। बिगत 28 मार्च 2025 को उसके भाई जितेन्द्र की ग्राम अण्डा में मौत हो गयी थी लेकिन ठेकेदार हरगोविन्द ने प्रार्थी व उसके परिवार को दूसरे दिन बताया कि टैक्टर-ट्रॉली में सामान रखा था और वह पलट गयी जिससे जितेन्द्र की मौत हो गयी। जबकि उसके भाई के शरीर पर जख्म का कोई निशान नहीं था इसलिए उसको व उसके परिवार को पूर्णतः विश्वास है कि उक्त ठेकेदार हरगोविन्द ने उसके भाई जितेन्द्र को मारा है। पीड़ित ने बताया कि उसके भाई जितेन्द्र के दो लड़के व एक लड़की है। वहीं ठेकेदार हरगोविन्द का भाई प्रभू दयाल फोन करके धमकियां दे रहा है कि तुम्हें जो करना हो कर लो लेकिन मेरे भाई हरगोविन्द का कोई कुछ नहीं बिगड़ सकता है। इसको लेकर शिकायतकर्ता द्वारा पुलिस को मामले की तहरीर दी गयी लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की।

परिसीमन के बाद किस राज्य में होगी सबसे अधिक लोकसभा सीटें?

- जानें किस आधार पर होता है फैसला

- अनिल शर्मा -

समय जगत, नई दिल्ली । देशभर में परिसीमन को लेकर बहस छिड़ी हुई है। 2026 में परिसीमन होने वाला है। जब साल 2001 में जनगणना हुई थी, तब परिसीमन 25 साल तक के लिए टाल दिया गया था। अगर उसे हिसाब से देखें तो 2026 तक परिसीमन पूरा हो जाना चाहिए। इस बीच दक्षिण भारतीय राज्य के राजनीतिक दल परिसीमन का विरोध कर रहे हैं। हालांकि उनका कहना है कि वह परिसीमन का विरोध नहीं कर रहे हैं बल्कि जिस आधार पर सरकार इसे करना चाहती है, वह इसका विरोध कर रहे हैं।

एमके स्टालिन ने जताई चिंता

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने यहां तक कह दिया कि अगर परिसीमन मोदी सरकार ने लागू किया तो तमिलनाडु में आठ लोकसभा सीटें कम हो जाएंगी। अब बड़ा सवाल उठ रहा है कि अगर वर्तमान व्यवस्था के आधार पर परिसीमन हुआ तो किस राज्य में सबसे अधिक सीटें होगी। 1971 की जनगणना के बाद 1976 में परिसीमन होना था लेकिन इंदिरा गांधी सरकार ने संविधान में संशोधन किया और इसे 25 साल तक टाल दिया। इसके बाद 2001 में अटल बिहारी वाजपेई सरकार ने 2026 तक टाल दिया। अब 2026 आने वाला है और परिसीमन को लेकर मोदी सरकार का रुख स्पष्ट दिख रहा है।

'किस आधार पर होगा परिसीमन

माना जा रहा है कि जनगणना में देश की जनसंख्या 150 करोड़ को पार कर जाएगी। ऐसे में 20 लाख की आबादी पर एक लोकसभा सीट परिसीमन आयोग द्वारा तय की जा सकती है। अगर ऐसा होता है तो देश में 543 की जगह 753 लोकसभा सीटें हो जाएगी, लेकिन इससे दक्षिण और उत्तर भारत में सीट के अनुपात में बड़ा फर्क आएगा। इसी का डर दक्षिण भारतीय राज्यों के दलों को है। वर्तमान में 543 में से 129 लोकसभा सीटें दक्षिण भारतीय राज्यों में है। इन राज्यों में तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल शामिल हैं। यानी लोकसभा में 24 फीसदी सीटें दक्षिण भारतीय राज्यों से आती हैं। अब अगर 20 लाख की आबादी के हिसाब से परिसीमन होता है तो दक्षिण भारत की सीटें बढ़कर 144 हो जाएगी। लेकिन अगर हम 753 लोकसभा सीटों के हिसाब से देखेंगे तो यह 19 फीसदी होता है। यानी वर्तमान अनुपात से पांच फीसदी कम।

यूपी में सबसे अधिक सीटें

लेकिन यदि हम उत्तर भारत के कुछ राज्यों की सीटों पर नजर डाले और 20 लाख की आबादी के आधार पर परिसीमन हुआ तो यूपी में लोकसभा सीटें 80 से बढ़कर 128 हो जाएंगी। वहीं बिहार में लोकसभा सीटें 40 से बढ़कर 70 हो जाएंगी। जबकि मध्य प्रदेश में 29 से बढ़कर 47 हो जाएंगी जबकि राजस्थान की लोकसभा सीटें भी 44 हो जाएंगी। ऐसे में उत्तर भारतीय राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या में भारी वृद्धि होगी। इसी का डर दक्षिण भारत के राजनीतिक दलों को सता रहा है।परिसीमन का उद्देश्य होता है कि इसके जरिए संसद और विधानसभा की सीटों की संख्या में बराबरी रहे। इसका उद्देश्य होता है कि हर सीट पर मतदाता लगभग बराबर रहें, यानी किसी के साथ कोई भेदभाव ना हो।

भारत में अब तक 4 बार हुआ परिसीमन

भारत में अब तक चार बार परिसीमन हुआ है। 1951 की जनगणना के बाद 1952 में पहली बार परिसीमन हुआ था। इसके बाद 1961 की जनगणना हुई और 1963 में दूसरी बार परिसीमन हुआ। इस परिसीमन में लोकसभा के लिए 522 जबकि विधानसभा के लिए 3771 सीटें तय की गई। इसके बाद 1973 में तीसरी बार परिसीमन हुआ और लोकसभा सीटों की संख्या बढ़कर 543 हो गई जबकि विधानसभा सीटों की संख्या 3997 हो गई। 2001 की जनगणना के बाद 2002 में चौथी बार परिसीमन हुआ लेकिन लोकसभा सीटों की संख्या में कोई वृद्धि नहीं हुई। केवल विधानसभा की सीटों की संख्या में वृद्धि हुई। 2002 में विधानसभा की सीटें बढ़कर 4123 हो गई और लोकसभा के लिए 25 साल तक परिसीमन टाल दिया गया।

प्रभारी मंत्री रामकेश ने समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूल चलो अभियान का किया शुभारंभ

समय जगत, हमीरपुर। समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ आज दिनांक 01 अप्रैल, 2025 के ब्लाक संसाधन केन्द्र, कुछेछा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि रामकेश निषाद, प्रभारी मंत्री स्वतन्त्र प्रभार (जल शक्ति) उ0प्र0, डा0 मनोज कुमार प्रजापति, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, राज्यमंत्री बाबूराग निषाद के प्रतिनिधि अशोक तिवारी द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती पूजन कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता घनश्याम मीना, जिलाधिकारी, हमीरपुर द्वारा की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि चन्द्रशेखर शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी एवं अलोक सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रहे। कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय, कुछेछा की छात्राओं के द्वारा सरस्वती वन्दना एवं स्वागतगीत का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विधायक सदर एवं जिलाधिकारी महोदय को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए बैज अलंकरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आये हुए सभी

अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं फूलमालाएं पहनाकर किया गया। तत्पश्चात कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बच्चियों द्वारा सरस्वती वन्दना और स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुती की गयी। सभी अतिथियों द्वारा मुख्यमंत्री योगी जी के लाइव प्रसारण को देखा और सुना गया। इस दौरान माननीयों एवं अधिकारियों द्वारा कक्षा 4 से 8 तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गयी। साथ ही कक्षा 1 के 10 नवप्रवेशी बच्चों को फूलमाला पहनाकर, तिलक लगाकर बैग और लंच बॉक्स देकर स्कूल में प्रवेश कराया गया। माननीयों एवं अधिकारियों द्वारा उ0प्रा0वि0 टिकरौली के शिक्षक अरुण भदौरिया द्वारा लिखित गणितीय खेल व गतिविधियां पुस्तक का विमोचन किया गया। इसके बाद प्रा0 वि0 कुछेछा में नवनिर्मित विद्यालय भवन का मंत्री जी द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। प्रभारी मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्ष 2047 में हमे विकसित राष्ट्र बनना है तो हमें साक्षरता दर को बढ़ाना होगा जिसके लिए हम सबको प्रयास कर साक्षरता स्तर को 100 प्रतिशत तक ले जाना होगा। सदर विधायक डा0 मनोज प्रजापति ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा वह वट वृक्ष है जिसकी छाया में हम पुष्पित एवं पल्लवित होते हैं। जिलाधिकारी महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्राथमिक शिक्षा नैतिक गुणों के साथ समावेशित करते हुए सर्वांगीण विकास के लिए उत्तर प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। उसके लिए हमें सत्त प्रयास करना होगा। जिले के सभी विद्यालयों में आज से एक साथ निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने पुस्तक वितरण, स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग अभियान के लिए जनपद, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा कार्यक्रम के सफल आयेजन के लिए सभी की ड्यूटी लगाई है। कार्यक्रम में नगर खंड शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार निगम, खंड शिक्षा अधिकारी सुमेरपुर प्रभाकर सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी सरीला आशीष चौहान, जिला व्यायाम शिक्षक रावेन्द्र सिंह, जिला समन्वयक (सामु0) हेमन्त मिश्रा, जिला समन्वयक (प्र0) आलोक त्रिपाठी, जिला समन्वयक (बा0) अमन्त सिंह, अखिलेश शुक्ला, अरुण भदौरिया, अभिषेक त्रिपाठी समेत कई शिक्षक मौजूद रहे। रैली के बाद सभी बच्चों को स्वाल्याहार और पानी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा0 ज्ञानेन्द्र द्विवेदी एवं मंजीता अहिरवार ने किया।

बरुआ सम्पर्क मार्ग के न बनने से परेशान समाज सेवियों ने अब विरोध प्रदर्शन करने के लिए उपजिलाधिकारी राजापुर को पत्र देकर मांगी अनुमति

समय जगत चित्रकूट। ओवर लोड ट्रकों के निकलने से क्षतिग्रस्त हुए बरुआ सम्पर्क मार्ग की सड़क बीते चार वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है इस मार्ग पर सबसे ज्यादा भट्ठा मोड़ से बरुआ तक लगभग 8 किलोमीटर की सड़क से तीरमऊ, रगौली, रुपौली, बरुआ, भदेवरा सहित दर्जनों गांव व मजरे के लोग वर्षों से धूल व हिचखोले खा रहे हैं सबसे ज्यादा विद्यालय में मिडडे मिल का राशन ले जाने वाले शिक्षक व स्कूल जाने वाले छात्र छात्राएं हलाकान हो रहे हैं विगत चार वर्ष से क्षतिग्रस्त इस सड़क के निर्माण के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण हर स्तर से पहल भी कर चुके हैं ग्रामीण बताते हैं कि पहले तो किसी तरह इस सड़क से आवागमन हो जाता था लेकिन विगत चार वर्ष से बरुआ घाट से बालू खनन शुरू हुआ तब से ओवर लोड ट्रकों की वजह से बड़ी समस्या उत्पन्न हुई है इनके कारण जहाँ सड़क टूट गई वहीं आवागमन में भी क्षेत्रीय ग्रामीणों को बहुत बड़ी समस्या हो रही है मार्ग में उड़ रही धूल आफत बन गई है वरिष्ठ पत्रकार व

समाजसेवी रामचन्द्र तिवारी जिलाध्यक्ष पत्रकार समाज कल्याण समिति चित्रकूट ने बताया कि इस सड़क के निर्माण के लिए हर स्तर से मांग की जा चुकी है पूर्व में लोक सभा के चुनाव के दौरान ग्राम पंचायत बरुआ के ग्रामीणों ने मतदान तक का बहिस्कार कर दिया था जिसमें तत्कालीन जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव के साथ पहुँचे उच्चधिकारियों ने अविलम्ब सड़क निर्माण कराने का भरोसा ग्रामीणों को देते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित किया था ग्रामीण उनके आश्वासन पर शांत हो बाद में मतदान किया लेकिन अब लगभग एक वर्ष बीतने को है परन्तु इस सड़क के नव निर्माण की कोई कार्ययोजना धरातल पर शुरू होती हुई नहीं दिखी इसलिए ग्रामीण एक बार फिर से भड़क गए हैं बीते 27 मार्च को गांव के तमाम लोगों ने जिलाधिकारी चित्रकूट को प्रार्थना पत्र देकर इस समस्या से उन्हें अवगत भी करा चुके हैं साथ ही जिला प्रशासन को आगाह भी करा दिया है कि जल्द इस सड़क पर कार्य शुरू नहीं कराया गया तो शांति पूर्वक धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे उन्होंने बताया कि अब तक हमें हर ओर से निराशा ही हाथ लगी है इसलिए अब हमारे पास सिवाय धरना प्रदर्शन के अन्य मार्ग नजर नहीं आता है उन्होंने बताया कि इस आशय से आज हम लोग उमाकांत त्रिपाठी सदस्य जिला पंचायत हरी नारायण पाण्डेय वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी सहित तमाम लोगो के साथ हर्षिता देवड़ा उपजिलाधिकारी राजापुर को ज्ञापन देकर उन्हें भी इस सड़क की समस्या से अवगत कराया है और साथ ही खोहरा मोड़ के पास शांति पूर्वक धरना प्रदर्शन जल्द ही शुरू करने के लिए अनुमति मांगी है हमारा यह धरना प्रदर्शन किसी सक्षम अधिकारी के द्वारा सड़क निर्माण कार्य का आश्वासन देने के बाद ही समाप्त होगा अन्यथा अनवरत जारी रहेगा हमलोगों ने उपजिलाधिकारी महोदया से अनुरोध किया है कि हमें शान्ति पूर्वक धरना प्रदर्शन करने की अनुमति प्रदान करें।

संक्षिप्त समाचार

महिला ने लगाया बड़ा आरोप, दबंग की धमकी व प्रताड़ना के सदमे से गई मेरे पति की जान

समय जगत, चित्रकूट। ग्रामीण अंचलों में कहीं कहीं किसी परिवार के दरवाजे में अथवा किसी मामले में पुलिस का बुलवाया जाना किसी स्वाभिमानी व्यक्ति के लिए अच्छा नहीं माना जाता है ऐसा ही एक मामला विकास खण्ड पहाड़ी के ग्राम पंचायत महुआ गांव के मजरा उत्तमपुर में देखने में मिला जहाँ पुलिस द्वारा किसी मामले में जानकारी करने के लिए एक व्यक्ति को फोन किया बात भी कुछ देर तक हुई लेकिन बाद में सदमे के कारण उस व्यक्ति की दु :खद मौत हो गई अब मृतक की पत्नी महिला चुन्नी देवी उम्र 58 वर्ष ने राजापुर थाने में शिकायती पत्र देकर पूरे मामले की जाँच करा एवं प्रताड़ित करने वाले लोगों पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है पीड़ित महिला ने गांव के एक युवक पर बड़ा आरोप लगाया है पीड़ित महिला के अनुसार गांव में उसके खेत के पास नाली बन रही थी जिसकी मिट्टी पीड़िता के खेत की तरफ आ रही थी जिसके लिए पीड़ित महिला के पति स्व0 शिवनाथ यादव उम्र 60 वर्ष पुत्र राम औतार ने 23 मार्च को नाली बनवा रहे ठेकेदार के पास जाकर नाली की मिट्टी उसके खेत में न जाने के लिए अनुरोध किया था जिसमें ठेकेदार ने सहमति भी जताई लेकिन यह बात गांव के एक दबंग युवक को नागवार लग गई और वह मेरे पति से उलझ पड़ा और गाली गलौज करते हुए धमकी दी और अपना रुतबा दिखाते हुए डायल 112 पुलिस को बुला लिया मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की पूरी जानकारी ली जिसमें हमारी कोई गलती नहीं मिली और थोड़ी देर बाद पुलिस वापस लौट गई पीड़िता के अनुसार 24 मार्च की सुबह उक्त दबंग अंगद यादव ने राजापुर थाने में लिखित प्रार्थना पत्र देकर हमारी झूठी शिकायत कर दी जिसमें राजापुर पुलिस ने मेरे पति स्व 0शिवनाथ को फोन किया था जिसके थोड़ी देर बाद ही उनकी मौत हो गई पीड़िता ने बताया कि गांव के तमाम लोगों के सुझाव पर परिजनों ने मेरे पति शिवनाथ के शव का अंतिम संस्कार कर दिया मेरा पुत्र राजेश यादव उम्र 38 वर्ष पुत्र स्व0 शिवनाथ ने मुखाग्नि दी है पीड़िता ने जिला प्रशासन से न्याय कराने की मांग की है।

सात दिन बाद भी नहीं खत्म हुई पल्लेदारों की हड़ताल बिहार से मजदूर बुला कर शुरू कराया काम

समय जगत, मुस्करा/ हमीरपुर। गल्ला मंडी में कार्यरत पल्लेदार, पल्लेदारी बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। जब व्यापारियों ने पल्लेदारी बढ़ाने के प्रस्ताव को नहीं स्वीकारा तो पल्लेदारों ने सोमवार से हड़ताल की घोषणा कर दी थी। बीती सात दिन से हड़ताल चल रही है लेकिन आज व्यापार संघ ने बाहर से पल्लेदार बुलाकर नवीन गल्ला मंडी मुस्करा का कार्य सुचारू रूप से शुरू हो गया है। वही जब पल्लेदार संघ के अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा से बात कि तो बताया महंगाई और मंडी में काम को देखते हुए जब सभी पल्लेदारों ने काम का भाव बढ़ाने के लिए व्यापार संघ से बात कि लेकिन सामंजस्य नहीं बन पाया था। व्यापार संघ ने बिहार से 25 से 30 पल्लेदार बुलवा लिए है। और लोकल के पल्लेदारों को काम नहीं दिया जा रहा। जिसका पल्लेदार संघ पुरजोर विरोध करते है। वही जब व्यापार संघ अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि उपजिलाधिकारी को इस समस्या के बारे में सूचित किया था। वही पल्लेदार संघ की मांगे नाजायज थी। इसके बाद भी पल्लेदार संघ के द्वारा वार्ता के लिए कोई पहल नहीं की गई थी। इसके बाद किसानों की समस्या को देखते हुए व्यापार संघ को मंडी के काम को सुचारू रूप से चलने के लिए बिहार से पल्लेदार बुलाने पड़े। अभी 30 पल्लेदार आए है और दो या तीन दिन में चालीस पल्लेदार और आयेंगे ताकि किसी भी व्यापारी और किसान को समस्या न हो।

न्यू अवेयरनेस एकेडमी में वार्षिक परीक्षाफल घोषित मेधावी छात्र हुए सम्मानित

समय जगत, हमीरपुर। न्यू अवेयरनेस एकेडमी, सुमेरपुर में 1 अप्रैल को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कार वितरित किए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि परिश्रम और अनुशासन ही सफलता की कुंजी हैं, और विद्यार्थियों को हमेशा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। शिक्षकों ने भी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनके परिश्रम की सराहना की। विद्यालय प्रशासन ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को सतत प्रयास और मेहनत से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर में हर्ष और उल्लास का माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता पर गर्व महसूस किया और आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों का भी आभार व्यक्त किया और कहा कि उनका सहयोग बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

बिना सत्यापन के संचालित हो रहे दो ईरिक्शा किये सीज

समय जगत, महोबा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में एआरटीओ महोबा दयाशंकर के नेतृत्व में परिवहन विभाग व प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपदीय यातायात पुलिस टीम ने जनपद में बिना सत्यापन कराये व अवैध रुप से संचालित ई-रिक्शा के विरुद्ध परिवहन विभाग से साथ संयुक्त अभियान चलाकर नगर क्षेत्र में ई रिक्शा रोककर चेकिंग की गई एवं गलत पाए जाने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तन की कार्यवाही की गई है, इस संयुक्त कार्यवाही के दौरान 02 ई-रिक्शा को सीज किया गया है साथ ही 13 ई-रिक्शों का चालान किया गया है। उल्लेखनीय है कि जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम लगाये जाने के उद्देश्य से जनपद में संचालित ई-रिक्शों के सत्यापन की प्रक्रिया प्रचलित है, जिससे जनपदवासियों को सफर के दौरान सुरक्षित परिवेश की अनुभूति करायी जा सके। सभी ई-रिक्शा चालकों से अपील की गई कि अपने अपने रिक्शे का सत्यापन कराना सुनिश्चित करें अन्यथा बिना सत्यापन के रिक्शा पाए जाने पर नियमानुसार वाहन सीज की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ा मौदहा-बिंवार मार्ग, सड़क निर्माण की मांग तेज

समय जगत, हमीरपुर। बुंदेलखंड नव निर्माण सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. विनय तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन मौदहा से ग्राम बिंवार तक संपर्क मार्ग के पूर्ण निर्माण की मांग को लेकर दिया गया। गौरतलब है कि यह सड़क पिछले 20 वर्षों से

अधूरी पड़ी है, जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने कई बार इस सड़क के निर्माण के लिए अनुरोध किया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। इसी के चलते आज बुंदेलखंड नव निर्माण सेना के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन देकर जल्द से जल्द सड़क निर्माण की मांग की। वहीं ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि इस मार्ग की हालत अत्यंत खराब है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। विशेष रूप से बारिश के मौसम में लोगों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग से स्कूली बच्चों, किसानों और स्थानीय निवासियों को आवागमन में बहुत कठिनाई होती है।

प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से अनुरोध किया कि सड़क का निर्माण शीघ्र शुरू किया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके। इस अवसर पर बुंदेलखंड नव निर्माण सेना के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने पद यात्रा करके सड़क निर्माण को लेकर अपनी मांग को जोरदार तरीके से रखा।

ज्ञापन देने वाले प्रमुख लोग- एड. विनय तिवारी (राष्ट्रीय अध्यक्ष), जिशान अली, कौशलेंद्र सिंह, सन्नी मिश्रा, रफाकत अली, देव यादव, घनश्याम विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, सौरभ तिवारी,शरीफुद्दीन, शिवम पांडेय, सिद्धार्थ मिश्रा सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे। बुंदेलखंड नव निर्माण सेना ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस सड़क का निर्माण नहीं कराया गया तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्राधिकारी कार्यालय में बने मीटिंग हॉल का फीता काट कर किया गया उद्घाटन

बांदा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में पुलिसकर्मियों की सुख-सुविधाओं के दृष्टिगत तथा उन्हे कार्य करने की अनुकूल दशा प्रदान करने के उद्देश्य से लगातार कार्यवाही की जा रही है ।इसी के क्रम में दिनांक 01.04.2025 को पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्राधिकारी कार्यालय नरैनी में बने गार्द रुम व थाना नरैनी परिसर में बने मीटिंग हॉल व आम जनमानस के लिए जनसुनवाई/प्रभारी निरीक्षक कक्ष का विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना कर फीता काटकर उद्घाटन किया गया ।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज, समस्त क्षेत्राधिकारीगण सहित निरीक्षक/उपनिरीक्षकगण आदि उपस्थित रहे ।

पांच दशक पत्रकारिता को समर्पित करने वाले लोकतंत्र सेनानी सलाह उददीन पंचतत्व में विलीन

समय जगत मौदहा हमीरपुर। अपने जीवन के पांच दशक से अधिक समय पत्रकारिता को समर्पित करने वाले कम्युनिस्ट विचारक सलाह उददीन का मंगलवार को अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया जिसमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हजारों लोगों ने नम आंखों के विदाई दी है। ईद की रात करीब ग्यारह बजे अचानक इनकी तबीयत बिगड़ी परिजनों ने सीएचसी पहुंचाया जहां पर इलाज के दौरान इनकी की मौत हो गई। हृदयाघात को इनकी मौत का कारण माना जा रहा है। सलाह उददीन का सम्पूर्ण जीवन उतार चढ़ाव से भरा रहा है। कालेज के दिनों में कम्युनिस्ट पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर उन्होंने गरीबों की लड़ाई लड़ी। इसी दौरान इन्हें सोवियत रूस भेजा गया था।देश में कांग्रेस के समय आपातकाल के दौरान जेल जाना पड़ा था। पत्रकारिता के क्षेत्र में जिले में अलग पहचान बनाने वाले सलाह उददीन लगभग तीन दशक से अमर उजाला समाचार पत्र के साथ ही लगभग दो दशक से एनडीटीवी चैनल के लिए काम कर रहे थे।मंगलवार दोपहर दो बजे उनका जनाजा निकला जिसमें सैकड़ों लोग सामिल हुए। सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति, उपजिलाधिकारी राज कुमार गुप्ता, पुलिस क्षेत्राधिकारी विनीता पहल,तहसीलदार अभिनव चंद्र और नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता ने उनके शव पर तिरंगा ओढ़ाकर एवं फूल माला अर्पित कर अंतिम विदाई दी। इस मौके पर मौजूद सशस्त्र पुलिस बल ने उन्हें सलामी दी। बाद में कस्बा के छिमौली मार्ग स्थित कांशीराम कालोनी छिमौली रोड के निकट इनके पिता सूफी जमील साहब के मजार के प्रांगण में इन्हें सुपुर्द ए खाक किया गया है ।उनके निधन से पत्रकारों सहित क्षेत्र के आमजन मानस में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं आज अखबार के वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र पाण्डेय की अगुवाई में ललित शर्मा, शिवकुमार सोनी, हर्षित गुप्ता, अनवर हुसैन, उमेश कुमार, वहीद उददीन,अनीस कुरेशी सहित अन्य पत्रकारों ने शोक सभा कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

स. वि. मंदिर इण्टर कालेज का हर्षोल्लास के साथ वितरण हुआ वार्षिक परीक्षा फल

महोबा। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आज वार्षिक परीक्षा फल वितरण का समारोह आयोजित किया गया। वर्ष पर्यंत मेहनत करने वाली छात्र-छात्राओं का

वार्षिक परीक्षा फल बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ वितरित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक चन्दन, मुख्य अतिथि मोहनलाल कुशवाहा जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी एवं विशिष्ट अतिथि चित्रगुप्त जिला पर्यटन अधिकारी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अथिति के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह के द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का परिचय कराया गया इसके पश्चात अंक पत्र वितरण समारोह प्रारंभ हुआ जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे छात्र-छात्राओं को शील्ड के साथ अंक पत्र देकर सम्मानित करते हुए सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि छात्र छात्राएं देश का भविष्य है इन्हें सतत मेहनत करने की आवश्यकता है। इसी क्रम में कार्यक्रम अध्यक्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक चंदन ने कहानी के माध्यम से यह बताया कि छात्रों को किस प्रकार से मेहनत करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति करनी चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने अच्छे शिष्य के द्वारा लक्ष्य प्राप्त करने व समाज में अपना एवं अपने परिवार का नाम रोशन करने की सीख देते हुए विद्यालय से जुड़े सभी छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों को शिशुवाटिका और अंग्रेजी माध्यम से विद्यालय संचालित करने की शुभ सूचना दी। कार्यक्रम का संचालन पंडित जग प्रसाद तिवारी के द्वारा किया गया कार्यक्रम में व्यवस्थाएं राजेश की देखरेख में पूर्ण हुई विद्यालय के भैया बहिनो के द्वारा संगीत संयोजन एवं परीक्षाफल वितरण गृह परीक्षा प्रभारी रविंद्र के निर्देशन में हुआ। परीक्षा प्रभारी के द्वारा शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा आए हुए अतिथियों का अभिवादन किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया उक्त जानकारी विद्यालय के मीडिया एवं सूचना प्रभारी आचार्य अरुण कुमार श्रीमाली ने दी।

पीड़ित को न्याय मिले यही मेरे जीवन की है प्राथमिकता: सतीश चंद

विजय शर्मा, धौलपुर। सर्व समाज धौलपुर द्वारा सोमवार को मयूरी फार्म हाउस पर सेवानिवृत जिला एवं सेशन न्यायाधीश सतीश चंद का भव्य नागरिक अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया समारोह में अतिथि के रूप में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए एन सोमनाथ, जिला विधिक प्राधिकरण की सचिव न्यायाधीश रेखा यादव, अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश सावित्री आनंद निर्भीक की गरिमामयी उपस्थिति रही समारोह को सम्बोधित करते हुए सेवानिवृत जिला न्यायाधीश सतीश चंद ने कहा कि पीड़ित व्यक्ति को न्याय मिले यही मेरे जीवन कि प्राथमिकता रही है हमें सदैव मानव सेवा के लिए तैयार रहना चाहिए उन्होंने अपने न्यायिक सेवा के अनुभवो को उपस्थित जन समूह के साथ साझा किया तथा धौलपुर के सर्व समाज के उनके प्रति स्नेह के लिए धन्यवाद दिया समारोह में राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ आर एस गर्ग ने न्यायाधीश सतीश चंद के सौम्य चरित्र की प्रशंसा करते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। समारोह में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रेखा यादव ने न्यायाधीश सतीश चंद की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके साथ काम करने का एक अलग ही अनुभव प्राप्त हुआ सचिव रेखा यादव ने कहा कि न्यायाधीश सतीश चंद ने कभी भी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। समारोह को अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग, समाजसेवी नेमीचंद अग्रवाल, कोर्ट मैनेजर ब्रजेश शर्मा, ऋषि मित्तल, वरिष्ठ अधिवक्ता अतुल भार्गव,भाजपा नेता रामकुमार गर्ग, श्रीकांत शर्मा प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान लैब टेक्नीशियन, वरिष्ठ पत्रकार विजय शर्मा ने सम्बोधित किया समारोह का संचालन रेडक्रॉस के सचिव संजीव श्रीवास्तव ने किया समारोह में डॉ महावीर सिंह दुबे, मुरारी लाल सिंघल, गौरी शंकर अग्रवाल,नेमीचंद अग्रवाल,डॉ के के अग्रवाल, मुरारी लाल यादव,डॉ चेतराम मीना,डॉ विमल गुप्ता,डॉ अनिल बंसल,राजस्थान क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव सोमेन्द्र तिवारी,भूपेंद्र राना,रोहिल सरीन, विमल भार्गव,जितेंद्र सिंह रजोरिया,राजस्थान नर्सिंग संघ के अध्यक्ष बचन सिंह मदेरणा, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार विजय शर्मा, मंजरी फाउंडेशन के संजय शर्मा, विश्व हिन्दू परिषद भरतपुर के अध्यक्ष सैनी,मुक्तिधाम के अध्यक्ष ओम प्रकाश गौड,वरिष्ठ अधिवक्ता रघुनाथ प्रसाद शर्मा,शिवशंकर गर्ग, मुकेश गोयल, नरेंद्र तोमर, धर्मेंद्र सिकरवार, मुकेश बंसल,विनोद सोलंकी, के के बंसल, डॉ बी डी जिंदल, डॉ हरिओम गर्ग,डॉ बृजमोहन मंगल, प्रशासनिक अधिकारी रामकिशोर पाठक, प्रेम मंगल,संजय अग्रोहा,, , पत्रकार सचिन सेडवाल,पार्षद चन्द्रमोहन त्रिवेदी, ,अमित जादौन,अखिलेश गोयल, विनोद अग्रवाल, रामकिशोर पाठक, रंजीत दिवाकर, अनिल शर्मा,मुकेश राना, कन्हैया लाल शर्मा,रामनिवास अग्रवाल,सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना जीआरपी बांदा में महिला हेल्प डेस्क का किया गया उद्घाटन

बांदा। पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग झांसी विपुल कुमार श्रीवास्तव द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के दृष्टिगत थाना जीआरपी बांदा में रिबन काटकर, शिलापट्ट का अनावरण करते हुये महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया गया। इस शुभ अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात जनपद बाँदा व प्रभारी आर.पी.एफ पोस्ट बाँदा, प्रभारी रेलवे इंजीनियरिंग निर्माण विभाग रेलवे स्टेशन बाँदा व प्रभारी निरीक्षक नवेन्दु शेखर अग्निहोत्री थाना जीआरपी बाँदा के साथ-साथ थाना जी.आर.पी. बाँदा पर नियुक्त अधिकारी/ कर्मचारीगण एंव पत्रकार बन्धु भी शामिल हुये ।पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा महिला यात्रियो की सुरक्षा के लिए उचित दिशा निर्देश देते हुये बताया गया कि थाना जीआरपी बाँदा में महिला हेल्प डेस्क बनने से महिला यात्रियों/आगन्तुको को सुविधा होगी तथा उनकी समस्या महिला कर्मचारी द्वारा सुनकर/समझकर प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी बाँदा के संज्ञान में डालकर निराकरण किया जायेगा । साथ ही साथ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना स्थानीय का निरीक्षण किया गया एंव थाना कार्यालय के अभिलेखों/रजिस्टरों को चेक किया गया तथा लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण के सम्बन्ध में विवेचकों को निर्देशित करते हुये यात्रियों की यात्रा सुगम एवं सुरक्षार्थ बनाने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये प्लेटफार्मों , सरकुलेटिंग एरिया , आउटर व ट्रेनों में गश्त बढाने के निर्देश दिये गये एवं आरपीएफ एवं रेलवे विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे यात्रियों में और अधिक सुरक्षा की भावना उत्पन्न हो और उनकी यात्रा को और अधिक सुरक्षात्मक बनाया जा सके और महिला यात्रियो की सुरक्षा के लिए उचित दिशा निर्देश दिये गये ।

गुरुओं के द्वारा दी गई शिक्षा व मार्गदर्शन ही आज मेरी उन्नति का कारण है : हरगोविन्द कुशवाहा

पूर्व प्राचार्य नारायणदास बरसैंया द्वारा लिखित पुस्तक का किया विमोचन

- वरिष्ठ शिक्षक जयप्रकाश बरसैंया के सेवानिवृत होने पर दी भावभीनी विदाई

- सरजूशरण पाठक -

समय जगत, गुरसराय(झांसी)। मेरी कविताएं पुस्तक विमोचन मैं तुम्हारे गीत हूं, तुम गुनगुनाओ खैर इण्टर कॉलेज पूर्व प्राचार्य नारायण दास बरसैंया द्वारा रचित पुस्तक का विमोचन एवं जयप्रकाश बरसैया के खेर इंटर कालेज बालिका विभाग के सेवानिवृत्त उपरांत नगर की एक वाटिका में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान राज्यमंत्री हरगोविंद कुशवाहा के मुख्यातिथि में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य नारायण दास बरसैंया ने की कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर बतोर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री हरगोविंद कुशवाहा ने नारायणदास बरसैयाके व्यक्तित्व एवं कार्यकुशलता की सराहना की।उन्होंने कहा कि पं रामसहाय शर्मा जैसा कार्य कुशल व्यक्ति संसार में कोई नही है।

उन्होंने कहा कि विद्वान महापुरुषों ने जो कार्य किये है उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता।उन्होंने कहा कि गुरुओं के द्वारा दी गई शिक्षा एवं मार्गदर्शन ही आज उनकी उन्नति का कारण है।पं राम सहाय शर्मा के द्वारा किये गए त्याग बलिदान को पूरा गरौठा तहसील क्षेत्र भुला नहीं सकता।इस दौरान संगीत के कार्यक्रम में श्रोता झूमते रहे।कार्यक्रम में कलाकार सितारवादक पं सरजूशरण पाठक,विवेक बरसैया,सुषमा बरसैया,देवेंद्र घोष,सोनू पटेल,दिवाकर स्वामी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भजन,गजल की प्रस्तुति दी गयी।इस अवसर पर अंजनी प्रसाद शर्मा,संगीतगुरु परशुराम पाठक,पूर्व चेयरमैन पं देवेश पालीवाल,ओमप्रकाश शर्मा,मेजर अखिलेश पिपरैया,प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी,पूर्व प्रधानाचार्य प्रकाश नारायण द्विवेदी,के .के .तिवारी,जगमोहन समेले,मुन्नालाल दोदेरिया,रमेश मोर्या,भगवानदास चौबे,सुरेंद मिश्रा,कैलाश प्रकाश गुप्ता,महेंद्र पाल खरे,कमलनयन शर्मा,अशोक सेन,सुनील व्यास,रामकुमार परिहार,जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र पटेल ,जे पी खरे,अबधेश खरे ,महेश खरे ,आदर्श द्विवेदी ,गायत्री सेन, अंजली राठौर,अनीता पटेल,गरिमा बरसैया ,डॉ शिवाजी चौहान, चन्द्रभान सिंह चन्दर,नरेंद्र मोहन मित्र ,नंद किशोर शर्मा ,प्रेमनारायण यादव,रामनारायण पस्तोर, सतीश चौरसिया,प्रदीप कोठारी,शिव कुमार तिवारी,ठाकुरदास तिवारी ,उपनिरीक्षक ब्रजेश भार्गव,सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।संचालन जयप्रकाश बरसैया ने किया।अंत मे राजकीय इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती मंजूलता स्वर्णकार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

ब्लॉक स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली

समय जगत, बरूआसागर ।मंगलवार को ब्लाक स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई जिसका शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमरसिंह कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य में एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी बड़गाँव उपेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा किया गया ।इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रारंभ में पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि

अमरसिंह कुशवाहा द्वारा नवीन सत्र प्रारंभ होने पर प्राथमिक विद्यालय डी सी के बच्चों को पुस्तकें वितरित की गई।इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी ने रैली के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप 31 जुलाई 2025 तक 6 बर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों का शत प्रतिशत सरकारी विद्यालयों में नामांकन कराया जाए । कोई भी बच्चा प्रवेश से वंचित न रहे ।जिससे सरकार की निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा नीति को सफल बनाया जा सके । सरकारी विद्यालयों में शासन द्वारा निःशुल्क प्रवेश व निःशुल्क पुस्तकों के साथ ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग तथा स्वेटर का पैसा डीबीटी के माध्यम से सीधा अभिभावकों के खाते में भेजा जाता है । उक्त रैली बद्री चौराहे से होते हुए चौक बाज़ार से पड़याना मुहल्ला होते हुए मुहल्ला कटरा होते हुए निगौनाखेरा मुहल्ला स्थित प्राथमिक विद्यालय डीसी पर पहुँच कर रैली का समापन किया गया। इस दौरान दीपक बिरथरे , मनोज तिवारी, राजीव कुमार सोनी, अरविंद वर्मा, धीरेन्द्र पाल सिंह, संजीव पाठक, अम्बरीश त्रिपाठी, निधि नरंजन, नेहा राणा, माया अग्रवाल, पूनम चक, ज़ीनत साजदा, मिथिलेश पटेल, रामसखी यादव, उर्मिला सिंह , निधि सक्सेना, हरीश रजक, भानप्रताप , फूलचन्द्र मौजूद रहे।

माँ को बेसुध कर प्रेमी के पास भागी किशोरी प्रेमी की पिटाई से घबराकर वापस लौटी

समय जगत, झाँसी । घर वालों को धोखा देकर स्टेशन से भागी किशोरी को बाल कल्याण समिति के आदेश से काउन्सिलिंग उपरान्त उसके पिता के संरक्षण में सौंप दिया गया। न्यायपीठ अध्यक्ष राजीव शर्मा ने बताया कि जिला सुल्तानपुर निवासी बालिका के पिता अशोक चौहान ने अपने बयानों में कहा कि उनके पांच बच्चे हैं जिनमें उनकी पुत्री अनुभा (परिवर्तित नाम) सबसे बड़ी है। हाई स्कूल की परीक्षा पास करने के बाद जब वो कक्षा 11 में पढ़ने जाती थी अचानक एक दिन स्कूल से गायब हो गयी। जब शाम तक उनकी बेटी घर नहीं आयी तो दूसरे दिन उन्होंने थाने में सूचना दी। पुलिस ने उनकी पुत्री को गांव से 40 कि0मी0 दूर एक कस्बे के होटल में एक लड़के के साथ बरामद किया। बदनामी के डर से उन्होंने एफ0आई0आर0 नहीं करायी और अनुभा को अपने साथ पंजाब ले गये जहाँ वे मजदूरी करते थे। तीन महीने बाद अनुभा अपनी मां के साथ वापस सुल्तानपुर जा रही थी तो रास्ते में उन्हें

नींद की गोलियां चाय में मिला कर दे दीं और उनके बेसुध हो जाने पर उनके पर्स से रूपये निकालकर बाराबंकी स्टेशन पर उतर गयी।

बाराबंकी से अनुभा सीधे पूना चली गयी जहाँ उसका प्रेमी एक कम्पनी में काम करता था। अनुभा तीन महीने प्रेमी के साथ रही। 26 मार्च को उसके प्रेमी ने किसी बात पर उसे बुरी तरह मारा तो उसे मां की याद आयी। उसने मां से फोन पर रो-रोकर पूरी बात बतायी तो मां ने उसे घर वापस आने की सलाह दी। मां की बात मानकर 28 मार्च को वह गांव के ही एक लड़के के साथ पूना से सुल्तानपुर जा रही थी 29 मार्च को जैसे ही टेऊन झाँसी पहुँची तो वह उतर कर भागने लगी और पूना जाने की जिद करने लगी। साथ जा रहे युवक ने बालिका की मां को खबर दी। उसी दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने उसे अपने संरक्षण में लेकर थाना जी0आर0पी0 के साथ ही बालिका के घर वालों को सूचित किया। आज अनुभा को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहाँ उसकी काउन्सिलिंग की गयी। उसके बाद बालिका को पिता के संरक्षण में सोंपने के आदेश पारित किये गये।

कार्यवाही के दौरान समिति सदस्य कोमल सिंह, श्रीमती परवीन खान, हरीकृष्ण सक्सैना, श्रीमती दीप्ति सक्सैना, कार्यालय प्रभारी मो0 साजिद एवं चाइल्ड हेल्पलाइन रेलवे सुपरवाइजर भारती गहलोत उपस्थित रहे।

सनशाइन क्लब के सदस्यों ने किया भजन मण्डली का स्वागत

समय जगत, झांसी। सनशाइन क्लब (34) के अध्यक्ष रामकुमार कुमार अग्रवाल जी की अध्यक्षता में हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2082 के सुअवसर पर रानीलक्ष्मीबाई किले गेट पर कार्यक्रम आयोजित करते हुए इस्कॉन मंदिर से आने वाली भजन मंडली के श्रद्धालुओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात सनशाइन परिवार के सभी सदस्यों द्वारा भजन कीर्तन का गायन करते हुए भजन मंडली के साथ मैथिलीशरण गुप्त पार्क में बैठकर 'इस्कॉन मंदिर के महाराज बृजभूमि दास जी के द्वारा प्रवचन के माध्यम से सम्बोधन किया गया।' भगवान राधा-कृष्ण का प्रसाद सभी श्रद्धालुओं एवं आम जनता में वितरित किया गया कार्यक्रम संयोजक अशोक सिंघल जी के द्वारा सफलतापूर्वक कार्यक्रम को संयोजित किया गया। सनशाइन परिवार के सदस्यों में रश्मि लोहिया, सन्देश अग्रवाल,अशोक अग्रवाल पीएनबी, नीरज भटनागर, नवीन श्रीवास्तव, विजय , सेठ, विलास गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल नग वाले, राजीव नगरिया, सुभाष मित्तल, त्रिलोकीनाथ अग्रवाल, चन्द्रशेखर तिगुनायक, अरविंद लोहिया, आदित्य प्रकाश अग्रवाल, संतोष कुमार अग्रवाल इत्यादि सम्मिलित हुए । वीरेंद्र गुप्ता

एन पी एस एवं यू पी एस के विरोध में अटेवा ने मनाया काला दिवस

समय जगत, मोंठ । एन एम ओ पी एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष,अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु जी के आवाहन पर एन पी एस (नवीन पेंशन स्कीम), यू पी एस (यूनिफाइड पेंशन स्कीम) के विरोध में आज 1 अप्रैल 2025 को जनपद झांसी के तहसील मोठ के आदर्श इंटर कॉलेज , मोठ, झांसी में एन पी एस,यू पी एस के विरोध में शिक्षक कर्मचारियों ने हाथों में काली पट्टी बांध कर कार्य किया व काला दिवस मनाया गया।एन पी एस एवं यू पी एस दोनों ही शिक्षक, कमचारियों के हित में नहीं हैं।

हमें हमारी पुरानी पेंशन (व्वै)ही चाहिए।देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मांग है कि शिक्षक, कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा एवं सामाजिक सुरक्षा हेतु पुरानी पेंशन व्यवस्था पुनः बहाल करे। कार्यक्रम में जिला संरक्षक गोपाल सिंह यादव, जिला सहसंयोजक बृजेंद्र प्रताप, प्रधानाचार्य विनोद कुमार अहिरवार, ओमप्रकाश दांगी, उमाशंकर पटेल, राजकुमार, शिवदत्त मिश्र, विनय मिश्र, हरिकेश बहादुर, सुनील कुमार, श्यामकांत शर्मा, महेंद्र साहू, बृजेश वर्मा, संतोष सिंह, रविकांत, हरिओम , मयंक मोहन, उमेश साहू ,विक्रम सिंह धर्मेंद्र सोनी आदि उपस्थित रहे।

देश के लिए अमन चैन की मांगी दुआ

समय जगत, झांसी। अन्दर सैंयर गेट झांसी स्थित इंतजामिया कमेटी मस्जिद सदन सदर जनाब नायब अब्बासी तथा सेक्रेटरी जनाब एहसान खान ने बताया कि ईद - उल- फितर की नमाज आज प्रातः 8.30 बजे जनाब मौलाना एहतिशाम नदबी द्वारा अदा कराई गई। नमाज के बाद मौलाना नबदी ने देश के लिए अमन चैन की दुआ मांगी तथा ईद - उल - फितर की सभी मुबारकबाद दी।

जाने वाली आत्मा हमेशा याद रहेगी : सतीश चौरसिया

समय जगत, गुरसरांय (झांसी) - श्री राम सेवा समिति के तत्वाधान में एक शोक सभा समिति के अध्यक्ष सतीश चौरसिया एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसका संचालन उपाध्यक्ष जगराम सिंह द्वारा किया गया !शोक सभा में समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश सिंह फौजी की माताजी श्रीमती यशोदा देवी के निधन पर एवं गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता घनश्याम दास सैन के पिताजी श्री रामकिसन बाबाजी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया गया !बैठक में आत्मा की शांति हेतु गायत्री महामंत्र का मोन मानसिक जाप किया गया तथा इस संकट की घडी पर परिवारजनों को धैर्य धारण हेतु ईश्वर से कामना की ! शोक सभा में सूक्ष्म रूप में जाने वाली आत्मा के जीवन चरित्र पर सभी ने विचार व्यक्त किए शोक सभा में पं. रामनारायण पस्तोर. प्रदीप कोठारी. मान सिंह परिहार साहब सिंह यादव. आत्माराम फौजी. डां अशोक मिस्त्री. देवेंद्र पटेल. संतोष सिंह महते. रामदीन पटेल. अखिलेश तिवारी जगराम सिंह अस्ता. मनोज पटेल. अभिलाष सिंह अब्बू दाऊ. अर्जुन सिंह राम बरन सिंह उपस्थित रहे ।

नवसंवत्सर के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी में आकाशवाणी की उद्घोषिका शिवानी वर्मा हुई सम्मानित

समय जगत, झाँसी। नगर की प्रसिद्ध साहित्यिक संस्था श्री सरस्वती काव्य कला संगम, नगरा की ओर से भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में साहित्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में साहित्यिक एवं सामाजिक सरोकारों को बढ़ावा देने के में लगी आकाशवाणी की उद्घोषिका श्रीमती शिवानी वर्मा को संस्था की ओर से सम्मान पत्र, अंगवस्त्र व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डॉ0 रामशंकर भारती ने कहा कि सनातन संस्कृति में मातृशक्ति सदैव से पूजनीया रही है। शिवानी जी स्त्री अस्मिता की प्रतीक रूप में मंच पर प्रतिष्ठित हैं। यह हमारी संस्था के लिए गौरव की बात है। शिवानी जी अपने संचार माध्यमों से भारतीय जीवन

मूल्यों को सुरक्षित रखने की सराहनीय कार्य कर रही हैं। संस्था के महामंत्री वयोवृद्ध कवि नेमीचंद जैन शनैमीश् ने इस अवसर पर अभिनंदन पत्र का वाचन किया और सभी उपस्थित साहित्यकारों, कवियों को नववर्ष की मंगलमय बधाई दी। संगोष्ठी के मुख्य अथिति डॉ0 बी0पी0 सैनी ने इस अवसर पर भारतीय संस्कारों को घर-घर में पहुंचने का आह्वान किया। वहीं विशिष्ट अतिथि श्रीमती शिवानी वर्मा ने भगवान राम के आदर्शों को जीवन में उतरने की अपील करते हुए काव्य पाठ किया। श्याम शरण नायक सत्य ने माता-पिताओं को वृद्ध आश्रम में भेजने की कुरीति पर करारा प्रहार करते हुए अपनी कविता पढ़ी। संगोष्ठी में श्याम शरण नायक सत्य तथा राम बिहारी सोनी तुक्कड़ को भी सम्मानित किया गया।

समारोह का संचालन वरिष्ठ कवि एवं कथाकार कृष्ण मुरारी श्रीवास्तव सखा ने किया। इस अवसर पर श्रीमती बृजलता मिश्रा, प्रताप नारायण दुबे, ग्याप्रसाद वर्मा मधुरेश,धर्मेंद्र सारांश, संजय राष्ट्रवादी, ब्राह्मदीन बंधु, आरिफ शाहडोली, आजाद सिंह, शरद मिश्रा, निहाल चंद्र शिवहरे, साकेत सुमन चतुर्वेदी, सुखराम चतुर्वेदी फौजी, श्रीमती प्रमिला जैन, कमल, आदि उपस्थित रहेसमारोह के अंत में सभी के प्रति आभार श्रीमती प्रमिला जैन ने व्यक्त किया।

बुंदेलखंड हमारे लिए जरूरी है : कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह

समय जगत, झांसी। बुंदेलखंड क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर झांसी को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग की गई।इस अवसर पर कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य हमारे लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इसके बिना इस क्षेत्र का समुचित विकास संभव नहीं।ज्ञापन में ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर बताया गया कि 12 मार्च 1948 को बुंदेलखंड की 34 रियासतों को मिलाकर बुंदेलखंड राज्य का गठन किया गया था, जिसकी राजधानी नौगांव थी। बाद में इसे विंध्य प्रदेश का नाम दिया गया, लेकिन 1956 में इसे समाप्त कर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बांट दिया गया, जो अन्यायपूर्ण था। 2011 की जनगणना और क्षेत्रफल के अनुसार बुंदेलखंड देश के 18वें या 19वें सबसे बड़े राज्य के रूप में योग्य है। अतः केंद्र सरकार से शीघ्र पृथक बुंदेलखंड राज्य के गठन की मांग की गई। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव मो. नईम मंसूरी, जिलाध्यक्ष विनोद वर्मा, मो. आरिफकमाल, महिला सभा की जिलाध्यक्ष शारदा शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ऊषा परिहार, बुंदेलखंड छात्र संघ अध्यक्ष राजू वंशकार सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गिरवरधारी जू के 25वें प्राकट्य महामहोत्सव पर होंगे विविध आयोजन : राधामोहनदास

समय जगत, झांसी। नोटक्षीर बनगुवां बरूआसागर स्थित गिरवरधारी जू महाराज के 25 वें पावन प्राकट्य महा महोत्सव एवं हनुमान जयंती के पावन पर्व पर 3 अप्रैल से 11अप्रैल 2025 तक श्री हनुमंत महायज्ञ श्रीमद भागवत कथा एवं श्रीरामलीला का भव्य आयोजन होगा।

उक्त जानकारी बुंदेलखण्ड धर्माचार्य महंत राधामोहन दास महाराज ने श्री कुंजबिहारी मंदिर में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए महाराज श्री ने बताया कि नित्य लीला निकुंज गौलोकवासी प्रातरूस्मरणीय पूज्य गुरुदेव भगवान श्री श्री 1008 श्रीमहंत बिहारीदास महाराज ने सन 2000

में बनगुवां नोटक्षीर के पावन तट पर गिरवरधारी जू मंदिर का निर्माण कराया था और हनुमान जयंती पर ही बड़े हनुमानजी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा कराई थी तब से लेकर अब तक प्रति वर्ष हनुमान जयंती के अवसर पर वहां एक सप्ताह का भव्य उत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष बड़े हनुमानजी का 25वां पावन प्राकट्य महोत्सव है जिसे भक्त जन पूरी भव्यता उत्साह और श्रद्धा के साथ मनायेंगे।सप्ताह भर चलने वाले विविध धार्मिक आयोजन की जानकारी देते हुए आपने बताया कि 3 अप्रैल को प्रात 9 बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी, जिसमें घोडा बग्गी एवं डीजे बैंडबाजों की मधुर ध्वनि के बीच बुंदेलखण्ड की पावन बेत्रवंती गंगा से कलशों में जल भरकर गिरवरधारी जू मंदिर में लाया जायेगा। 3 अप्रैल से 11अप्रैल तक रात्रि 8रू30 बजे से रात्रि 11बजे तक श्रीधाम वृंदावन से पधार रहे श्री हित आदर्श रामलीला मंडल के कलाकारों द्वारा स्वामी देवेंद्र वशिष्ठ के दिशा निर्देशन में श्रीरामलीला का मंचन होगा। 5 अप्रैल से 11अप्रैल तक सायंकाल पांच बजे से रात्रि आठ बजे तक पूज्य कथा व्यास बुंदेलखण्ड धर्माचार्य एवं कुंजबिहारी मंदिर के महंत राधामोहन दास श्रीमद भागवत कथा का रसास्वादन करायेंगे। सात अप्रैल को श्रीराम बारात निकाली जायेगी तथा 12अप्रैल हनुमान जयंती पर प्रातरू पांच बजे मंगला आरती,आठ बजे श्रृंगार आरती उपरांत सुंदरकाण्ड पाठ एवं दोपहर 12बजे पूर्णाहुति हवन उपरांत बुंदेलखण्ड के साधु संतों का विशाल भण्डारे का आयोजन होगा। पत्रकार वार्ता के दौरान पुजारी बालकदास, व्यवस्थापक परमानंद दास एवं गिरवरधारी जू मंदिर के पुजारी मदनमोहन दास मौजूद रहे।

रोटरी क्लब आफ झांसी सिटी का होली मिलन एवं पारिवारिक सभा सम्पन्न

झांसी। रोटरी क्लब ऑफ़झांसी सिटी के तत्वावधान में बीती रात्रि महानगर के एक होटल में रोटरी क्लब आफ झांसी सिटी का होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।पारिवारिक सभा में शामिल महिलाओं ने होली के रंगबिरंगे कार्यक्रम में श्रीमती रश्मि अग्रवाल के नेतृत्व में मधुर संगीत एवं नृत्य का भरपूर आनंद लिया। हाल में ही संपन्न हुए बुंदेलखंड चैम्बर्स ऑफ़ कॉमर्स एवं इंडस्ट्रीज के चुनाव में क्लब के सदस्य लखनलाल गुप्ता और नरेश गुप्ता के विजयी होने पर क्लब की तरफ से उनका विशेष सम्मान किया गया।ललित जैन ने क्लब के सेवा कार्यों की विस्तार से चर्चा की और अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने आमन्त्रित सदस्यों का रंग गुलाल लगाकर स्वागत किया।सचिव राजीव रंजन ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया।

सेवानिवृत्त अध्यापकों का प्रबंध समिति ने किया सम्मान

समय जगत, गुरसराय । खेर इंटर कॉलेज से सेवानिवृत्त हुए चार अध्यापकों को प्रबंध समिति द्वारा सम्मानित किया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष पं देवेश पालीवाल ,प्रबंधक मनोहर राव नेवालकर, सदस्य सतीश चौरसिया, ओपी शर्मा एवं प्रधानाचार्य धन प्रकाश तिवारी तथा बालिका विभाग के प्रभारी कैलाश प्रकाश गुप्ता द्वारा वरिष्ठ क्रीड़ा अध्यक्ष जगमोहन समेले,जयप्रकाश बरसैया, रसिक शिरोमणि शर्मा एवं लाखन सिंह यादव को उनके सेवानिवृत होने पर सम्मानित किया गया तथा उनके किए गए कार्यों की सराहना की ।इस मौके पर बोलते हुए प्रबंध समिति के अध्यक्ष पंडित देवेश पालीवाल ने कहा कि गुरु कभी सेवा निवृत नहीं होते उनके मार्गदर्शन की जीवन में हमेशा आवश्यकता पड़ती रहती है ।उनका मार्गदर्शन ही एक नई दिशा प्रदान करता है। कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र पटेल पिपरा ने किया।

आम सूचना

मेरी पुत्री का नाम त्रिस्या सिंह था जिसे बढ़लकर अमयरा सिंह परिहार कर दिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को अमयरा सिंह परिहार के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। आधार कार्ड पर भी उसका नाम अमयरा सिंह परिहार अंकित है।

मोहित सिंह परिहार पुत्र अजय पाल सिंह
निवासी : जी.ई-19 , जेडीए कालोनी
वीरांगना नगर तहसील व जिला झांसी उ.प्र.

कोचिंग सेंटर की तीन मंजिलों की सील खोलने की मिली अनुमति

यूपीएससी के तीन विद्यार्थियों की डूबने से हुई थी मौत

नई दिल्ली। राउज एवेन्यू कोर्ट ने जुलाई 2024 में यूपीएससी के तीन छात्रों की डूबने से हुई मौत के मामले में राव आईएएस स्टडी सर्कल की इमारत की तीन मंजिलों की सील खोलने की अनुमति दी है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पीडीएसजे) अंजू बजाज चांदना ने द्वितीय तल के मालिक गुरप्रीत सिंह और भूतल और प्रथम तल के मालिक ऋषि खन्ना की तरफ से दायर याचिकाओं को अनुमति दे दी। न्यायाधीश ने 26 मार्च को पारित आदेश में कहा कि अदालत को ऐसा कोई कानूनी प्रावधान नहीं मिला, जो सीबीआई को अनिश्चितकाल के लिए संपत्ति पर नियंत्रण रखने की अनुमति देता हो, खासकर तब जब वह संबंधित अपराध में शामिल न हो। अदालत ने कहा कि उनके विचार से वादी को उनकी संपत्ति से निपटने की अनुमति दी जानी चाहिए और उन्हें सौंप दी जानी चाहिए। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि यह आदेश नियमों, विनियमों या उपनियमों के उल्लंघन के मामले में नगर निगम अधिकारियों को संबंधित भवन के खिलाफ कोई कार्रवाई करने से नहीं रोकेगा।

मृतकों में से एक के पिता के वकील ने आवेदन का विरोध किया और कहा कि भवन का निर्माण भवन स्वीकृति योजना के बिना किया गया था। कोर्ट ने कहा कि उसका मानना है कि किसी भी उल्लंघन के मामले में भवन मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करना अधिकारियों का काम है। सीबीआई को संपत्ति को सील रखने का कोई अधिकार नहीं है। संबंधित अधिकारी नियमों के अनुसार इमारत के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र हैं। कहा कि परिसर की दूसरी मंजिल अपराध स्थल नहीं है, क्योंकि घटना बेसमेंट में हुई थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने दो पूर्व सैनिकों को दिव्यांगता पेंशन का लाभ देने के फैसले को सही ठहराया है। अदालत ने केंद्र सरकार की अपील खारिज कर दी, जिसमें आर्म्ड फोर्सेस ट्रिब्यूनल (एएफटी) के निर्णय को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति सी हरि शंकर और न्यायमूर्ति अजय दिगपॉल की खंडपीठ ने कहा कि सैनिक के रूप में देश की सेवा करने वाले व्यक्ति के लिए बीमारी और अक्षमता का खतरा स्वाभाविक है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि सबसे बहादुर सैनिक भी, जो कठिन परिस्थितियों में देश की सेवा करता है, शारीरिक बीमारियों का शिकार हो सकता है, जो उसे सैन्य सेवा जारी रखने में असमर्थ बना दे। ऐसे में सरकार का कर्तव्य है कि उनकी निस्वार्थ सेवा के बदले उन्हें शेष जीवन में आराम और सहारा दे। कोर्ट ने सैनिकों की निस्वार्थ सेवा को याद करते हुए कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति रहेजॉन एफ कैनेडी ने कहा था कि यह मत पूछो कि देश आपके लिए क्या कर सकता है, बल्कि यह पूछो कि आप देश के लिए क्या कर सकते हैं। कुछ लोग इसे सिर्फ प्रशंसा तक सीमित रखते हैं, लेकिन कुछ इसे जीवन का हिस्सा बनाते हैं। जब हम चिमनी के पास गर्म कॉफी पीते हैं, ये सैनिक सीमा पर ठंडी हवा का सामना करते हैं अपनी जान जोखिम में डालकर। क्या हम इन सच्चे देशभक्तों को जो कुछ भी दे सकते हैं, वह कभी ज्यादा हो सकता है।

मंदिर बनाने के लिए बिल्डर और सोसाइटी के लोगों में हुआ विवाद

निवासियों ने पार्क में रखी मूर्ति, बिल्डर का स्टाफ दे रहा हटाने की धमकी

फरीदाबाद। सेक्टर- 77 स्थित बीपीटीपी पार्क एलीट फ्लोर सोसाइटी में मंदिर बनाने को लेकर निवासियों और बिल्डर का आपस में विवाद चल रहा है। ऐसे में सोसाइटी के निवासियों का आरोप है कि बिल्डर उन्हें सोसाइटी में मंदिर बनाने की जगह नहीं दे रहा है। इसके साथ ही निवासियों ने सोसाइटी के पार्क में दो दिन भगवान की मूर्ति स्थापित की थी लेकिन बिल्डर का स्टाफ उसे भी हटाने की धमकी दे रहा है। सोसाइटी में रहने वाले नवनीत ने बताया कि लगभग डेढ़ साल पहले हमने सोसाइटी में एक छोटे से मंदिर की स्थापना की थी। लेकिन दूसरे ही दिन बिल्डर के स्टाफ ने उसे रातों रात ध्वस्त कर दिया। जिसके बाद हमें यह कहा गया कि दो महीने में निवासियों को मंदिर के लिए जगह दे दी जाएगी। लेकिन

आज तक उनकी ओर से कोई जगह नहीं दी गई। ऐसे में सोसाइटी के निवासी मंदिर को लेकर बेहद परेशान हैं। सोमवार को लगभग 50 लोगों ने बिल्डर के नारेबाजी भी की। सोसाइटी के निवासी शीशपाल भाटी ने बताया कि हम दो बार बीपीटीपी ऑफिस भी गए है लेकिन हमें वहां कोई नहीं मिला। हमें डेढ़ साल से केवल आश्वासन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम बिल्डर को एक महीने पहले से मेल कर रहे हैं कि हमें मंदिर के लिए जगह दी जाए लेकिन उस तरफ से कोई उत्तर नहीं आया। प्रकाश श्रीवास्तव का कहना है कि दो दिन पहले हमने वीर बजरंगबली की मूर्ति पार्क के एक कोने में रखी है। जिसके बाद से ही बिल्डर के बाउंसर हम लोगों को मूर्ति हटाने की धमकी दे रहे हैं। हम दो दिन से मूर्ति की रखवाली करने के लिए यहीं है। हमें बोला गया कि वो हमसे मिलेंगे लेकिन हमसे मिलने के लिए अब तक कोई भी नहीं आया।

सार-समाचार

यूनिफाइड फुटबॉल चैंपियन संपन्न

समय जगत, भोपाल। स्पेशल ओलंपिक्स मध्यप्रदेश द्वारा ई एस पी एन और बी एस एस एस महाविद्यालय भोपाल के सहयोग से दिनांक 29 मार्च 2025 को 65 प्रशिक्षको का प्रशिक्षण एहतेशाम उद्दीन खेल निर्देशक एस ओ भारत मध्यप्रदेश एवं भूपेंद्र भट्ट,प्रियंका जोनवाल द्वारा दिया गया। दिनांक 30 मार्च 2025 को 2650मानसिक दिव्यांग खिलाड़ियों तथा 125 कोचेस /ऑफिशल/विशेष शिक्षक के साथ प्रातः 09 बजे से बी एस एस एस महाविद्यालय परिसर में फुटबॉल की यूनिफाइड चैंपियनशिप का सफल आयोजन किया गया। उक्त चयन शिविर में मुख्यातिथि डॉ महेश गुप्ता, अतिथि विशाल सेंगर विभागाध्यक्ष खेल एवं शारीरिक शिक्षा बी एस एस एस माहविधालय डॉ रितिका ,सद्दाम खान समाजसेवी, नितिन केलपुरे, माजरी काले भोपाल द्वारा उपस्थित होकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर उत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रतिभा श्रीवास्तव और आभार प्रदर्शन राजेन्द्र बारस्कर सह खेल निदेशक स्पेशल ओलंपिक मध्यप्रदेश ने किया ।

शासकीय विद्यालय मोरखा में मनाया गया प्रवेशोत्सव

समय जगत, भोपाल। प्रदेश के अन्य क्षेत्रों की तरह बैतूल जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोरखा में भी प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमें नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया गया। जिसमें ग्राम के जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चों को संबोधित भी किया गया। कार्यक्रम में कालू सिंह ठाकुर, बंटी ठाकुर, पूर्व सरपंच केएस सरोज, ग्राम के मगन सिंह तुरिया, रामेश्वर पटेल, जीतू सोनी आदि ने उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में केजी1 एवं केजी2 के बच्चों के प्रवेशोत्सव का आयोजन प्राचार्य श्रीमती अर्चना डोंगरे व सीएसी श्री वाघमारे के नेतृत्व में शिक्षिका श्रीमती राजश्री रघुवंशी द्वारा किया गया। जिसमें शिक्षिका श्रीमती बीना शिवुदे, शिक्षक ओमप्रकाश तुरिया एवं मदन वीक द्वारा विशेष सहयोग दिया गया।

सौंदर्य, प्रतिभा और सशक्तिकरण का दिखाई दिया अद्भुत संगम

समय जगत, भोपाल। भोपाल में एक भव्य और अविस्मरणीय आयोजन श्रृंगार 2.0 का आयोजन हुआ, जया इसरानी और ज्योति इसरानी द्वारा आयोजित और अपना भोपाल द्वारा पावर्ड इस शानदार शो को एरीना ग्रुप के बैनर तले प्रस्तुत किया गया। इस शो ने अपने ग्लैमर, रचनात्मकता और प्रेरणा के अनोखे संगम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह एक ऐसा आयोजन था जिसने न केवल सौंदर्य और फैशन को प्रदर्शित किया, बल्कि प्रतिभा, आत्मविश्वास और सशक्तिकरण को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इस कार्यक्रम की सबसे खास बात थी विशेष बच्चों की अद्भुत प्रस्तुतियां, जिन्होंने अपनी अनूठी प्रतिभा और जोश से पूरे माहौल को भावनात्मक और प्रेरणादायक बना दिया। इसके साथ ही, महिला सशक्तिकरण पर भी विशेष ध्यान दिया गया, जहां महिलाओं की हिम्मत, सफलता और आत्मनिर्भरता को मनाया और सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवेणा द्वारा एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं पर उपयोगी जानकारी दी गई। इस भव्य आयोजन में लोकप्रिय सेलिब्रिटी अभिनेत्री विंध्य तिवारी ने अपनी उपस्थिति से चार चांद लगा दिए। इसके अलावा, इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध पत्रकार, फैशन डिजाइनर, मॉडल, मेकअप आर्टिस्ट और युवाओं ने भी शिरकत की, जो फैशन और सौंदर्य उद्योग में अपना करियर बनाने के इच्छुक हैं।

प्राचार्य डॉ पांडेय ने विकास एवं नेतृत्व भावना के बताये गुर

समय जगत, मैहर। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैहर में राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय शिविर के तृतीय दिवस बौद्धिक चर्चा में जनभागीदारी अध्यक्ष संतोष पाण्डेय (राजा भैया) ने स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दी और आपके द्वारा शिविर की दिनचर्या की सराहना की गई । उचेहरा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनुराग वर्धन पाण्डेय द्वारा शिविर के लाभ के बारे में और स्वयंसेवकों का कैसे व्यक्तित्व विकास एवं नेतृत्व की भावना का विकास होता है के विषय में चर्चा की गई। संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ ममता गुप्ता द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा और सेवा भाव की जानकारी दी। समाजसेविका श्रीमती शशी मिश्रा ने भारतीय संस्कृति में चैत्र के नव वर्ष को भारतीय कृषि व्यवस्था से सम्बन्ध बताया। शिविर में बैंक प्रबंधक कैलाश चौरसिया, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर प्रदीप सिंह , जिला परियोजना अधिकारी अखिलेश दीपांकर, योगा शिक्षक सुनील अहिरवार आदि उपस्थित रहे। शिविर के चतुर्थ दिवस क्रीड़ा अधिकारी डॉ सुनील मुंडेर द्वारा व्यक्तित्व के विषय में व्याख्यान दिया । इसके पश्चात् ग्रंथपाल शैलेश सिंह ने विद्यार्थी जीवन में पुस्तकों को मित्र के रुप परिभाषित किया। कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस डॉ सुरेन्द्र ताम्रकार, डॉ डी पी प्रजापति, डॉ त्रिपुरेश पाठक, श्री तारा चंद्र यादव उपस्थित रहे । शिविर को कार्यक्रम अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव और डॉ गुंजा पवार के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है।

बिजली कटौती पर विधानसभा में चर्चा कराने की उठी मांग

नई दिल्ली। दिल्ली में रोज लग रहे पावर कट को लेकर आम आदमी पार्टी लगातार भाजपा सरकार को घेर रही है। अब आम आदमी पार्टी विधानसभा में भाजपा को घेरने की तैयारी कर रही है। दिल्ली में बढ़ती हुई बिजली कटौती पर आम आदमी पार्टी के दो विधायक संजीव झा और कुलदीप कुमार ने विधानसभा में नोटिस दिया है। आज आप का विधायक दल इस मुद्दे पर चर्चा की मांग करेगा। एक दिन पहले नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि भाजपा को सरकार नहीं चलाने आती है। उनकी सरकार आते ही दिल्ली में घंटों बिजली जाने लगी है। ऐसा पहले 10 साल पहले हुआ करता था। उन्होंने कहा कि आप सरकार में दिल्ली की बिजली व्यवस्था बेहतर थी। उन्होंने कहा कि लोगों को फिर से इनवर्टर लगाने पड़ सकते हैं। दिल्ली में 10 साल पहले तक हर घर में इनवर्टर हुआ करते थे। इससे पहले 2014 की गर्मियों में आखिरी बार दिल्लीवालों ने 6 से 8 घंटे तक बिजली गायब देखी थी। दिल्ली में फरवरी 2015 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी

तो अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री बनकर दिल्ली में पावर सप्लाई को बेहतर बनाया। दिल्ली देश का इकलौता राज्य बन गया जो बिना पावर कट के 24 घंटे बिजली देता रहा है। आगे कहा कि यह केंद्र सरकार के आंकड़े बता रहे हैं। तीन फरवरी 2025 को केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा राज्यसभा में पेश नाटा बताता है कि दिल्ली में 24 घंटे बिजली आती है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार देश में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर दिल्ली की बिजली वितरण कंपनियां हैं, जो 24 घंटे बिजली देती हैं। आतिशी ने कहा कि दिल्ली के लोग लगातार शिकायत कर रहे हैं। उसकी शिकायत के अनुसार यूनिवर्सिटी में 5 घंटे, किरा?ी में 3 घंटे, रोहिणी सेक्टर 22 में 6-8 घंटे, तिलक नगर में 8 घंटे, बुरा?ी में 4 घंटे, जगतपुर गांव में 8 घंटे, राजपुर खुर्द में 7 घंटे, करावल नगर में 2 घंटे का पावर कट हो रहा है।

लॉकडाउन में ठप हुआ काम तो साइबर ठगों को बेच दिया कंपनी का खाता

साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की टीम ने कानपुर निवासी संयम को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। लॉकडाउन में फर्म का काम ठप हुआ तो कानपुर के व्यापारी ने अपनी कंपनी का चालू खाता साइबर ठगों को बेच दिया। साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए कानपुर निवासी संयम (35) को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में इन्होंने कबूल किया कि इनकी एस डी एंड कंपनी नाम से फर्म है। लॉकडाउन में पर्दे व अन्य का काम ठप होने के चलते कुछ रुपयों के कमीशन के लालच में आरोपियों को खाता बेच दिया था। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी के खाते में ठगी के 3 लाख रुपये आए थे। पूछताछ के लिए इसे 3 दिन के रिमांड पर लिया गया है। टेलीग्राम पर प्रीपेड टास्क के

बहाने 21 लाख रुपये की ठगी की एक एफआईआर साइबर क्राइम थाना सेंट्रल में दर्ज हुई थी। सेक्टर-87 निवासी महिला ने शिकायत में बताया कि व्हाट्सएप पर अंजान नंबर से मैसेज आया। जिसमें यू-ट्यूब वीडियो लाइक व सब्सक्राइब करने का टास्क पूरा कर घर बैठे कमाई का ऑफर दिया गया। कुछ टास्क पूरे करने पर महिला को रुपये भी ट्रांसफर किए गए। बाद में टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर कहा कि प्रीपेड टास्क के तहत आपको कुछ रुपये जमा करने होंगे। ये शेयर बाजार में निवेश किए जाएंगे। जो मुनाफे के साथ वापस मिलेंगे। लेकिन रुपये जमा कराने के बाद रिफंड नहीं दिया गया। अब मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

एयरफोर्स से सेवानिवृत्त अधिकारी को डिजिटल अरेस्ट कर 2.50 लाख रुपये की ठगी

मनी लॉन्ड्रिंग में फंसाने का डर दिखाकर जालसाजों ने ट्रांसफर कराई राशि

गुरुग्राम। साइबर अपराध थाना पश्चिम क्षेत्र में जालसाजों ने एयरफोर्स से सेवानिवृत्त अधिकारी को डिजिटल अरेस्ट करके 2.50 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया है। पीड़ित को मनी लॉन्ड्रिंग में फंसाने का डर दिखाकर जालसाजों ने यह राशि ट्रांसफर कराई है। इसके बाद भी जालसाज तीन लाख रुपये मांग रहे थे, लेकिन पीड़ित ने रुपये देने से मना कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-21डी निवासी पुरुषोत्तम दास (74) ने बताया कि वह एयरफोर्स से सेवानिवृत्त हैं। पुलिस को दी शिकायत में पुरुषोत्तम दास ने बताया कि 20 मार्च को अज्ञात नंबर से उनके व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल आई थी। वीडियो

कॉल में कोलाबा पुलिस स्टेशन मुंबई लिखा हुआ था। कॉल के दौरान दूसरी साइड से पुलिस अधिकारी ने बताया कि आपके आधार कार्ड का प्रयोग करके किसी गोयल नाम के व्यक्ति ने मुंबई में अकाउंट खुलवा रखा है और इस अकाउंट को मनी लॉन्ड्रिंग में प्रयोग किया जा रहा है। इस मामले में पुरुषोत्तम दास के ऊपर मामला दर्ज है। इस मामले में आपकी बेल ऐप्लिकेशन लगी हुई है। अगर आप इस मामले को सेटल करना चाहते हो तो 2.50 लाख रुपये देने होंगे, नहीं तो पुलिस द्वारा आपको अरेस्ट कर लिया जाएगा। जालसाजों की बातों में आकर डर की वजह से पुरुषोत्तम दास ने अपने बैंक खाते से उनके बताए गए अकाउंट में एक बार में 2.50 लाख रुपये आरटीजीएस करवा दिए। इसके बाद अगले तीन-चार दिनों तक जालसाज उनको बार-बार व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल करते रहे और तीन लाख रुपये भेजने का दबाव बनाते रहे। साइबर ठगी का शक होने पर पुरुषोत्तम दास ने रुपये ट्रांसफर करने से मना कर दिया। उन्होंने इसकी शिकायत साइबर पोर्टल पर दी है।

शेयर बाजार में निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर ठगे 6.60 लाख रुपये

साइबर थाना सेंट्रल की पुलिस मामला दर्जकर जांच में जुटी

फरीदाबाद। शेयर बाजार में निवेश करने पर मुनाफे का झांसा देकर एक व्यक्ति से 6.60 लाख रुपये ठग लिए गए। पीड़ित विपिन सिंह का कहना है कि व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर उन्हें शेयर बाजार में निवेश की ट्रेनिंग व टिप्स दिए गए। भारतीय, यूएस व हांग-कांग बाजार में निवेश के नाम पर रुपये जमा करा लिए, लेकिन रिफंड नहीं करने दिया गया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। ठगी को लेकर पुलिस को ये शिकायत कृष्णा कॉलोनी के रहने वाले विपिन सिंह ने दी है। इनका कहना है कि 8 जनवरी 2025 को इन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में हरि सिंह ने जोड़ दिया। वहां पर वो शेयर बाजार में निवेश करने की जानकारी देते थे। लगभग 1 महीने तक चली ट्रेनिंग के बाद हरि सिंह ने 500 प्रतिशत मुनाफा दिलवाने का दावा किया। फिर एप के बारे में बताकर कहा कि इस पर खाता बनाकर आप भारतीय, यूएस व हांग-कांग के शेयर बाजार में निवेश कर सकोगे। लगभग एक सप्ताह तक उसकी टिप्स फॉलो की तो पाया कि टिप्स सही

थी। जिसके बाद 18 फरवरी को 50 हजार, 24 फरवरी को 2.30 लाख रुपये और 2 मार्च को 3.80 लाख रुपये निवेश कर दिए। इस तरह कुल 6.60 लाख रुपये निवेश कर दिए। जिस पर काफी मुनाफा होना भी बताया गया। लेकिन रिफंड करने लगे तो टैक्स के रुपये मांगने लगे। बाद में ब्लॉक कर दिया। ग्रुप में मौजूद कई लोगों को कॉल व मैसेज किए लेकिन सभी ने ब्लॉक कर दिया। ठगी का अहसास हुआ और शिकायत साइबर हेल्पलाइन पर दर्ज कराई गई। मामले में अब साइबर क्राइम थाना सेंट्रल की पुलिस ने ठगी की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

मैहर में प्रवेशोत्सव का किया गया भव्य आयोजन

समय जगत, मैहर। 1 अप्रैल को पी.एम. श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मैहर में प्रवेश उत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने छात्राओं का तिलक एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और उत्कृष्ट छात्राओं को मेडल से सम्मानित किया। साथ ही, सभी नव प्रवेशी छात्राओं को पुस्तकें वितरित की गईं। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, कलेक्टर रानी बाटड़, नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी, सहित कई जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।